e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 10, अंक 195

# प्रभात मंत्र

मंगलवार

18.07.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

जिन्दगी में कठिनाइयाँ हमें सही रास्ता दिखा जाती हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 28°

न्युनतम 22°

## क्विक न्यूज

### सड़क हादसे में तीन की मौत, दो घायल

**हरिद्वार :** सड़क हादसे में एक मासूम बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा दिल्ली-मंगलौर राजमार्ग पर गुड मंडी के समीप हुआ। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में गुड मंडी के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने दो बाइकों में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक बाइक पर सवार महिला सानो और उसके पुत्र जाहिद तथा 7 वर्ष के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ग्राम तेलीवाला पाडली गुर्जर के निवासी थे, जो रिश्तेदारी में जा रहे थे।

### टेट पास अभ्यर्थियों की नियुक्ति के संबंध में राज्य सरकार छह सप्ताह में निर्णय ले : हाई कोर्ट

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने सोमवार को वर्ष 2016 में टेट पास अभ्यर्थियों की जिलावार मेरिट लिस्ट बनाने और उसी के आधार पर शिक्षक पद पर नियुक्ति करने के संबंध में दाखिल परिमल कुमार एवं अन्य की याचिका की सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि वह वर्ष 2016 में टेट पास अभ्यर्थियों के नियुक्ति के संबंध में छह सप्ताह में निर्णय ले। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया।

### चिराग पासवान हुए एनडीए में शामिल

**नई दिल्ली :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस बैठक के बाद चिराग पासवान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गए। मंगलवार को होने वाली एनडीए की बैठक में वे शामिल होंगे। इससे पहले चिराग पासवान ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की । यह बैठक करीब 15 मिनट तक चली। माना जा रहा है चिराग पासवान ने एनडीए में शामिल होने से पहले अपनी कुछ शर्तें रखी। इनमें पिछली लोक सभा चुनावों के जैसे इस बार भी चुनावों में छह सीटें और एक राज्यसभा सीट की मांग शामिल है। उल्लेखनीय है कि राम विलास पासवान के निधन के बाद लोक जनशक्ति पार्टी टूट गई। इस पार्टी के एक भाग पर चिराग पासवान के चाचा पशुपति पारस ने कब्जा जमा लिया, जिसे उन्होंने नाम दिया राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी। पशुपति पारस इस समय एनडीए का हिस्सा हैं और मंत्री भी हैं। उधर, चिराग पासवान पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि वे हाजीपुर सीट से चुनाव लड़ेंगे।

### भारतीय लोकतंत्र को कलंकित करना चाहती हैं भयावह ताकतें : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि खतरनाक मंसूबों वाली भयावह ताकतें भारत के संवैधानिक लोकतंत्र को कलंकित करना चाहती हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस)-2022 के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उनसे आग्रह किया कि वे देश की सेवा करते समय नवोन्वेषी बनें और लीक से हटकर सोचें और ऐसे प्रयासों को बेअसर करें। धनखड़ ने आईएफएस अधिकारी प्रशिक्षुओं से कहा कि कुछ स्थितियां ऐसी होती हैं जहां हमें बेहद जीवंत रहना चाहिए। हमारे संवैधानिक लोकतंत्र को कलंकित करने, विकृत करने और उसे खत्म करने की खतरनाक मंशा वाली भयावह ताकतें हैं। उन्होंने कहा कि आपको सूचना के तीव्र प्रसार में संलग्न होना होगा, हमें इन ताकतों को मार गिराना और बेअसर करना होगा और यह तब सफलतापूर्वक किया जाएगा जब आप इस समय जमीनी हकीकत को जानते हैं और इस देश के इतिहास और संस्कृति में अच्छी तरह से अंतर्निहित हैं।

हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का सीएम ने किया अनावरण

# सीएम हेमंत सोरेन ने पास द बॉल ट्रॉफी टूर अभियान को किया लॉन्च

*** चेन्नई की मेजबानी में 3 से 12 अगस्त तक एशियन हॉकी ट्रॉफी चैंपियनशिप का होगा आयोजन**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने तीन अगस्त से शुरू होने वाले हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी चेन्नई- 2023 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पास द बॉल ट्रॉफी टूर अभियान को लॉन्च करते हुए भारतीय हॉकी टीम को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त कि इस चैंपियनशिप में भारतीय हॉकी टीम बेहतर और शानदार खेल का प्रदर्शन करेगी।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड के खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार,हॉकी झारखंड के सीईओ रजनीश कुमार मौजूद थे।

### झारखंड की धरती से निकले हैं कई अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का हॉकी से गहरा नाता रहा है। खूंटी और सिमडेगा जैसे जिलों के गांव -गांव में हॉकी बसती है। यहां के बच्चे- बच्चियों में बचपन से ही स्टिक पर मैजिक शुरू हो जाती है। ऐसा लगता कि हॉकी के बिना उनकी जिंदगी अधूरी सी है। इसी का नतीजा है कि यहां के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। यहां से कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं, जिन्होंने अपने खेल से झारखंड और देश का नाम रोशन किया है।

### चैंपियनशिप के प्रति उत्साह और आकर्षण बढ़ेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 की ट्रॉफी का देश के विभिन्न शहरों में भ्रमण कराया जाना एक बेहतरीन कदम है। इससे ना सिर्फ हॉकी खिलाड़ियों बल्कि खेल प्रेमियों के बीच भी चैंपियनशिप के प्रति आकर्षण और उत्साह का संचार होगा । इसके साथ आम लोगों में भी हॉकी की प्रति लगाव बढ़ेगा।




### भारत पहली बार कर रहा मेजबानी

ज्ञात हो कि एशियन हॉकी चैंपियनशिप का भारत पहली बार मेजबानी कर रहा है इसका आयोजन चेन्नई में 3 से 12 अगस्त तक हो रहा है। इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत समेत दक्षिण कोरिया, मलेशिया, जापान, पाकिस्तान और चीन की टीम मुख्य रूप से भाग ले रही है । ज्ञात हो कि भारत अब तक तीन बार एशियन हॉकी चैंपियनशिप का विजेता बना है। भारत ने वर्ष 2011, वर्ष 2016 और वर्ष 2018 में खिताब जीता था।

# देवघर में कावरियों का उमड़ा सैलाब



प्रभात मंत्र संवाददाता

**देवघर।** सावन के दूसरे सोमवार पर देवघर का श्रावणी मेला आस्था के रंगों से झूम रहा है। जलाभिषेक लिए अभी भी कांवड़ तीर्थयात्रियों की लंबी कतार लगी हुई है। मंगलवार से मलमास शुरू हो जाएगा। इस वजह से भी शिवभक्त जन-बच्चों के साथ बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। सुल्तानगंज से पैदल चले कांवड़ तीर्थयात्री रविवार शाम से ही यहां पहुंचने शुरू हो गए थे। रात चढ़ते-चढ़ते कांवड़ पथ पर शिवगंगा तक शिवभक्तों का तांता लग गया। कांवड़ पथ घुमावदार और तकरीबन 17 किलोमीटर दूर नंदन पहाड़ तक है। मंदिर परिसर में हर हर महादेव का उद्घोष हो रहा है। बाबा वैद्यनाथ मंदिर और कांवड़ पथ पर सुरक्षा का अभूतपूर्व इंतजाम किया गया है। मंदिर से आठ किलोमीटर दूर पंडाल लगाने के साथ बैरिकेडिंग की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में 8700 पुलिस अफसर और जवान तैनात हैं। देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसपी सुभाषचंद्र जाट ने मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी को सजग रहने का निर्देश दिया है।एसडीओ सह मंदिर प्रभारी दीपांकर चौधरी मेला परिसर का भ्रमण कर व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने सुबह से अब तक क्यू कॉम्प्लेक्स, फुट ओवरब्रिज, संस्कार भवन, उमा भवन आदि का कई बार निरीक्षण किया है।

**मंदिर परिसर में हर हर महादेव का उद्घोष हो रहा है। बाबा वैद्यनाथ मंदिर और कांवड़ पथ पर सुरक्षा का अभूतपूर्व इंतजाम किया गया है। मंदिर से आठ किलोमीटर दूर पंडाल लगाने के साथ बैरिकेडिंग की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में 8700 पुलिस अफसर और जवान तैनात हैं।**

# डायन बिसाही के आरोप में वृद्ध दंपति की हत्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत आमडीहा गांव में जान बिछाई के आरोप में वृद्ध दंपति की हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान कृत सिंह (70) तथा उनके पत्नी तुलसीमनी देवी (65) के रूप में हुई है ।

दोनों आमडीहा गांव के रहने वाले थे।जानकारी के अनुसार तुलसीमनी देवी को गांव के कुछ लोगों के द्वारा विगत चार वर्षों से डायन बिसाही का आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जा रहा था। पूर्व में भी कई बार इनके साथ मारपीट की घटना हुई थी। इधर रविवार की रात दोनों पति पत्नी अपने पुराने घर में सोए हुए थे। इसी दौरान देर रात अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से मारकर उनकी हत्या कर दी। सोमवार को जब वृद्ध दंपत्ति काफी देर तक घर से बाहर नहीं आए तो उनके परिजन उन्हें ढूंढते हुए पुराने घर पहुंचे। घर में देखा तो दोनों पति पत्नी मृत पड़े हुए थे। परिजनों के द्वारा हल्ला मचाए जाने के बाद आसपास के लोग वहां जमा हुए और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शव को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जल्द ही हत्यारे पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

अमन साहू गिरोह के अपराधियों ने एटीएस टीम पर किया हमला

# डीएसपी और दरोगा को मारी गोली

**जेल में बंद अपराधी अमन साहू गिरोह के अपराधी को पकड़ने गए एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार को अपराधियों ने गोली मार दी। घटना रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र स्थित तेरपा में हुई। जानकारी के मुताबिक एटीएस डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम अमन साहू गिरोह से जुड़े शूटर को गिरफ्तार करने गई थी। इस दौरान अपराधियों ने एटीएस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें नीरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रांची से रामगढ़ पहुंची एटीएस की टीम पर सोमवार की शाम अपराधियों ने हमला कर दिया। रामगढ़ के एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि अमन साहू गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए एटीएस की टीम रामगढ़ आई थी। उस टीम को पतरातू पुलिस की ओर से सहयोग किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान अमन साहू गिरोह के शूटर फायरिंग करने लगे। इस फायरिंग में एटीएस टीम के डीएसपी नीरज कुमार को गोली लगी। साथ ही पतरातू थाने में पदस्थापित दारोगा सोनू साहू को भी पैर में गोली लगी है। जेल में बंद अपराधी अमन साहू गिरोह के अपराधी को पकड़ने गए एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार को अपराधियों ने गोली मार दी। घटना रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र स्थित तेरपा में हुई।

जानकारी के मुताबिक एटीएस डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम अमन साहू गिरोह से जुड़े शूटर को गिरफ्तार करने गई थी। इस दौरान अपराधियों ने एटीएस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें नीरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि एटीएस को अमन साहू गिरोह के कुछ शूटर्स के पतरातू में होने का लोकेशन मिला था। इसके बाद डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में एटीएस की एक टीम पतरातू पहुंची थी। एटीएस की टीम ने शूटर को पकड़ लिया था। इतने में उसने फायरिंग कर दी। इसमें गोली डीएसपी नीरज कुमार को लगी है।

# एनडीए व यूपीए गठबंधन का शक्ति प्रदर्शन आज

*** एनडीए की बैठक में 38 व यूपीए की बैठक में शामिल होंगे 26 दल**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जहां एक और विपक्षी दल मंगलवार को बेंगलुरु में एकजुट हो रहे हैं, वहीं विपक्षी गठबंधन की बैठक के जवाब में दिल्ली के अशोका होटल में एनडीए भी एक बड़ी बैठक करेगी. जिसमें भाजपा सहित 38 दलों के नेता शामिल होंगे.पिछले महीने पटना में हुई विपक्षी एकता की बैठक को देखते हुए बीजेपी ने शिवसेना की तरह एनसीपी में सेंध लगाते हुए अजित पवार को अपने खेमे में मिलाकर महाराष्ट्र में एनडीए की ताकत बढ़ाई है. वहीं इसके अलावा चिराग पासवान, जीतनराम मांझी, ओम प्रकाश राजभर, उपेन्द्र कुशवाह से मनमुटाव को दूर कर एनडीए में शामिल कराकर एनडीए का कुनबा बढ़ाकर विपक्षी एकता को चुनौती को स्वीकार किया है.दरअसल संसद के मॉनसून सत्र से पहले 17 जुलाई और 18 जुलाई को विपक्षी दल अपनी एकता दिखाकर 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले देश में एंटी बीजेपी माहौल बनाना चाहते थे. लेकिन बीजेपी ने भी मोर्चा संभालते हुए 18 जुलाई को एनडीए की बैठक बुलाई है. इसके जरिए बीजेपी विपक्षी एकता को अपनी बढ़ती ताकत का अहसास कराएगी.यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि बीजेपी अभी तक अपने पुराने सहयोगी दल अकाली दल और टीडीपी को एनडीए में शामिल कराने के में सफल नहीं हो पाई है. बीजेपी और टीडीपी गठबंधन की चर्चा इसलिए भी है क्योंकि कुछ दिनों पहले चंद्रबाबू नायडू ने अमित शाह और जेपी नड्डा से मुलाकात की थी.पिछले सप्ताह सीएम जगन मोहन रेड्डी दिल्ली में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले थे. एनडीए के 30 दलों की सूची सामने आई थी। इस बीच भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि एनडीए की बैठक में 38 दल शामिल होंगे.बेंगलुरु में कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष की महाबैठक होनी है. इसमें कुल 26 राजनीतिक दल भाग लेंगे, जहां बीजेपी को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी.जानकारी के मुताबिक विपक्ष की बैठक में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए कॉमन मिनिमम प्रोग्राम, राज्यवार गठबंधन, सीट शेयरिंग के अलावा महागठबंधन के नए नाम पर चर्चा होगी.सभी दलों के साथ कॉर्डिनेशन के लिए एक संयोजक की नियुक्ति पर चर्चा होगी. इसके अलावा कॉमन मिनिमम प्रोग्राम समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए नेताओं का एक ग्रुप बनाने पर भी चर्चा होने की उम्मीद है।सूत्रों के मुताबिक, 2004 लोकसभा चुनाव के बाद जिस तरह की चेयरपर्सन सोनिया गांधी बनी थीं,उसी तरह नए महागठबंधन में भी सर्वसम्मति से ऐसी नियुक्ति हो.



# दिनेश गोप का सहयोगी नीलांबर गोप गिरफ्तार

**खूंटी :** खूंटी पुलिस ने गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्र में छापामारी कर पीएलएफआई के कुख्यात उग्रवादी और दिनेश गोप के खास सहयोगी नीलांबर गोप को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र से अवैध हथियार, एक देसी कट्टा, 38 जिंदा गोली , हथियार बनाने में प्रयोग होनेवाली लेथ मशीन, पीएलएफआई के पर्चे और चंदा रसीद और लेवी के रूप में वसूले गए एक लाख रुपये बरामद किये हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एसपी अमन कुमार को मिली सूचना के आलोक में उनके निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्रनीलांबर गोप को गिरफ्तार कर लिया।

# टिफिन बैठक में विधायक शशिभूषण मेहता ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ किया भोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भाजपा के चलाये जा रहे टिफिन बैठक सोमवार को पांकी थाना रोड बाबा मैरेज हॉल में आयोजित की गई! टिफिन बैठक शुरुवात सर्व प्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्याम प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने किया। जबकि संचालन मंडल महामंत्री श्यामनंदन ओझा ने किया। सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घर से टिफिन लेकर आये और एक साथ बैठकर भोजन किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि टिफिन बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि सभी कार्यकर्ताओं के साथ भोजन करने से सामाजिक समरसता का बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा। मौके पर महिला प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, जिला महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र उपाध्याय, भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, ने भी संबोधित किया! मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, निजी सचिव प्रो बचन ठाकुर,, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, चुनमुन पांडे, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, लोहरसी मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, सुनील प्रसाद गुप्ता, संतु सिंह, रंजय ठाकुर, मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, बिगू साव, आशीष सिन्हा, प्रसिद्ध सिंह, अजय उरांव,रौशन सिंह यशवंत कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन पर चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज-धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन से चोपन के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 218 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 24 हजार 470 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊर्जावान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर मध्यरात्रि लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

## विश्रामपुर पुलिस अपराधियों पर करें कड़ी कार्रवाई : किशोर



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद के कबाड़ी व्यवसाई प्रभु साव के दुकान पर अपराधियों द्वारा बम व गोली चालन की घटना पर गंभीर मामला है। इस पर विश्रामपुर पुलिस को कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। इस प्रकार का कृत्य कर अपराधी व्यवसाईयों में भय व्याप्त करना चाहते हैं, ताकि उनको रंगदारी की उगाही कर सकें। पुलिस की कानून सम्मत कठोर कार्रवाई से अपराधियों का मनोबल टूटेगा व व्यवसाई सुरक्षित रहेंगे। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने कहा। वे सोमवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर पुलिस को शीघ्र कठोर कार्रवाई करते हुए सभी अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए स्पीडी ट्रायल करा कर सजा भी दिलवाए। ताकि कोई अपराधी इस प्रकार के अपराधिक घटना को अंजाम देने से डरें। कहा कि अपराधियों को मनोबल इतना बढ़ गया है कि खुलेआम बम व गोली चालन की घटना को अंजाम दे रहे हैं। वहीं सभ्य समाज से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आगे आकर के पुलिस को सहयोग करें व अपराधियों को चिन्हित भी करवाएं।

## बाबूलाल मरांडी को भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष बना कर भुल की है : ईश्वरी चौधरी



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी एक सोची-समझी साजिश के तहत झारखंड राज्य को बर्बाद करना चाहती है। बाबूलाल मरांडी तत्कालीन मुख्यमंत्री रहते हुए झारखंड के सभी समुदायों को अपनी राजनीति चमकाने के लिए डोमिसाइल की आग में झोंक दिया था, जिससे सभी वर्गो के छात्र छात्राओं को कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। इसे पूरे राज्य के लोग जानते हैं। उक्त बातें कांग्रेस सेवा दल के जिला मुख्य संगठक सह प्रखंड बीस सूत्री के उपाध्यक्ष ईश्वरी चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। उन्होंने कहा है कि ये वही बाबूलाल है जो कभी कसमें खाते थे -मैं मर जाऊंगा लेकिन भाजपा में नहीं जाऊंगा, लेकिन पद और कुर्सी की लालच ऐसी होती है की इंसान को कहां से कहां पहुंचने व घुटने टेकने पर मजबूर कर देती है. बाबूलाल मरांडी की मनसा को कांग्रेस पार्टी कभी सफल नहीं होने देगी .जो राज्य को ठीक ढंग से नही चला सके, इनके साथी लोग ही इनकी सरकार गिरा दिये। उन्होंने कहा है कि राज्य में इनसे नाकाम व्यक्ति कोई हो ही नहीं सकता .झारखंड राज्य के विकास के लिए कांग्रेस पार्टी संकल्पित है और भविष्य में भी झारखंड राज्य के छात्र-छात्राओं ,गरीब किसान मजदूरों के साथ पूरी मजबूती के साथ कांग्रेस पार्टी खड़ी है।

### पासवान टोले के लोगों ने रास्ते के लिए सीओ और एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

# विकास से वंचित पासवान टोले के लोगों तक रास्ता पंहुचाना सरकार और अधिकारियों का फर्ज : अरविन्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर बस स्टैंड स्थित पासवान जिनके पुरखों की ज़मीन पर छतरपुर का अमण्डलीय अस्पताल आबाद है आज उनके परिजन एक अदद रास्ता को तरस रहे हैं। यह मामला छतरपुर नगर पंचायत के बस स्टैंड स्थित पासवान टोले की है जिनकी बेटियों की डोली रास्तेके अभाव में उनके दरवाज़े तक नहीं पंहुचती, उनके पूर्वजों ने अस्पताल के लिये ज़मीन तो दे दी लेकिन अब आलम ये है की शादियों में उनके घर तक उनकी बेटियों की डोली नहीं पंहुचती। टोले के लोगो ने रास्ता निकालने के लिए इसका लिखित हस्ताक्षर युक्त आवेदन छतरपुर के सीओ, एसडीओ, चिकित्सा प्रभारी, नगर के कार्यपालक अधिकारी को दी है। टोले के लोगों के द्वारा इसकी सूचना मिलने के बाद नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता ने उनकी मांगों को जायज ठहराया और कहा कि उनके घरों तक बेटियों की डोलियां जाने के लिए रास्ता मिलना उनका अधिकार है जो कोई छीन नहीं सकता। वहीं राजकुमार पासवान ने कहा कि रास्ता बंद कर उन्हें घरों में कैद करने की तैयारी में है प्रशासन। वहीं एक महिला राधा देवी ने कहा है कि उनके पूर्वजों की ज़मीन पर अस्पताल बना है और रास्ता मिलना उनका अधिकार है। आवेदन देने के बाद सीओ ने अमीन को निर्देशित करते हुए बताया कि नापी करा कर उनके लिए वे रास्ता निकालने की कोशिश करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी अरविन्द गुप्ता चुनमुन, राजकुमार पासवान, राहुल पासवान, राधा देवी, प्रभा देवी, बिन्दा देवी, संतोष पासवान, शिवनाथ पासवान, कविता देवी, सरिता देवी, बिनोद पासवान, मीरा देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# लाभुकों ने राशन कम मिलने की शिकायत किया एमओ सह बीडीओ से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** पंडरिया पंचायत के सरैया गांव के दर्जनों लाभुकों ने जनवितरण प्रणाली दुकानदार पर राशन गबन करने व कम राशन देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया.लाभुको ने आपूर्ति पदाधिकारी सह वीडीओ जयपाल महतो को आवेदन देकर स्वर्णलता महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष धनवंती देवी पर कार्रवाई करने की मांग के साथ दुसरे दुकानदार से राशन दिलवाने की मांग की है। सरैया के लाभुक चंपा देवी, संगीता देवी, शारदा देवी, चंद्रावती देवी, ममता देवी, बिगन साह, पदमा देवी, नागेंद्र शाह, प्रेमी देवी, तारकेश्वर साह सहित दर्जनों लाभुकों ने स्वर्ण लता महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष धनवंती देवी पति सुरेंद्र शाह पर आरोप लगाया है । लाभुकों ने कहा जुलाई महीने का राशन जब लेने गए तो दुकानदार के द्वारा प्रति काड धारी को 4द्मद्द राशन दिया जा रहा है। जिसे लेने से इनकार किया .पूछने पर राशन कम क्यों दे रहे हैं तो सुरेन्द्र साह के द्वारा कहा गया कि लेना है तो लिजिए, नहीं तो जाइये। लाभुकों ने आरोप लगाया कि दिसंबर 22 व जनवरी 23 का भी राशन हमलोंगो को नहीं दिया गया है। लाभुकों को देने के बजाय डीलर के द्वारा राशन की कालाबाजारी कर दी गई है। इतना ही नहीं राशन लेने के बाद पर्चा भी नहीं दिया जाता है। समूह के अध्यक्ष धन्वंतरी देवी के पति सुरेंद्र शाह ने बताया कि दिसंबर 22 व जनवरी 23 का राशन मिला ही नहीं है जो अंडर प्रोसेस में है साथ ही जून महीने का राशन कट गया है। 16.72 क्विंटल के जगह 4.32 क्विंटल चावल तथा 4.26 क्विंटल गेहूं की जगह 8 किलो मिला है। हमारे यहां 107 लाभुक है जिसमें, 4-4 किलो दे रहे हैं। जुलाई का राशन निर्धारित मात्रा के अनुसार वितरण कर दिए हैं।

## बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 180 से 224 तक कुल 25 मतदान केंद्रों के बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने सभी बीएलओ को आगामी 21 जुलाई से डोर टू डोर जाकर बीएलओ रजिस्टर के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घर पर स्टीकर चिपकाते हुये अगले भ्रमण की तिथि भी अंकित करेंगे.उन्होंने कहा कि आपके कार्यों का पर्यवेक्षण बीएलओ पर्यवेक्षक द्वारा किया जायेगा। इस दौरान सभी योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु फॉर्म 6 प्राप्त करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर मुखलाल उरांव, बीएलओ पर्यवेक्षक प्रशांत कुमार, उत्तम रंजन, पंचायत सचिव अमन केशरी, सीमा कुमारी, बीएलओ रेखा देवी, रंजना देवी, कांति देवी, ममता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# फरार आरोपित के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बोड़ी गांव के नूर आलम अंसारी, फयाज अंसारी, रेयाज अंसारी व नसीम अंसारी के घर पर पुलिस ने न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को चिपकाया। चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे ने बताया कि नूर आलम अंसारी, फयाज अंसारी व रेयाज अंसारी के खिलाफ 2015 में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने बताया कि इश्तेहार चिपकाने की प्रक्रिया गांव के वार्ड सदस्य सह उपमुखिया व अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में की गई। कोर्ट के आदेश पर इनके घर पर इश्तेहार चिपकाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा बताया गया कि यदि एक माह के अंदर आरोपित खुद को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण नही करता है, तो उसके अचल संपत्ति को कुर्क किया जाएगा। जबकि नसीम अंसारी पर दहेज को लेकर मारपीट कर घर से भागने का मामला दर्ज था। इसके बाद से ही वह फरार चल रहा है। बताया गया यदि आरोपित एक माह के अंदर आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो करवाई की जाएगी।

## ग्रामीणों ने समाहरणालय का किया घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखण्ड क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण अपनी अपनी समस्याओं को लेकर मेदिनीनगर मुख्यालय स्थित समाहरणालय का किया घेराव। वही समस्याओं को लेकर पलामू उपायुक्त ए दोड्डे और उप विकास आयुक्त रवि आनन्द से की मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। आपको बता चैनपुर प्रखण्ड के कंकारी, महूगाँवा समेत कई पंचायत के ग्रामीणों ने आवास, राशन, जमीन सम्बंधित कार्य समेत अन्य समस्याओं को लेकर समाहरणालय के समक्ष धरना दिया। वही ग्रामीणों ने बताया वे अपनी समस्याओं को लेकर चैनपुर प्रखण्ड के अधिकारी बीडीओ और सीओ के पास जाते है तो उनको कहा जाता है कि किसी ओर से मिल लीजियेगा। ग्रामीणों का कहना है कि चैनपुर प्रखण्ड में अधिकारियों के द्वारा दलाल रखे गए है जो किसी भी काम कराने को लेकर पैसा मांगते है यहां तक कि कार्यालय के ऑपरेटर भी जाति, आवसीय छोड़ने का भी पैसा मांगते है और पैसा नही देने पर उनका काम नही होता है। यही सब समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने समाहरणालय के समक्ष घेराव किया व धरना दिया।

## पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास मुखिया सुनीता देवी ने नारियल फोड़कर किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कोलझीकी पंचायत अंतर्गत कोइन्दी ग्राम में मुख्य पथ से संतार यादव के खेत तक 15वें वित्त मद की राशि एक लाख निन्यानबे हजार की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास मुखिया सुनीता देवी ने नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि गाँव की सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है. इस सड़क के बन जाने से सड़क पर चलने वाले ग्रामीणों को सुविधा होगी। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण हम सभी ग्रामीणों को बरसात के दिनों में पैदल चलने में काफी परेशानी हो रही थी। अब इस सड़क के बन जाने से हमारी समस्या दूर हुई. ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया सुनीता देवी को सड़क निर्माण कराने के लिये धन्यवाद दिया। मौके पर बशारत अंसारी, सद्दाम अंसारी, संतार यादव, द्वारिका भुइंया, सफदर अली, रहमत अली, नुरेमोजशम, औरंजेब अंसारी, महबूब अंसारी, सुरेश चंद्रवंशी, विनय भुइंया, बिशुन सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विश्रामपुर के प्रज्ञा केंद्र में बनेगा आधार कार्ड, लोगों को अब अन्यत्र भटकने की नहीं है जरूरत

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आधार कार्ड बनाने का कार्य विश्रामपुर प्रज्ञा केंद्र में शुरू हो गया है। अब स्थानीय लोगों को आधार कार्ड बनाने को लेकर अब कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। कल तक लोग आधार कार्ड के लिए प्रखंड मुख्यालय, जिला मुख्यालय व बैंकों की दौड़ लगा रहे थे। लेकिन विश्रामपुर जनता हाई स्कूल के ठीक सामने अनिल कुमार गुप्ता के प्रज्ञा केंद्र में समुचित सुविधा उपलब्ध हो गई है। इसकी जानकारी देते हुए प्रज्ञा केंद्र संचालक अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि आधार कार्ड बनाने से लेकर पैन कार्ड,आय, जाति, राशन कार्ड, जमीन की म्यूटेशन, जमीन की ऑनलाइन आदि कार्यों को लेकर आवेदन किया जाता है। वहीं जमीन की रसीद काटने का भी किया जा रहा है। सभी तरह के सरकारी कार्य किए जाते हैं लोगों को कहीं अन्यत्र भटकने की जरूरत नहीं है। बताया कि आधार कार्ड बनाने का प्रखंड क्षेत्र में एकमात्र यह प्रज्ञा केंद्र है। सभी कार्य सरकारी दर पर किए जाते हैं।

# सिराज अहमद के हत्यारे की गिरफ्तारी को लेकर तीन दिवसीय कलम बंद हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** सिराज अहमद के हत्यारे की गिरफ्तारी हेतु तीन दिवसीय कलम बंद हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन सोमवार को समाहरणालय गढ़वा, में आयोजित किया गया। आयोजित हड़ताल में बरडीहा ब्लॉक के प्रखंड समन्वयक भी शामिल हुए। इस धरना में बरडीहा प्रखंड के प्रखंड समन्वयक रशीद अंसारी पंचायती राज विभाग से भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अनुबंध कर्मचारी संघ इकाई गढ़वा के द्वारा आज तीन दिवसीय कलम बंद हड़ताल के पहले दिन धरना दिया गया है।उन्होंने कहा कि 14 जुलाई को सिराज अहमद प्रखंड समन्वयक पदस्थापित प्रखंड भवनाथपुर से घर आने के क्रम में अपराधियों द्वारा तुलसी दामार घाटी में निर्मम हत्या कर दिया गया था। जिसका विरोध करते हुए अनुबंध कर्मचारी संगठनों ने तीन दिवसीय हड़ताल करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि संघ के द्वारा एक लिखित मांग पत्र शनिवार को उपायुक्त महोदय एवं उप विकास आयुक्त महोदय गढ़वा को दिया गया। परंतु अभी तक अपराधियों की कोई गिरफ्तारी नहीं हुई हैं जो कि खेद का विषय है।जब तक अपराधियों के गिरफ्तारी नहीं होती है तब तक हम सभी अनुबंध कर्मी गढ़वा जिला हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान सभी कर्मियों द्वारा मांग की गई की सिराज अहमद की हत्या करने वाले अपराधियों की 2 दिनों के अंदर गिरफ्तारी की जाए। इसके साथ ही सिराज अहमद के आश्रितों को भरण-पोषण हेतु ?20 लाख रुपये की राशि दी जाए। सभी अनुबंध कर्मियों को गृह प्रखंड, विशेष परिस्थिति में अनुमंडल स्तर पदस्थापन किया जाए। सभी अनुबंध पर कार्यरत क्षेत्रीय कर्मियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए।

# सीबीएसई पटना प्रक्षेत्र के अवर सचिव ने रोटरी स्कूल का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** सी.बी.एस.ई. 2023 की पूरक परीक्षा सोमवार से प्रारंभ हुई। रोटरी स्कूल चैनपुर में गुमला, लोहरदगा, लातेहार , गढ़वा, पलामू जिले के 19 विद्यालयों के कुल 200 परीक्षार्थियों के लिए केंद्र बनाया गया है द्ध सोमवार को 73 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 14 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे , माध्यमिक के 50 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे द्ध परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त संपन्न हुई द्ध केंद्र के पर्यवेक्षक आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के प्राचार्य संजय खन्ना को बनाया गया है द्ध औपचारिक निरीक्षण में पटना प्रक्षेत्र के अवर सचिव जीतेन्द्र महाजन के साथ सिटी-कोऑर्डिनेटर एमके डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री जी.एन. खान भी थे द्ध विद्यालय के चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ तथा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया द्ध मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश कुमार पाण्डेय , उप ङ्क प्राचार्या रितुल मुस्कान , समन्वयक स्मिता सिंह , वरीय शिक्षक गौरी शंकर मिश्र , उमा कान्त मिश्र , एस.बी.पी. गुप्ता , आँचल कुमारी उपस्थित रहे। विद्यालय के चेयरमैन रो.अनुग्रह नारायण शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारियों का विद्यालय में आना हमारे लिए सौभाग्य की बात है द्ध विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सी.बी.एस.ई. द्वारा पूरक परीक्षा के लिए पहली बार रोटरी स्कूल को केंद्र बनाया गया है । उन्होंने यह भी कहा कि यहाँ प्रारम्भ से ही अधिकारी आते रहे हैं द्ध जो भी अधिकारी आये विद्यालय के विधि ङ्क व्यवस्था से काफी संतुष्ट रहे द्ध हमारा एक ही उद्देश्य है कि राज्य स्तर पर विद्यालय की गरिमा को प्रतिष्ठित करना द्ध इसके लिए हम विद्यालय में नई व्यवस्था देने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। शिक्षक / शिक्षिकाओं व अभिभावकों का अपेक्षित सहयोग मिलते रहता है द्ध आगंतुकों ने विद्यालय के विधि ङ्क व्यवस्था के प्रति काफी संतोष व्यक्त किया।

## सरईडीह बाजार से डगरा तक जानेवाली सड़क पहली बरसात में हुई जर्जर, जनप्रतिनिधि है मौन

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के सुदूरवरती प्रखंड नौड़ीहा बाजार के मुख्यालय से करीब 20-25 से किमी सरईडीह बाजार होते हुए डगरा तक जानेवाली सड़क के स्थिति पहली बरसात मे इतना जर्जर बन गई कि बाइक और सवारी गाडी जाने कि तो काफी दिक्कत है लेकिन लोग पैदल भी चलाना लोगों की काफी मकसत झेलना पड़ रहा है। लेकिन इस क्षेत्र के चाहे क्षेत्रीय विधायक जी हो या फिर जिला परिषद ने इस जर्जर सड़क के बारे मे कोई नजर नहीं पड़ रही है जबकि डगरा पंचायत आज के लगभग 20 वर्ष पूर्व अति अति नक्सली क्षेत्र माना जाता था,झारखंड सरकार के पहल पर वैसे नक्सली प्रभावित क्षेत्र मे पिकेट बनाया गया है और सीआरपीएफ के बटालियन के जवानों को मुस्तैद किया गया और आज अमन चैन के साथ ग्रामीणों ने काट रहे है। जबकी डगरा पिकेट तक जानेवाली सड़क इतना जर्जर बन हुआ कि लगभग बाइक सवार कम प्रतिदिन गिरते है। जबकी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत पास है और टेंडर भी हो गया है प्रसाशनिक के उदासीन रवैया के कारण आज तक काम नहीं लग सका।लेकिन इस क्षेत्र क विधायक ,जीप सदस्य इस मुद्दे पर कभी आवाज नहीं उठाये और न कभी भी प्रशासनिक अधिकारी को इस समस्या अवगत कराया कि सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरुवात कराया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### रातू में गोलीबारी करने वाले दो आरोपी हिरासत में

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र में दहशत फैलाने की नियत से गोलीबारी करने के आरोप में दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है और लगातार पूछताछ जारी है। बता दें कि 16 जुलाई की रात रातू थाना क्षेत्र के एक होटल के पास अज्ञात अपराधियों के द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी की गई थी, जिसकी गोली लगने से दो युवकों इलियाश, जब्बार अंसारी को लगी। दोनों को बेहतर उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों की स्थिति ठीक है । ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि 2 युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ,बहुत जल्द इस मामले का उद्भेदन किया जाएगा।

### भाजपा के संपर्क से समर्थन अभियान से कांग्रेस पार्टी घबरा गई है : आदित्य साहू

**रांची :** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा की बात आम जन के साथ पर तीखी प्रतिक्रिया दी। साहू ने कहा कि देश में भारत जोड़ो यात्रा की विफलता के बाद कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के कार्यक्रमों का अनुसरण किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संपर्क से समर्थन अभियान से कांग्रेस पार्टी घबरा गई है। इसलिए आम जनता से झूठ का पुलिंदा लेकर बात करना चाहती है। आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा के पास भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वाभिमानी, स्वावलंबी और विकसित भारत के निर्माण के कार्यक्रम और उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास का दृढ़ संकल्प है। 2047 के विकसित और विश्व गुरु भारत बनाने का रोड मैप है। इसलिए जनता भाजपा से जुड़ रही। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है।

## झारखण्ड सशस्त्र पुलिस 10 की महिला बैण्ड पार्टी को डीजीपी ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड सशस्त्र पुलिस 10 के महिला बैण्ड को पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक, झारखण्ड अजय सिंह द्वारा पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।ज्ञात हो कि झारखण्ड सशस्त्र पुलिस 10 के महिला बैण्ड के गठन की प्रक्रिया वर्ष-2006 से ही प्रारंभ की गयी थी। तत्पश्चात् इसकी नियुक्ति दो चरणों में वर्ष 2010 एवं वर्ष 2017 में की गयी। झारखण्ड सशस्त्र पुलिस 10 के महिला बैण्ड में एक अनि ( स ) छ हवलदार और 34 महिला बैण्ड आरक्षी कमान को संभाले हुए है। इस सम्मान समारोह के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड ने झारखण्ड सशस्त्र पुलिस 10 के महिला बैण्ड पार्टी की सराहना करते हुए कहा कि इन्होनें पूरे देश में झारखण्ड पुलिस का नाम रौशन किया है। इस महिला बैण्ड पार्टी ने आईटीबीपी के तत्वाधान में 23 वी



अखिल भारतीय पुलिस बैण्ड प्रतियोगिता 2022 2023 पंचकुला हरियाणा में 28.02.2023 से 04 मार्च 2023 तक आयोजित पाईप बैण्ड श्रेणी में पूरे देश में सर्वोच्च स्थान हासिल कर झारखण्ड पुलिस का परचम लहराया।पुलिस महानिदेशक ने विशेष रूप से उपस्थित पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक, रेजी डुंगडुंग को इसके लिए बधाई दी जिनके अथक प्रयास से झारखण्ड सशस्त्र पुलिस 10 में महिला बैण्ड का गठन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन ) झारखण्ड राँची ने पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड को झारखण्ड सशस्त्र पुलिस 10 के महिला बटालियन के द्वारा हस्तनिर्मित स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उसके उपरांत पुलिस महानिदेशक झारखंड के द्वारा पूर्व महानिदेशक, रेजी डुंगडुंग को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस उप महानिरीक्षक, जैप सुनिल भास्कर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।इस सम्मान समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रेजी डुंगडुंग, सेवानिवृत्त अपर पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड पुलिस, मुरारी लाल मीणा, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) संजय आनन्दराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान) प्रिया दुबे, अपर पुलिस महानिदेशक (आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण), अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार ) अमोल विनुकात होमकर पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) प्रभात कुमार पुलिस महानिरीक्षक (प्राविजन), अनेष्णु विजयालक्ष्मी पुलिस उप महानिरीक्षक (कार्मिक) सुनिल भास्कर पुलिस उप-महानिरीक्षक, (झासपु), डॉ0 शम्स तबरेज, पुलिस उप महानिरीक्षक (बजट), वाई0एस0रमेश, ( समादेष्टा झासपु 01 ) धनंजय कुमार सिंह (समादेष्टा, झा0स0पु0 10 ) एवं शैलेन्द्र वर्णवाल, ( समादेष्टा, झा0स0पु0-09) तथा पुलिस मुख्यालय के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चित्रांश आनन्द ने सीईईडी परीक्षा में प्राप्त किया 29 वां रैंक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड के एक और लाल ने सूबे का नाम रौशन किया है। रांची निवासी चित्रांश आनन्द सीईईडी परीक्षा में पूरे भारत में 29 वां रैंक लाकर आइआइटी, गुवाहाटी में एम-डेस की पढ़ाई के लिए चयनित हुए हैं। गौरतलब है कि चित्रांश आनन्द के पिता देवानंद सिन्हा रांची के वरिष्ठ पत्रकार (पब्लिक 24 के निदेशक) हैं एवं माता मधु सिन्हा भी पत्रकार हैं। चित्रांश की एक छोटी बहन श्वेता आनंद अमेजन में लिस्टिंग ऑफिसर के रूप में कार्यरत हैं। चित्रांश आनन्द की स्कूली शिक्षा दिल्ली में हुई, तत्पश्चात उन्होंने एनआइटी, हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) से बी-आर्क की पढ़ाई पूरी की। तत्पश्चात उन्होंने एम-डेस की पढ़ाई हेतु सीईईडी की परीक्षा दी, जिसमें उन्हें पूरे भारत में 29 वां स्थान प्राप्त हुआ और आइआइटी गुवाहाटी में चयनित हुए। चित्रांश आनन्द की इस



सफलता पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं,भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद डॉ.महुआ माजी, जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बादल पत्रलेख, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की,गौ आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू ,इंटक के संजीव सिन्हा,राजद नेता गौरीशंकर यादव, इंटक के रेशमा बेगम ने भी चित्रांश आनन्द को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा की बात, आम जनों के साथ अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा राज्य में चल रहे विकासात्मक कार्यों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

## ज्योर्तिलिंगम आध्यात्मिक दर्शन 16 दिवसीय मेले का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चौधरी बगान हरमू रोड रॉची एवं आर0 आर0 स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में सांई मंदिर (आर0आर0 स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा पूजा स्थान) रातू रोड में द्वादश ज्योर्तिलिंगम आध्यात्मिक दर्शन 16 दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डा. प्रदिप कुमार गुप्ता, प्रोफेसर,गॉसनर कॉलेज ने कहा एक ही यात्रा से 12 तीर्थयात्राओं के पुण्यफल की सहज प्राप्ति करने के लिए श्रावण के पावन महीने में दूर्गा मंदिर ( आर0आर0



स्पोर्टिंग क्लब) रातू रोड के इस अध्यात्मिक मेले में अवश्य आना चाहिए। शिव को मुक्तेश्वर और पापकटेश्वर कहा जाता है। सुमन सिहं, पुर्व अध्यक्ष, इनर व्हल क्लब, रॉची ने कहा श्रावण के महीने में विशेष रूप से सोमवार को शिव की पूजा की जाती है इसके पीछे का रहस्य यह है कि कलियुग के अंत में जब सभी नगुष्यात्मायें घोर अज्ञान में फंस कर दुखी हो जाते हैं तब परमात्मा धरती पर अवतरित हो ज्ञान रूपी सोम अथवा अमृत पिलाते हैं अर्थात ज्ञान की वर्षा करते है।

## 8 सूत्री मांगो को लेकर नगर आयुक्त को स्मार पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** जवाहर लाल नेहरू बस सेवा रांची नगर निगम के कर्मचारियों के 8 सूत्री मांगो को लेकर रांची नगर आयुक्त से एक प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर उन्हें स्मार पत्र सौंपा। अपनी जायज मांगो को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया।नगर आयुक्त ने आश्वासन देते हुए कहा की आप लोगो की सभी मांगे न्यायसंगत है । हम लोगो ने इसे सख्ती से लागू करने का निर्देश जारी किया है ।सभी लोगो को बैंको के माध्यम से वेतन भुगतान, बसों में भाड़ा चार्ट,महिला बस में महिला कंडक्टर,एवम कोई भी नोडल एजेंसी निविदा लेगी वे सभी पुराने कर्मचारियों की सेवा जारी रखेगी। प्रतिनिधि मंडल में सीपीआई के अजय सिंह झामुमो के महानगर के पूर्व प्रवक्ता जीत गुप्ता, यूनियन के नेता इम्तियाज अहमद खान नीरज सिंह सिमरन मिंज शामिल थी।

## अरगोड़ा पार्क की बंदोबस्ती प्रक्रिया रद्द करे नगर निगम: अजयनाथ शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व डिप्टी मेयर और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने रांची नगर निगम के प्रशासक को पत्र लिखकर अरगोड़ा मैदान की बंदोबस्ती प्रक्रिया रद्द करने की मांग की है। शाहदेव से अरगोड़ा के स्थानीय लोगों ने मिलकर बंदोबस्ती प्रक्रिया पर आक्रोश जताया है और इस प्रक्रिया पर रोक लगवाने का अनुरोध किया है। लोगों के आक्रोश पर सहमति जताते हुए शाहदेव ने कहा कि जनता का गुस्सा वाजिब है।पूरे अरगोड़ा क्षेत्र में एक ही मैदान है जहां स्थानीय लोग दशकों से मंडा पूजा,सरहुल,करमा पूजा,रावण दहन समारोह, क्रिसमस फेस्टिवल सहित अनेक सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों का



आयोजन करते आ रहे हैं। बाकी दिन स्थानीय युवा, बच्चे खेल गतिविधियों के लिए मैदान का प्रयोग करते हैं। शाहदेव ने कहा कि स्थानीय जनभावनाओं को समझे बुझे बिना मैदान को बंदोबस्ती की प्रक्रिया में डालना न्यायोचित नहीं है और साथ ही गैरजिम्मेदाराना रवैया है। मैं स्थानीय जनता की मांगों से सहमत हूं और नगर निगम प्रशासन से बंदोबस्ती प्रक्रिया रद्द कर पूर्व की भांति व्यवस्था रहने देने की मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि अरगोड़ा मैदान को पार्क की तरह विकसित भी नहीं किया गया है। यहां पर खेल के मैदान के साथ चारों ओर पाथवे बनाया गया है।जब बन रहा था उस वक्त निगम अधिकारियों ने स्थानीय जनता को मैदान का व्यवसायीकरण नहीं करने का आश्वासन भी दिया था।पर, अब नगर निगम ने बंदोबस्ती की सूचना का प्रकाशन अखबारों में विज्ञापन के रूप में किया है जिससे स्थानीय जनता काफी आक्रोशित है।

## बीमारी के कारण विष्णु अग्रवाल नहीं पहुंचे ईडी ऑफिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कारोबारी विष्णु अग्रवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वो ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे। जानकारी के मुताबिक बीमारी की वजह से विष्णू अग्रवाल ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हो पाये। जानकारी के अनुसार ईडी उन्हें फिर से समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलायेगी। ईडी ने विष्णु अग्रवाल को पुगडू की जमीन से जुड़े सारे दस्तावेज और की गयी पेमेंट का



ब्यौरा लेकर बुलाया था। इससे पहले भी विष्णु अग्रवाल पूछताछ के लिए दो बार ईडी ऑफिस में हाजिरी लगा चुके हैं। उन पर फर्जी दस्तावेज के आधार पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन खरीदने का आरोप है। बीते दिनों फर्जी दस्तावेज के आधार पर चेशायर होम रोड की जमीन बेचने के आरोप में राजेश राय और भरत प्रसाद गिरफ्तार हो चुके हैं। इस जमीन को बेचने के लिए इम्तियाज और भरत प्रसाद ने फर्जी मालिक राजेश राय से पावर ऑफ अटॉर्नी ली थी। इम्तियाज को सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है।

## कारोबारी प्रकाश चंद्र यादव के मामले में सरकार ने कोर्ट में दाखिल किया जवाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में सोमवार को राज्य सरकार की ओर से कंप्रिहेंसिव प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया गया, जिस पर याचिकाकर्ता ने इसका प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त निर्धारित की है।कारोबारी प्रकाश चंद्र यादव उर्फ मुंगेरी यादव की क्रिमिनल रिवीजन याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। प्रकाश चंद यादव ने साहिबगंज की निचली अदालत से डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अखौरी अविनाश कुमार ने पैरवी की।साहिबगंज यह मामला एक नदी घाट से दूसरे नदी घाट में बालू की ढुलाई विवाद से जुड़ा है। मामले को लेकर साहिबगंज मुफ्फसिल थाना में कांड संख्या 30/2022 दर्ज की गई थी। यह घटना 12 मार्च, 2022 की है, जब पानी का जहाज कोलकाता से मनिहारी की ओर जा रहा था। उसी दौरान पांच अज्ञात लोगों ने जहाज पर फायरिंग की। नीरज यादव को को इस घटना में गोली लगी थी। मामले की सूचना जहाज के कैप्टन सच्चिदानंद दास ने पुलिस को दी थी।

## नाबालिक लड़की से दुष्कर्म




**रांची :** डोरंडा थाना क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की से सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 से अधिक आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि नाबालिक दोस्तों संग पार्टी मनाकर घर लौट रही थी। इसी बीच दोस्तों और अन्य युवकों ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म किया है। जानकारी के अनुसार आरोपित भी नाबालिक बताये जा रहे हैं।

## बेंगलुरु की बैठक में शामिल होने वाले सभी नेता आरोपित हैं : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को ट्वीट करके बेंगलुरु में विपक्षी दलों की होने वाली बैठक पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लोकतंत्र बचाओ अभियान के नाम पर एक साथ बैठ रहे हैं। वास्तव में यह गर्दन बचाओ अभियान है। बैठक में शामिल होने वाले कांग्रेस, राजद, टीएमसी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आप और अन्य दलों के प्रमुख नेताओं को कटघरे में खड़ा किया है।मरांडी ने हमला बोलते हुए



कहा कि राहुल गांधी एक मामले में जमानत पर हैं। दूसरे में सजायाफ्ता हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड में लूटखंड के संस्थापक हैं। बेहिसाब जमीन जायदाद के मालिक हैं। जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। कभी भी जेल जा सकते हैं। राजद प्रमुख लालू यादव चारा घोटाले में सजायाफ्ता हैं। लैंड फॉर जॉब में चार्जशीटेड हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भतीजा शिक्षक भर्ती और कोयला घोटाले में जांच का सामना कर रहा है। मंत्री जेल में है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार के डिप्टी सीएम अरबों रुपये के शराब घोटाले में जेल में बंद हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के मंत्री मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में हैं। इससे दिखता है कि सब गर्दन बचाओ अभियान के लिए ही साथ बैठ रहे हैं।

## हाई वोल्टेज होने के कारण कई घरों के जले फ्रिज, पंखा व मोटर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के वार्ड 11 अंतर्गत कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला में 17 जुलाई 2023 को अहले सुबह करीब 4:00 से 4:30 के बीच अचानक हाई वोल्टेज बढ़ जाने से मोहल्ले के कई घरों के बल्ब, फ्रीज, पंखा, मोटर, मोबाइल चार्जर, इनवर्टर सहित कई अन्य सामग्री जो बिजली से उपयोग होता है उड़ गया और कुछ जल गया है। मोहल्ले वालों का कहना है कि करीब सभी घरों में जो बिजली के हाईवोल्टेज से जो नुकसान हुआ है यदि सभी को मिलकर जोड़ा जाए तो लाखों रुपया का नुकसान हुआ है,इसकी भरपाई कैसे होगी,इस तरह की जो घटना हुई इसका जिम्मेदार कौन है। मोहल्ले के कुछ लोगों का यह भी कहना है कि बिजली का हाईवोल्टेज वाला जो समस्या है होते ही रहता है, वहीं केवल भी छतिग्रस्त हो गया।

**क्या कहा बिजली विभाग के अधिकारी:** इस पूरे मामले की जानकारी बिजली विभाग के कांटा टोली एरिया के एसडीओ को दी गई तो उन्होंने 11:00 बजे बिजली मिस्त्री को भेजकर बिजली की वायर सहित जहां खराबी थी उसकी



मरम्मती करा दी।

**सीएमडी ने कहा :** बिजली विभाग के सीएमडी पीके श्रीवास्तव ने कहा कि यदि इस तरह का नुकसान हुआ है तो हम लोग इसकी जांच करवाते हैं कहां पर खामियां हैं, वहीं अगर केवल क्षतिग्रस्त हुआ है तो उसे बदल देना होगा।

**अधिवक्ता ने कहा:** वहीं अधिवक्ता एल एन महतो ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति लिखित तौर पर बिजली विभाग को यह सूचना देती है , कि बिजली के हाई वोल्टेज, 440 या फिर प्लस माइनस होने से या फिर किसी अन्य कारणों से बिजली से नुकसान यदि किसी को हुआ है तो वह इसकी लिखित शिकायत बिजली विभाग को दें। इस पर बिजली विभाग कोई उचित कार्रवाई नहीं करती है तो उसे पार्टी बनाकर उपभोक्ता फोरम में शिकायत कर सकते हैं, जिसमें पीड़ित को राहत मिलेगी।

## स्वागत शिविर लगाकर कांवरियों का किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हर साल की भांति इस साल भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता और शिव शक्ति क्लब की ओर से पवित्र सावन महीने के दूसरे रविवार को मेन रोड शहीद अल्बर्ट एक्का चौक, महावीर मंदिर के समीप स्वागत शिविर लगाया गया, इस शिविर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद के रूप में खीर , चाय कांवरियों के बीच वितरण किया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से शामिल जीत गुप्ता, विशाल सिंह ,शशि सिंह, रिंकू



,भोला वर्मा ,मनोज वर्मा इस कार्यक्रम में स्वागत किया गया।मौके पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, कोतवाली स्पेक्टर थाना इंचार्ज शैलेश प्रसाद , डेली मार्केट थाना मधुसूदन मोदक सभी को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया ।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## राय रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क की स्थिति जर्जर, यात्री परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया के अलावे मगध आम्रपाली के साथ एनटीपीसी टंडवा जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी बड़ी कंपनियों के साथ क्षेत्र का एकमात्र रेलवे स्टेशन राय रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए यात्रियों को काफी बदहाल सड़कों से होकर स्टेशन पर जाना पड़ रहा है। राय स्टेशन तक जाने के लिए पुरब दिशा से लोगों को रेलवे अंडरपास से लेकर स्टेशन तक पुरी सड़क उबड़-खाबड़ एवं गड्ढों में तब्दील हो गई है जिससे बरसात में पैदल दो पहिया सहित चार पहिया वाहनों को भी स्टेशन तक जाने में काफी दिक्कत होती है।वहीं पश्चिम दिशा से आने वाली सड़क का हाल भी कमोवेश यही है।देश को अरबों रुपए का राजस्व देने वाली राय रेलवे स्टेशन की बदहाल सड़को की यह स्थिति पिछले तीन वर्षों से खराब है लेकिन इस और अभी तक किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।वैसे तो किसी भी योजना का उद्घाटन और शिलान्यास का श्रेय लेने वाले नेताओं का भी आना जाना इस रास्ते से होता है,लेकिन उसकी भी नजर इस पर नहीं है।इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क कोरोना संक्रमण से पूर्व ही जर्जर हो चुका है।इस बीच लॉकडाउन के कारण दो वर्ष तक आवागमन कुछ कम हुआ,लेकिन स्थिति सामान्य होने के साथ रेलवे स्टेशन में यात्रियों का आना जाना बढ़ने लगा,लेकिन यात्रियों को इस जर्जर सड़क से होकर गुजरना उनके लिए बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है।सड़कों के गड्ढे में इन दिनों बरसात का पानी जमा हो गया है,जिसके कारण लोगों को गड्ढे का अनुमान नहीं हो पा रहा है और लोग गिरकर घायल हो रहे हैं।स्थानीय ग्रामीणों ने रेलवे प्रबंधन के अलावा सीसीएल प्रबंधन से भी इस पर ध्यान देकर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## 26वीं वाहिनी एसएसबी जी कंपनी ने तमाड़ में मशरूम की खेती के प्रशिक्षण का किया शुभारंभ



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 26 वीं वाहिनी एस एस बी के कमान्डेंट एस डी शेरखाने के दिशा निर्देश पर 26वीं वाहिनी, एस. एस. बी के जी. कम्पनी तमाड मे मशरूम की खेती का प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के डॉ. ब्रजेश कुमार (मेडिकल कमांडेंट) ने प्रशिक्षण के शुभारंभ की घोषणा किया । इस प्रशिक्षण की अवधी 7 दिनो की है, जो दिनांक 17/07/23 से शुरु होकर दिनांक 25/07/23 तक प्रभावी रहेगा । इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आसपास के ग्रामीणो को आत्मनिर्भर बनाना है । इस प्रशिक्षण मे आस-पास के लगभग 50 ग्रामीण लाभान्वित होंगे। इस कार्यक्रम मे 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के डॉ. ब्रजेश कुमार (मेडिकल कमांडेंट), जी. कंपनी एस.एस.बी के कंपनी कमांडर सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय, आसपास के ग्रामीण और सशस्त्र बल शामिल हुए।

## शिवालयों में हुआ जलाभिषेक

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सावन के दूसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया. सोमवारी का उपवास रखने वालों में अधिकतर महिलाएं थी. श्रद्धालु नजदीक के शिवालयों में जाकर पूजा अर्चना किए और भगवान शिव को फूल, बेलपत्र, अक्षत, रोड़ी, प्रसाद चढ़ाया. क्षेत्र के पहाड़ी मंदिर, श्रीजानकी रमण मंदिर, अमृतनगर शिवालय, खलारी बाजारटांड, करकट्टा, धमधमिया नौ नंबर शिवालय,आदि जगहों के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु आने लगे. शिवालयों में भक्तिगीत बज रहे थे. इधर देर शाम पहाड़ी मंदिर, श्रीजानकी रमण मंदिर, अमृतनगर शिवालय, खलारी बाजारटांड़ शिवालय,करकट्टा तथा धमधमिया शिवालय सहित कई शिवालयों में भगवान शिव का फूलमाला से विशेष श्रृंगार किया गया. दुग्ध, घी व जल से अभिषेक के बाद चंदन लेप किया गया. श्रृंगार पूजा में आरती की गई और प्रसाद बांटे गए.

## घरों की मापी शुरू

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण को लेकर सोमवार को प्रबंधन के द्वारा कई घरों की मापी की गई.परियोजना कार्यालय के सामने बस्ती में घरों के मालिकों की उपस्थिति में सर्वे की टीम ने घरों की मापी की गई.उसके घरों में नम्बरिंग भी किया गया.ज्ञात हो कि रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण को लेकर परियोजना कार्यालय के सामने और पीछे की ढुब बस्ती के घरों को प्रबंधन द्वारा हटाया जाना है इसी क्रम में घरों के मुआवजे के लिए उनकी मापी कर मेजरमेंट बनाया जाएगा. सिविल अधिकारी उज्ज्वल कुमार, सर्वेयर सतपाल सिंह ने कहा कि घरों की मापी करने में सभी विस्थापित प्रबंधन को काफी सहयोग कर रहे है.मापी करने वाले सर्वे टीम के बिरेन कुमार पासवान, अमित कुमार, अफरोज,प्रकाश साव,बीरबल उरांव, सावन गंझू, आदि शामिल थे.

## आजसू ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के रायडीह - सारजमडीह पथ पर पांडरानी सोतिया ( नदी ) में बन रही पुलिया निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर आज आजसू पार्टी के तमाड़ प्रखंड पश्चिमी के अध्यक्ष जगदीश गुप्ता तमाड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा जिसमें उल्लेखित किया गया है कि पुलिया निर्माण कार्य में गुणवत्ता की घोर कमी किया जा रहा है,10 द्वद्व एवं 12 द्वद्व का रड़ पीलर में लगाया गया है,इस पथ से पश्चिमी सिंहभूम एवं बंगाल को जोड़ती है,भारी वाहनों का आना जाना हमेशा होता है, संवेदक, कनीय अभियंता की मिलीभगत से पुलिया निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी किया जा रहा है। इसलिए आजसू पार्टी के द्वारा ध्यानाकृष्ट कराते हुए उक्त पुलिया निर्माण कार्य का जाँच कर कार्य मे गड़बड़ी पाए जाने पर संवेदक ओर कनीय अभियंता पर उचित कानूनी करवाई किए जाने का आग्रह किया है। ज्ञात हो कि इस पुलिया के निर्माण को लेकर विगत 18 जून पुर्व केंद्रीय जनजातीय मामले (आदिवासी कल्याण) के मंत्री अर्जुन मुंडा के कर कमलों से विधिवत शिलान्यास किया गया है।

## छात्राओं को किया गया सम्मानित

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के हॉल में सोमवार को विधालय प्रबंधन समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 में विद्यालय के सफल टॉप 10 छात्राओं को मोमेंटो मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पंचायत की मुखिया सुशांती भगत व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भीखा उरांव ने छात्राओ को मोमेंटो मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर सुशांती भगत ने कहा कि प्रबंधन समिति द्वारा अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्रो को सम्मानित करना बहुत ही अच्छी पहल है। ऐसे कार्यक्रमो से बच्ची में प्रतिस्प्रदा बढेगी।

## बेड़ो प्रखंड सभागार में निःशुल्क हेल्थ कैम्प

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सभागार में मंगलवार को साढ़े दस बजे प्रातः पारस हॉस्पिटल के द्वारा निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया है। इस हेल्थ कैंप का उद्घाटन विधायक मांडर शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया जाएगा। इस हेल्थ कैंप में जेनरल फिजीशियन, कार्डियोलॉजिस्ट, गायनी एवं अन्य विभागों डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। इस हेल्थ कैंप में शुगर, बीपी, ईसीजी आदि अन्य मुफ्त में जांच किए जाएंगे। बीडीओ ने लोगों से अपील किया है कि चिकित्सा संबंधी परामर्श ले। प्रखंड सभागार डॉक्टर से मिलकर अपनी समस्याएं रखेंगे और अधिकतम लोग इस कैंप का लाभ उठायें।

## दिव्यांग खिलाड़ी को विधायक ने किया सम्मानित

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत नामकुम प्रखण्ड के सोदाग, बगीचाटोली निवासी को पैरा थ्रो बॉल दिव्यांग खिलाड़ी महिमा उरांव को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सरना गमछा देकर स्वागत की तथा हौसला अफजाई करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। दिव्यांग खिलाड़ी महिमा उरांव 26 जुलाई को दिव्यांगों का खेल पैरा थ्रो बॉल खेलने मलेशिया खेलने जाएगी। मौके पर महिमा उरांव के कोच मुकेश कंचन सोदाग मुखिया पतरस तिर्की उपस्थित थे।

## गुरु पूजन का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रास्ट्रीय स्वयं संघ विक्रमादित्य नगर टाटीसिल्वे के द्वारा गुरु पूजन कार्यक्रम का विशेष आयोजन लाली रेसिडेंशि मे 16 जुलाई रविवार शाम को किया गया । यह कार्यक्रम वर्ष में एक बार किया जाता है। इसमे अमृत वचन, प्रेरणा गीत,बौद्धिक इत्यादि। संघ के झारखंड सूचना राकेश लाल जी ने कहा कि यह कार्यक्रम देश की एकता एवम मजबूती के लिए जरूरी है । इसमेसंघ के शंकर प्रसाद, बृजेश सिंह, राजेश मिश्रा , पूर्ण विधायक राम कुमार पाहन,रविंद्र तिवारी, विनोद अग्रवाल, सिल्वे मुखिया नूतन पाहन, सोहन मुंडा, पूर्व मुखिया, अमरेंद्र सिंह,गाजू महतो, करनल बी के सिंह, राजू पाठक, प्रज्वालीत पांडे, राजेंद्र प्रमाणिक, अरबिंद सिंह,कमलेश सिंह, प्रदीप पांडे,मंगल गुप्ता, मनोज शाहू , रसेश्वर नाथ मिश्र इत्यादि सैकडो गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

## मुखिया ने किया मृतक परिवार को सहयोग

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को भाजपा एसटी मोर्चा के अध्यक्ष सह मुखिया, सुनिल उरांव मृतक परिवार को पचास किलो चावल देकर सहयोग किया। ओरमांझी प्रखंड के ग्राम होचई में बिरेंद्र मुंडा ,पिता मनरखन मुंडा का आक्समिक मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मुखिया सुनिल उरांव काफ़ी अफ़सोस जताया है। बिरेंद्र मुंडा के दो बच्चे हैं , पत्नी को यथा संभव सर्वजन पेंशन के तहत लाभ दिलाने का आश्वाशन दिया।

## तमाड़ इंटर महाविद्यालय सलगाडीह में 12वीं की छात्रों का स्वागत व टापर्स को किया गया को सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ इंटर महाविद्यालय सलगाडीह में 11वीं वर्ग के छात्र-छात्राओं का 12वीं वर्ग के छात्र छात्राओं के द्वारा भव्य स्वागत कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कृष्णा सिंह मुंडा ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंध समिति के सचिव मुची राम अहीर उपस्थित थे।21-23 12वीं वर्ग के महाविद्यालय टॉपर छात्र छात्राओं के साथ साथ अभिभावकों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो की इस बार 2023 में 12वीं वर्ग में प्रथम स्थान मुनिया कुमारी,द्वितीय स्थान आशीष रविदास,तृतीय स्थान चंद्रिका कुमारी प्राप्त की थी सभी को विद्यालय की ओर से मेडल और पारितोषिक देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इसके साथ ही 11वीं वर्ग के प्रथम दीया चंद्रदेव, द्वितीय नीलम पाहान और तृतीय रीकता कुमारी टॉपर्स को भी मेडल और पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक प्रतिनिधि रंजीत कुमार मोदक उपस्थित छात्र छात्राओं को विद्यालय की उपलब्धि एवं नियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी प्राचार्य कृष्णा सिंह मुंडा ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधन करते हुए कल से प्रतिदिन क्लास आने का आगरा की है ।

## 8वां एसपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच मुरी राइडर्स ने 6 विकेट से जीता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** मुरी हिंडालको मैदान में पिछले 22 जून से चल रहे हैं 8 वां एस पी एल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया। फाइनल मैच रॉयल राजस्थान तथा मुरी राइडर्स के बीच खेला गया।रॉयल राजस्थान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया । रॉयल राजस्थान ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओभर में 9 विकेट खोकर कुल 94 रन बनाया वहीं मुरी राइडर्स ने जवाबी पारी खेलते हुए 10.1 ओभर में 4 विकेट खोक 95 रन बनाकर मैच को जीत लिया। मैन ऑफ, मैच, रोहित कुमार मैन ऑफ द सीरीज केशव कुमार दिया गया। उपविजेता टीमों को गोमिया विधायक लंबोदर महतो एवं विजेता टीमों को सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खेल में आए हुए अतिथियों का एसपीएल कमेटी के सदस्य ने फूल बुके एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया ।इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष नूर उल अंसारी , आजसु पार्टी के प्रवक्ता देवशरण भगत, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो , गुंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, मोहसिन खान, गौतम कृष्ण साहू सुशील महतो पवित्रा मित्रा ,समीर सिंह , संजय महतो,आत्माराम महतो, नितीश कुमार महतो, प्रणब महतो समेत काफी संख्या में खिलाड़ी एवं दर्शक मौजूद थे। रंगारंग कार्यक्रम व आतिश बाजी के साथ 20 दिन से चल रहे हैं एसपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हो गया।फाइनल प्रतियोगिता से पूर्व खिलाड़ियों ने परिचय प्राप्त कर राष्ट्रगान के बाद खेल का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने जिनके नामों से हो रहे खेल मो0सामु ,कुणाल सिंह, मो सफ्यूल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

## कांग्रेस भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम की हुई शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** कांग्रेस भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत ओरमांझी प्रखंड के डहू पंचायत भवन से स्वर्गीय अब्दुर रज्जाक अंसारी व पूर्व प्रमुख स्व0जोगेश्वर ठाकुर चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉश राकेश किरण महतो ने किया। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा पूर्व में संपन्न भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ में 17 जुलाई से 5 सितम्बर तक भारत जोड़ो के बाद आम जनों के साथ अभियान पूरे प्रदेश के घर-घर गांव गांव में संपर्क के जरिए चलाना है। सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि पूरे प्रखंड में अभियान को पूर्णता सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा घबरा गई है।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनता को भाजपा की केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण उत्पन्न बेरोजगारी, महंगाई, नफरत से देश को होने वाली कठिनाइयों से अवगत करा कर भाजपा का पर्दाफाश करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त अभियान की समीक्षा 15 दिनों के अंतराल पर प्रखंड स्तरीय बैठक की जाए। और 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित कर अभियान के समापन कर शानदार बनाया जाए। बैठक में संचालन प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार व धन्यवाद ज्ञापन विधायक सलाहकार रमेश उरांव ने किया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, सुंदरी तिर्की, उप प्रमुख रिज़वान अंसारी, बेलस तिर्की,पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, अकलीमा खातून,ज़िला परिषद कमिश्नर मुंडा, अशोक कुमार गुप्ता, सुरेश साहु,हरीमोहन महतो, तौहीद आलम, बाबूलाल महली,रसीद अंसारी, सुरज पठान, सुधा देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सावन की दूसरी सोमवारी पर कोयलांचल के शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में सावन की दुसरी सोमवारी को देवाधिदेव महादेव को जलार्पण करने के लिएश्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।जानकारी के अनुसार पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की सभी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लग रहा। दुसरे सोमवारी को क्षेत्र में मौसम सुहावना रहने के कारण भक्तों को गर्मी से राहत मिली।

क्षेत्र के झारखंडी शिव मंदिर पुरनीराय, बेंती शिव मंदिर, राय,कल्याणपुर,चुरी, बचरा बस्ती,राय बस्ती सहित बचरा शिव मंदिर में सुबह से ही शिव भक्त जलार्पण करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। श्रद्धालुओं में महिलाओं और युवतियों की संख्या ज्यादा देखी गई जो पुरी तन्मयता एवं श्रद्धा भाव से बेलपत्र, धतुरा,फुल,अक्षत,रोली,चंदन के साथ भगवान शिव का जलार्पण एवं श्रृंगार कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु पुजा पाठ कर रही थी। इस अवसर पर बचरा स्थित शिव मंदिर के बाहर पुजा सामग्री बेचने वाली दुकानें भी काफी संख्या में लगी हुई है।वही बचरा शिव मंदिर कमेटी के द्वारा शाम को खीर प्रसाद का भी वितरण किया गया।इधर सावन माह को लेकर स्थानीय पुलिस के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम देखा गया।


## कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

### आवेदन आमंत्रण (आम सूचना)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 12 रा0 (वि0) दिनांक 06.07.2023 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु लाभुकों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्न है–

| क0 सं0 | योजना ईकाई का नाम | भौतिक लक्ष्य | योजना ईकाई हेतु अनुदान की राशि | लाभुक का अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य नाव (सं0 में) | 17 | 30000 (प्रति नाव) | 3000 (प्रति नाव) | |
| 2 | वर्ष–2018–19 के पूर्व तक निर्मित केज के लिए ग्रो आउट नेट (सं0 में) | 43 | 22819 (प्रति पीस) | 7606 (प्रति पीस) | |
| 3 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए मोटर चालित नाव (सं0 में) | 2 | 400500 (प्रति पीस) | 44500 (प्रति पीस) | |
| 4 | केज हाउस अधिष्ठापन (सं0 में) | 2 | 455400 (प्रति केज हाउस) | 50600 (प्रति केज हाउस) | |
| 5 | केज रिपेयरिंग (सं0 में) | 10 | 25000 (प्रति केज) | 10000 (प्रति केज) | |
| 6 | पुराने रिवराईन फिश फार्मिंग (ईकाई में) | 40 | 25000 (प्रति यूनिट) | – | |
| 7 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/ सदस्यों के लिए गिल नेट (अधिकतम 05 कि0ग्रा0) | 25 | 2871 (प्रति लाभुक) | 319 (प्रति लाभुक) | |
| 8 | नया रिवराईन फिश फार्मिंग (ईकाई में) (40 मीटर x 05 मीटर) | 10 | 86000 (प्रति 40 मी0 x 05 मी0) | – | |

उपरोक्त योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुक से कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक 31.07.2023 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते है। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय में आकर सूचना प्राप्त कर सकतें है। क्रम सं0 3, 4, 5 एवं 6 के लाभुकों को अनुदान की राशि संबंधित बैंक में Escrow Account में DBT के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी तथा लाभुक अंशदान की राशि एक माह के अंदर उक्त खातें में जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान राशि जमा करने के उपरांत ही योजना का लाभ दिया जायेगा। तत्पश्चात संपूर्ण राशि एजेंसी/आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में एक मुश्त हस्तांतरित की जायेगी।

**नोट :– आवेदन पत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।**

उप मत्स्य निदेशक,
कोडरमा

**PR 302509 Fish(23-24)#D**



## प्रपत्र VII
## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 561/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 12.07.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना बिलासपुर से धुरकी भाया सगमा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण हेतु ग्राम–घघरी, थाना नं0–151, थाना–सगमा, अंचल–सगमा, जिला–गढ़वा में कुल :– **0.8661** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.8661** एकड़ है और जो ग्राम–घघरी, थाना नं0–151, थाना–सगमा, अंचल–सगमा, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंडस) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 240 | 1380 | टाड़ दो | रैयती | 0.0168 | चन्द्रदेव यादव वो राजेन्द्र यादव पिता स्व0 रामाधीन यादव वो करीमन राम पिता स्व0 सोहर राम | 1381 | 1379 | रोड | 1378 |
| 2 | 240 | 1381 | टाड़ दो | रैयती | 0.0499 | चन्द्रदेव यादव वो राजेन्द्र यादव पिता स्व0 रामाधीन यादव | 1440 | 1380 | रोड | 1385 |
| 3 | 280 | 1140 | धान दो | रैयती | 0.0366 | भगवान यादव वगै0 पिता स्व जोधी यादव | 1441 | 1381 | रोड | 1382 |
| 4 | 5 | 2024 | टाड़ दो | रैयती | 0.0342 | लालचन्द्र राम वो लक्ष्मण राम पिता स्व0 घिनु राम | 2023 | रोड | रोड | 2033 |
| 5 | 214 | 2051 | धान दो | रैयती | 0.0118 | रहमान मियां वगै0 पिता स्व0 मुजाहिम मियां | 2050 | 2056 | रोड | 2052 |
| 6 | 52 | 2060 | धान एक | रैयती | 0.0256 | हैदर अली मियां पिता शेलानी मियां | 2057 | 2061 | रोड | 2069 |
| 7 | 52 | 2061 | धान एक | रैयती | 0.0052 | अज्ञात | 2060 | 2064 | रोड | 2062 |
| 8 | 211 | 2084 | धान एक | रैयती | 0.0089 | झुबल राम पिता विपत राम | 2083 | 2085 | रोड | 2081 |
| 9 | 211 | 2085 | धान एक | रैयती | 0.0051 | सत्यनारायण यादव पिता गुलाबचन्द यादव | 2084 | 2086 | रोड | 2081 |
| 10 | 66 | 2087 | धान एक | रैयती | 0.0071 | सादा मियां पिता शखेली मियां | 086 | 2088 | रोड | 2095 |
| 11 | 301 | 2088 | धान एक | रैयती | 0.0137 | हैदर अली मियां पिता शेलानी मियां | 2087 | 2089 | रोड | 2095 |
| 12 | 28 | 2089 | धान दो | रैयती | 0.0073 | सादा मियां पिता शखेली मियां | 2088 | 2090 | रोड | 2095 |
| 13 | 222 | 2090 | धान एक | रैयती | 0.0074 | रघुनी सिंह पिता नरेश सिंह | 2089 | 2091 | रोड | 2095 |
| 14 | 222 | 2091 | धान एक | रैयती | 0.0175 | रघुनी सिंह पिता नरेश सिंह | 2090 | 2092 | रोड | 2095 |
| 15 | 222 | 2092 | धान एक | रैयती | 0.0158 | बिहारी सिंह पिता स्व0 झरी सिंह | 2091 | 2093 | रोड | 2093 |
| 16 | 256 | 2142 | धान एक | रैयती | 0.0035 | रामलगन सिंह पिता रामदेव सिंह | 2138 | रोड | 2141 | 2144 |
| 17 | 266 | 2144 | धान एक | रैयती | 0.0039 | शंभु यादव पिता बुटन यादव | 2146 | रोड | 2142 | 2145 |
| 18 | 266 | 2145 | धान एक | रैयती | 0.0023 | शंभु यादव पिता बुटन यादव | 2146 | रोड | 2144 | बांध |
| 19 | 107 | 2170 | धान एक | रैयती | 0.0364 | बलराम सिंह पिता ललु सिंह | 2168 | 2176 | रोड | 2171 |
| 20 | 319 | 2181 | टाड़ दो | रैयती | 0.0068 | कामेश्वर प्रसाद जयसवाल पिता स्व0 जगेसर साव | 2181 | रोड | 2190 | रोड |
| 21 | 61 | 2182 | टाड़ एक | रैयती | 0.0065 | बिनेश्वर प्रसाद जयसवाल पिता स्व0 जगेसर साव | 2181 | 2183 | रोड | 2183 |
| 22 | 61 | 2183 | टाड़ एक | रैयती | 0.0089 | राजेन्द्र प्रसाद जयसवाल पिता श्री शिव साव | 2183 | 2187 | रोड | 2185 |
| 23 | 87 | 2186 | धान दो | रैयती | 0.0127 | रमेश जयसवाल पिता श्री शिव साव | 2186 | 2183 | रोड | 2188 |
| 24 | 5 | 2196 | टाड़ दो | रैयती | 0.0416 | अज्ञात | 1979 | 2197 | 2197 | रोड |
| 25 | 52 | 2203 | धान दो | रैयती | 0.0047 | सैदा मियां पिता शेखाली मियां | 2200 | 2204 | 2202 | रोड |
| 26 | 274 | 2205 | धान दो | रैयती | 0.0061 | वजीर अंसारी पिता सफीक अंसारी | 2204 | 2206 | 2206 | रोड |
| 27 | 274 | 2206 | धान दो | रैयती | 0.0101 | वजीर अंसारी पिता सफीक अंसारी | 2205 | 2207 | 2197 | रोड |
| 28 | 214 | 2207 | धान दो | रैयती | 0.009 | जवाहिर राम पिता स्व0 बचु राम | 2206 | 2208 | 2197 | रोड |
| 29 | 52 | 2208 | धान दो | रैयती | 0.0059 | भिखारी महतो | 2207 | 2209 | 2197 | रोड |
| 30 | 214 | 2209 | धान दो | रैयती | 0.0063 | अली हुसैन मियां पिता स्व0 सलामत मियां | 2207 | 2209 | 2197 | रोड |
| 31 | 274 | 2210 | धान दो | रैयती | 0.0043 | सराफत अली पिता स्व0 फरीद मियां | 2209 | 2212 | 2211 | रोड |
| 32 | 247 | 2214 | धान दो | रैयती | 0.0042 | भिखारी महतो | 2213 | 2215 | 2197 | रोड |
| 33 | 247 | 2215 | धान दो | रैयती | 0.0085 | हरिचन्द राम पिता स्व0 तोखु राम | 2214 | 2216 | 2197 | रोड |
| 34 | 39 | 2216 | धान दो | रैयती | 0.0127 | हरिचन्द राम पिता स्व0 तोखु राम | 2215 | 2218 | 2197 | रोड |
| 35 | 211 | 2218 | धान दो | रैयती | 0.0039 | झुबल राम पिता विपत राम | 2216 | 2216 | 2217 | रोड |
| 36 | 211 | 2219 | धान दो | रैयती | 0.0078 | हरचन कहार पिता जोखुन कहार | 2218 | 222 | 2220 | रोड |
| 37 | 66 | 2222 | टाड़ दो | रैयती | 0.0092 | झुबल राम पिता विपत राम | 2219 | 2223 | 2221 | रोड |
| 38 | 66 | 2223 | धान दो | रैयती | 0.0106 | सत्यनारायण यादव पिता गुलाबचन्द यादव | 2222 | 2224 | 2222 | रोड |
| 39 | 256 | 2224 | धान दो | रैयती | 0.0141 | गुलजान मियां पिता पचु मियां | 2223 | 2504 | 2197 | रोड |
| 40 | 222 | 2225 | धान एक | रैयती | 0.0127 | छवी सिंह पिता नरेश सिंह | 2504 | 2226 | 2197 | रोड |
| 41 | 222 | 2226 | धान दो | रैयती | 0.02 | बेचु साव पिता रामेश्वर साव | 2225 | 2228 | 2197 | रोड |
| 42 | 159 | 2228 | धान दो | रैयती | 0.0079 | सहादन अली पिता हजरत अली | 2226 | 2229 | 2227 | रोड |
| 43 | 107 | 2250 | वाड़ी एक | रैयती | 0.0039 | रामलगन सिंह पिता रामदेव सिंह | रोड | 2251 | 2249 | रोड |
| 44 | 61 | 2253 | धान एक | रैयती | 0.0067 | राम लगन सिंह | 2252 | 2254 | 2255 | रोड |
| 45 | 139 | 2254 | धान एक | रैयती | 0.0043 | गिरिवर यादव | 2253 | 2263 | 2255 | रोड |
| 46 | 256 | 2263 | धान दो | रैयती | 0.0227 | रामलगन सिंह पिता रामदेव सिंह | 2254 | 2277 | 2262 | रोड |
| 47 | 7 | 2277 | धान दो | रैयती | 0.0253 | अयोध्या साव पिता राम विलास साव | 2263 | 2278 | रोड | रोड |
| 48 | 306 | 2278 | धान एक | रैयती | 0.0095 | सुनीता देवी पति राजेन्द्र जयसवाल | 2277 | 2507 | रोड | रोड |
| 49 | 280 | 2453 | टाड़ दो | रैयती | 0.0074 | जवाहिर राम पिता स्व0 बचु राम | 2450 | 2454 | 2452 | रोड |
| 50 | 171 | 2454 | टाड़ दो | रैयती | 0.0732 | भोला यादव वगै0 पिता स्व0 भवानी यादव | 2453 | 2457 | 2455 | रोड |
| 51 | 171 | 2461 | टाड़ दो | रैयती | 0.0394 | विजय यादव पिता स्व0 रामदुलार राम वो देवकली कुंवर पति स्व0 संतोष यादव | 2457 | 2462 | 2460 | रोड |
| 52 | 171 | 2462 | टाड़ दो | रैयती | 0.0119 | विजय यादव पिता स्व0 रामदुलार राम वो देवकली कुंवर पति स्व0 संतोष यादव | 2461 | 2464 | 2459 | रोड |
| 53 | 236 | 2469 | टाड़ दो | रैयती | 0.0481 | भोला यादव वगै0 पिता स्व0 भवानी यादव वो वियज यादव पिता स्व0 रामदुलार यादव | 2468 | 2470 | 2471 | रोड |
| 54 | 236 | 2470 | धान दो | रैयती | 0.019 | सूर्यदेव चन्द्रवंशी वगै0 पिता पकटू चन्द्रवंशी | 2469 | 2471 | 2471 | रोड |
| 55 | 236 | 2471 | टाड़ दो | रैयती | 0.0512 | संतोष साव | 2470 | 2472 | 2474 | रोड |
| | | | | कुल :– | **0.8661** | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–घघरी, थाना नं0–151, थाना–सगमा, अंचल–सगमा, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यव्यस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

उपायुक्त, गढ़वा।

**PR.NO.302489 Land Reforms(23-24):D**

## सुनीता सिंह मुंडा बनी मुखिया संघ की कोषाध्यक्ष

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला जिला के सभी पंचायत द्वारा मुखियाओं ने काजूबगान सरायकेला में जिला मुखिया संघ की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता गम्हरिया मुखिया पीओ हंसदा ने किया। जिसमे कुकड़ु प्रखण्ड के अंतर्गत पंचायत ओड़िया की मुखिया सुनीता सिंह मुंडा को मुखिया संग की और से कोषाध्यक्ष चयन किया गया। वही मौके पर उपस्थित मुखियाओं ने उन्हें बधाई दिया।



## जवाहर नवोदय विद्यालय की ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू है। पंजीकरण निःशुल्क हो रहा है तथा पंजीकरण की अंतिम तिथि 10.08.2023 निर्धारित है। जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन हेतु चयन परीक्षा 04.11.2023 (**Winter bound JNV's**) तथा 20.01.2024 (**Summer bound JNVs**) को आयोजित की जाएगी। पंजीकरण के लिए **www.navodaya.gov.in** पर लॉग इन कर सकते है।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में राखी मेला का समापन आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) के दूसरे दिन सोमवार को भी बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में काफी भीड़ उमड़ी। इस मेला में 20 रूपये से लेकर 850 रूपये तक की कई डिजनाइर समेत चांदी की राखी भी हैं। मंगलवार 18 जुलाई को रात 09 बजे तक राखी मेला खुला रहेगा। दो दिन मेले में हुई भीड़ से स्टॉल लगायी महिलाओं का हौसला बुलद हैं। मेले मे टोटल 51 स्टॉल लगे हैं। इसमें एक ही छत के नीचे महिलाएं अपने उत्पादों का संग्रह लेकर आयी हैं। सोमवार को मंच अध्यक्ष बीना अग्रवाल एवं सचिव सीमा अग्रवाल ने बताया कि इस मेले में एक ही स्थान पर राखी, गिफ्ट आइटम, बेड शीट, लड्डू गोपाल की पोशाक, बंधनवार, साड़ी, कुर्ती और गृह सज्जा के सामानों का भरपूर कलेक्शन हैं।

## पशुधन विकास योजना के तहत तीन लाभुकों को अनुदान पर मिला सूकर

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत सोमवार को कुचाई प्रखंड मुख्यालय में तीन लाभुकों के बीच शत-प्रतिशत अनुदान पर सूकर का वितरण किया गया। सुकर का वितरण प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी पंचायत समिति सदस्य जयंती मुंडा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी उपेन डांग विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेश कुमार कोड़ा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी, पंचायत समिति सदस्य जयंती मुंडा, मुखिया राम सोय, प्रखंड लिपिक सुबोध टुडू, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेश कुमार कोडा, विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष मंगल सिंह मुंडा, धर्मेंद्र कुमार सांडिल, जनसेवक सुभाष चंद्र हांसदा, दीपनाथ मार्डी, कांडे सुमबरुई आदि उपस्थित थे।

## चौरसिया परिवार का नाग पंचमी महोत्सव 20 अगस्त को

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चौरसिया परिवार गम्हरिया के कार्यकारिणी सदस्य एवं संरक्षक मंडल की एक बैठक प्रखंड के जगन्नाथपुर स्थित काली मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष कैलाश चौरसिया ने किया। इस मौके पर चौरसिया परिवार की ओर से आगामी 20 अगस्त को दुर्गा मंदिर प्रांगण में सामूहिक नाग पंचमी महोत्सव आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में सुभाष प्रसाद चौरसिया, राम विलास प्रसाद चौरसिया, प्रदीप चौरसिया, मदन मोदी, रविंद्र चौरसिया, नीरज चौरसिया, मनोज कुमार आदि शामिल थे।

## बन्ना गुप्ता फैंस क्लब और ऑटो यूनियन ने मंत्री बन्ना गुप्ता का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बन्ना गुप्ता फैंस क्लब और ऑटो यूनियन की ओर से संयुक्त रूप से गम्हरिया स्थित दुर्गापूजा मैदान में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित मंत्री के प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह उर्फ बबुआ सिंह ने केक काटकर बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने ईमानदारी में मिशाल बने संमाजसेवी अजय पांडे, अमरजीत कुमार यादव, डोमन सरकार, धनंजय प्रमाणिक, अजय डे, रिजु महतो और लखींद्र महतो आदि को समाज के लिए बेहतर कार्य के लिए अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर बतौर सम्मानित अतिथि संतोष प्रसाद, मनोरंजन सिंह के अलावा गौरव कुमार, राजू रजक, अमरजीत कुमार, आशुतोष सिंह, अमरेश ईश्वर, वीरेंद्र राय, सुनील कुमार समेत काफी संख्या में फैंस क्लब और ऑटो यूनियन के सदस्य उपस्थित थे।



## जिले में लगातार दूसरी बार टॉपर देने वाला एसएस प्लस टू हाईस्कूल में टॉप टेन प्रतिभाएं सम्मानित

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला में इंटरमीडिएट साइंस की परीक्षा में लगातार दूसरी बार टॉपर एसएस (राज्य संपोषित) प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा के छात्र ही रहे हैं। 2022 में तो बेलटांड़, लावा निवासी छात्र सुमित कुमार महतो कोल्हान प्रमंडल में अव्वल आया था। उसी गांव के सागर सहिस ने जिले में पहला स्थान प्राप्त करते हुए रिकॉर्ड को बरकरार रखा। इससे उत्साहित विद्यालय परिवार की ओर से जिला प्रशासन के निर्देश पर सोमवार को विद्यालय प्रांगण में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 के टॉप टेन विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित अतिथियों के हाथों प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं मोमेंटो प्रदान कर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि बीडीओ अरविंद बेदिया एवं विशिष्ट अतिथियों में शामिल विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू , पटमदा-02 के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, पटमदा-03 के जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, पटमदा पंचायत के मुखिया परमेश्वर सिंह, बीआरपी श्रीमती शकुंतला महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बेनी माधव सिंह, सीआरपी मदन कुमार ने टॉप टेन विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।



## जुगसलाई में कलश यात्रा आज, कथावाचक पहुँचे शहर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई एमईस्कूल रोड़ स्थित राजस्थान शिव मंदिर में सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ मंगलवार 18 जुलाई को सुबह 08.30 बजे कलश यात्रा के साथ होने जा रहा हैं। सोमवार की देर शाम कथावाचक अंतरराष्ट्रीय व्याख्याता पूज्यश्री गौभक्त डा. संजीव कृष्ण ठाकुर जी शहर पहुँच गये हैं। कलश यात्रा गढ़वाल निवास राम टेकरी रोड़ से निकलेगी जो कथा स्थल राजस्थान शिव मंदिर तक जायेगी। कलश यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत होगा। सावन माह के पावन अवसर पर इसका आयोजन जुगसलाई के गढ़वाल परिवार (थोई, राजस्थान निवासी) द्धारा किया गया हैं।

## सरायकेला में गौड़ सेवा संघ केंद्रीय समिति की हुई बैठक

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला परिसदन में गौड़ सेवा संघ केंद्रीय समिति की एक बैठक अध्यक्ष चतुर्भुज बारीक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास के लिए भाषा,संस्कृति व परम्परा के संरक्षण पर जोर दिया गया। निर्णय लिया गया कि ओड़िया बहुल गांवों में ओड़िया भाषा मे पठन पाठन को लेकर गौड़ सेवा संघ द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही गौड़ सेवा संघ जिला समिति द्वारा ओड़िया बहुल तीनो जिलों में हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए डीसी के माध्यम राज्यपाल व महामहिम राष्ट्रपति को मांग पत्र सौंपा जाएगा।

# जमशेदपुर एफसी ने सर्बिया के एलेन स्टीवनोविक के साथ दो साल का किया करार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने 2023-24 सीजन से पहले दो साल के अनुबंध पर सर्बियाई अंतर्राष्ट्रीय एलेन स्टीवनोविक के साथ करार किया. 32 वर्षीय प्लेमेकर ने अब तक एक शानदार करियर का आनंद लिया है, जिसकी शुरुआत उन्होंने इटली में इंटर मिलान की युवा टीम से की थी और वर्तमान में एएस रोमा के हेड कोच थे. जोस मोरिन्हो द्वारा उन्हें सीनियर टीम में पदार्पण का मौका दिया गया था. स्टवानोविक उस इंटर टीम का हिस्सा थे जिसने 2009-10 में मोरिन्हो के नेतृत्व में तिहरा खिताब जीता था, जिसमें क्लब ने सीरी ए स्कुडेटो, कोपा इटालिया और यूईएफए चैंपियंस लीग विजेता ट्रॉफियां जीती थीं. एलेन स्टीवनोविक ने मेन ऑफ स्टील में शामिल होने पर कहा, जमशेदपुर एफसी का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है. मैंने क्लब और उसके प्रशंसकों के बारे में बहुत कुछ सुना है और मैं आखिरकार शहर आकर खेलने के लिए उत्साहित हूं. क्लब पिछली बार आईएसएल शील्ड विजेता था और मुझे सचमुच विश्वास है कि प्रशंसकों के समर्थन और सही रवैये और दृष्टिकोण के साथ, हम एक बार फिर शीर्ष पर वापस आने में सक्षम होंगे। मैं कोचिंग स्टाफ के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं. स्टीवनोविक के पास जमशेदपुर एफसी टैली में और अधिक गोल लाने के लिए आवश्यक सभी गुण हैं. हमारे प्रमुख कोच स्कॉट कूपर ने कहा, जमशेदपुर एफसी के लिए एलन एक अभूतपूर्व हस्ताक्षर है. एलेन हमारी टीम के लिए भारी मात्रा में गुणवत्ता और अनुभव लाएंगे. वे एक बहुत ही विनम्र व्यक्ति और एक शीर्ष पेशेवर भी हैं. हमें खुशी है कि एलन ने अपने पहले एशियाई क्लब के रूप में जमशेदपुर को चुना.



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सादगी से मनाया स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का जन्मदिन सोमवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सादगी से मनाया. कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम के इमरजेंसी वार्ड सहित अन्य वार्डों मे लोगों को मिठाइयां वितरित कर बन्ना गुप्ता की लंबी उम्र की कामना किया। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल, सुबह का नाश्ता एवं बच्चों के बीच मिठाई वितरण कर उनका हाल चाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया. इस दौरान श्याम किंकर झा,बबुआ झा,मनोज झा, राजेश बहादुर,कैलाश रजक, संजय तिवारी, माजिद अख्तर,संजीव झा ,अमित कुमार मानस गिरी, रवि दुबे ,विनोद कुमार, राजेश रजक ,राजू दास, जय प्रकाश साहू, दिनेश पोद्दार, राकेश जयसवाल, राजेश गोराई, नंद किशोर श्रीवास्तव, अरूप सिंह, श्याम राव,निरंजन प्रसाद ,स्वरूप सिंह, बाबू सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## टाटा मोटर्स यूनियन परिसर में रुद्राभिषेक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन प्रांगण में सावन के पावन महीने के अवसर पर भगवान शिव जी का रुद्राभिषेक हुआ। रुद्राभिषेक के बाद भोग वितरण और भजन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्लांट हेड रविन्द्र कुलकर्णी, सांसद दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ के आप्त सचिव मुकेश राय, डा संजय कुमार, डा एस एल श्रीवास्तव, विधायक जमशेदपुर पूर्वी सरयू राय, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक मलखान सिंह, कन्हैया सिंह, राजीव रंजन सिंह, शंभू सिंह, प्रभाकर सिंह, राजकुमार सिंह, अविनाश सिंह राजा, विनोद सिंह, अशोक चौधरी, राकेश्वर पांडे, रघुनाथ पांडे, रामाश्रय प्रसाद, देविका सिंह, हरीश सिंह, कल्याणी शरण, रणविजय शर्मा, गणेश सुलंकी, राणा सिंह, सुनील सिंह, के पी तिवारी, जगदीश नारायण चौबे, अंकुर सिंह, संजय सिंह हितैषी, शहर के सभी यूनियन के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



### इंटक का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

## मजदूरों को उसका हक दिलवाने के लिए हमेशा तत्पर : उप श्रम आयुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंटक का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन निर्मल गेस्ट हाउस प्रेक्षागृह में रविवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश इंटक अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, विशिष्ट अतिथि पूर्वी सिंहभूम के उप श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद एवं भविष्य निधि के सहायक आयुक्त एरिक लकरा उपस्थित हुए। विशेष अतिथि के रूप मे ऑल इंडिया कांग्रेस के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस के महासचिव संजय पांडे एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के डेलीगेट सुनील सिंह, टाटा मोटर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह, अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए उप श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद ने कहा हर संभव हम मजदूरों को उसका हक दिलवाने का प्रयास करते हैं इसलिए आज इंटक के कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित होकर मजदूरों को बताना चाहते हैं यदि आपके साथ अत्याचार होता है तो आप कभी भी हमसे मिल सकते हैं। एरिक लकरा द्वारा भविष्य निधि के सहायक आयुक्त द्वारा प्रोविडेंट फंड से संबंधित समस्या के समाधान के बारे में बताया गया। राकेश्वर पांडे ने कहा इंटक पूरी दुनिया का सबसे बड़ा मजदूर संगठन है और आज इंटक असंगठित क्षेत्र काम कर रहा है। पूरे देश में आने वाले समय में सारे मजदूर नेताओं के लिए चुनौती आने वाला है। उसमें आगे बढ़ कर हमें मजदूरों के हित में काम करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष राजेश सिंह राजू के द्वारा किया गया द्य कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा गुरमीत सिंह तोते, आरके सिंह, तार कंपनी यूनियन के महामंत्री से पंकज सिंह, उपसभापति श्रीकांत सिंह, जी केपी तिवारी , महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष नलिनी सिन्हा, तीनप्लेट यूनियन के महामंत्री मनोज सिंह, उपसभापति परविंदर सिंह सोहेल, इंटर कोल्हान के प्रभारी राणा सिंह, इंटक जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जी एन चौबे, आदि थे।



## डेंगू के प्रकोप से बचाव के लिए उपयुक्त ने जिलेवासियों से अलर्ट व सुरक्षित रहने की अपील की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त विजया जाधव द्वारा डेंगू के प्रकोप से बचाव के लिए जिलेवासियों से सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की गयी है। डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता है। तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है। उक्त लक्षण दिखाई दें तो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। अपने घर एवं आस पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करें।

**क्या करें:** 1.डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें। 2. जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें। 3. एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। 4. डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। 5. मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें

**क्या नहीं करें:** 1.घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर आदि न रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नहीं होने दें। 2. टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं। 3. बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें। 4. बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले न रखें, क्योंकि इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है।



## टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिए सतर्क प्रयास किए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल मानसून सीजन के दौरान, जमशेदपुर शहर में डेंगू और अन्य वेक्टर जनित बीमारियों के प्रसार से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता के साथ, टाटा स्टील यूआईएसएल ने डेंगू के संचरण को रोकने और नियंत्रित करने के लिए एक व्यापक रणनीति लागू की है। इसके तहत आवासीय क्षेत्रों में मच्छरों के लार्वा चरण की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए कठोर निगरानी प्रयास किए जा रहे हैं। इस साल अप्रैल से जून तक की रिपोर्ट के मुताबिक कुल 180, 062 घरों को निगरानी के दायरे में लिया गया और इनमें से 4193 घरों में मच्छरों के लार्वा पाए गए। हाउस इंडेक्स 2.32 प्रतिशत बताया गया। 5 से अधिक हाउस इंडेक्स को उच्च जोखिम माना जाता है। टाटा स्टील यूआईएसएल बाहरी स्थिर पानी, नालियों और खाइयों और नदी तलों में क्यूलेक्स मच्छरों के प्रजनन स्थलों के लिए व्यापक खोज कर रहा है। रिपोर्ट (अप्रैल-23 जून) के अनुसार कुल 8992 संभावित बाहरी प्रजनन स्थलों को नष्ट कर दिया गया है। टाटा स्टील यूआईएसएल ने डेंगू और अन्य वीबीडी के संदिग्ध और पुष्टि मामलों की नियमित रिपोर्ट लेकर डेंगू के रिपोर्ट किए गए मामलों की निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए टीएमएच अस्पताल और एमजीएम अस्पताल के साथ रोग निगरानी के लिए एक रिपोर्टिंग तंत्र स्थापित किया है।



## टिनप्लेट यूनियन महिला महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टिनप्लेट यूनियन महिला महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नए सेशन शुरू होने पर नवागंतुक छात्राओं के स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की मैनेजिंग कमिटी महाविद्यालय की शिक्षिकाएं ने भाग लिया एवं छात्राओं ने विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को चेयरमैन राकेश्वर पांडे, महाविद्यालय के सचिव मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, महाविद्यालय की प्राचार्य रंजना भगत ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कामिनी गुप्ता, सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन झूमा घोषाल एवं नीलम दुबे, धन्यवाद ज्ञापन ममता सवाई ने किया। कॉलेज की शिक्षिकाएं सीमा कुमारी, सरिता कुमारी, आभा सिंह, नेहा रानी,मीरा श्रीवास्तव का भी सहयोग रहाद्य इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्य सतनाम सिंह, मुन्ना खान, रमेश राव, साई बाबू राजू, जगजीत सिंह, वकील खान, संजय कुमार सिंह, भूपेंद्र सिंह भी उपस्थित थे।

### बीएनएमएच में 2 किलो वजन वाले पैरोटिड ट्यूमर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन

## सिर और गर्दन के कैंसर के अंतर्गत आता है पैरोटिड ट्यूमर : डॉ. आशीष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला के चाकुलिया गांव के निवासी दिनेश गोप (60 वर्षीय) का कान के बाईं ओर एक बड़े आकार 25 सेमी गुणा 20 सेमी के पैरोटिड ट्यूमर का ऑपरेशन ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, जमशेदपुर (बीएनएमएच) में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। उनका ऑपरेशन अनुभवी डॉ. आशीष कुमार; सीनियर कंसलटेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजी द्वारा किया गया। चेहरे की तंत्रिका संरक्षण की चुनौतियों के तहत पारंपरिक सर्जरी की गई और ट्यूमर को काट दिया गया। सर्जरी में चार घंटे लगे और ट्यूमर को पूरी तरह से ऑपरेट कर दिया गया। ऑपरेशन के बाद दिनेश गोप की समस्याएं ठीक हो गई। इस संबंध में डॉ. आशीष कुमार, (सीनियर कंसलटेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) ने कहा कि चेहरे की तंत्रिका संरक्षण इस प्रकार के बड़े आकार के पैरोटिड ट्यूमर की सबसे बड़ी चुनौती होती है। शीघ्र जांच और उपचार ऐसे ट्यूमर के लिए आधारशिला है। मैं इस सफल प्रक्रिया में सहयोग के लिए अपनी टीम और कर्मचारियों का आभारी हूं। फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि हमारी अत्याधुनिक सुविधा हमारे रोगियों को सटीक और प्रभावी परिणामों के साथ उन्नत सर्जरी करने के लिए नवीनतम जांच और चिकित्सीय तकनीकों से सुसज्जित है। हम उत्कृष्टता, सुरक्षा और नवाचार पर ध्यान देने के साथ दयालु, रोगी-केंद्रित देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मालूम हो कि कुछ दिन पहले 60 वर्षीय दिनेश गोप पिछले एक वर्ष से सिरदर्द की मुख्य शिकायत के साथ बीएनएमएच तामोलिया में आये थे। पहले भी उन्होंने फिजिशियन और सर्जन सहित कई स्थानीय डॉक्टरों से इसका इलाज कराया था, लेकिन उन्हें लक्षणों से राहत नहीं मिली थी।



### पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस का संगठनात्मक सशक्तिकरण को लेकर प्रखण्ड अध्यक्षों की बैठक

## संगठन को मजबूत बनाने में लग जायें सभी प्रखंड अध्यक्ष : जिला प्रभारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में संगठनात्मक सशक्तिकरण के विषय को लेकर प्रखण्ड अध्यक्षों की बैठक आहूत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी शामिल हुए। जिला प्रभारी ने प्रखण्ड अध्यक्षों को संबोधित करते हुए दिशा-निर्देश दिया कि सभी 18 प्रखंड अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाने के कार्य में लग जायें। मण्डल कमिटी और पंचायत कमिटी के माध्यम से भारत जोड़ो यात्रा की बात आमजनों के कार्यक्रम को अभियान चलाकर घर-घर तक पर्चा छपवाकर पहुँचायें। आमलोगों को महंगाई, बेरोजगारी के कुप्रभाव से अवगत करायें और घर पर पहुँच कर चर्चा करें। संगठनात्मक बैठक का संचालन और प्रबंधन कार्य संजय सिंह आजाद एवं ब्रजेन्द्र तिवारी ने सम्पादित किया। संगठनात्मक बैठक में जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र तिवारी, अवधेश सिंह, योगेन्द्र सिंह यादव, संजय सिंह आजाद, जितेन्द्र सिंह, अरूण कुमार सिंह, रजनीश सिंह, प्रदेश सचिव काल्टू चक्रवर्ती, सुरेश धारी, प्रखण्ड अध्यक्षगण में आशीष ठाकुर जमशेदपुर ग्रामीण, सौरभ चटर्जी पोटका, सुखलाल सोरेन डूमरिया, मुसाबनी संजय कुमार साह, घाटशिला सत्यजीत सीट, धालभूमगढ सतदल गिरी, गोलमुरी अतुल गुप्ता, टेल्को राजेश कुमार, जुगसलाई कैसर आलम अंसारी, बिरसानगर संजय घोष, जिला महामंत्री सिदाम चन्द्र हेम्ब्रम, राजकिशोर प्रसाद, अपर्णा गुहा, ज्योति मिश्रा, सनातन भकत, बबन शुक्ल, राजू वर्मा मुख्य रूप से शामिल हुए।



## लड्डू बांट कर अंसार खान ने मनाया मंत्री बन्ना गुप्ता का जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का 50 वां जन्मदिन पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में मानगो नगर निगम कार्यालय और शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रीय मानगो हॉस्पिटल और गांधी मैदान और सब्जी मार्केट और रोड पर टेंपो ड्राइवर एवं यात्रियों के बीच लड्डू वितरण का किया। जिसमें मुख्य रुप से अशोक सिंह क्रांतिकारी जिला महासचिव ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लड्डू वितरण में विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान, जिला महासचिव अशोक सिंह क्रांतिकारी, आरजू खान, आदिल खान, मोहम्मद साकिब, मोहम्मद इस्तकार ,मोहम्मद भोलू आदि मौजूद थे।

## संपादकीय

# ऊंची उड़ान

**इसरो** ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से अपने चंद्रयान-3 को चांद के लिए रवाना कर दिया और इसके साथ ही आम भारतीयों ने 23-24 अगस्त का इंतजार शुरू कर दिया है, जब इसे चांद की सतह पर उतरना है। पिछला मिशन यानी चंद्रयान-2 हर चरण को सफलतापूर्वक पार करने के बाद इसी में नाकाम हो गया था। सॉफ्ट लैंडिंग करने के बजाय वह तेजी से चांद की सतह से जा टकराया और क्षतिग्रस्त हो गया। बड़ी बात यह कहिए



कि न तो वह नाकामी हमारे मनोबल को कमजोर कर सकी और न ही उसने हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम की संभावनाओं को प्रभावित किया। यह सही है कि चंद्रयान-2 के बाद चंद्रयान-3 को रवाना करने में चार साल लगे, जिसे बहुत कम नहीं कहा जा सकता, लेकिन इस बीच कोरोना महामारी से उपजी चुनौतियां भी हमारे रास्ते में आईं थीं। बहरहाल, हमारे संकल्प के सबूत के तौर पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष में जा चुका है। निश्चित रूप से इस मिशन की कामयाबी काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह एक लंबे सिलसिले की बस शुरुआत है। चांद पर इसकी सफल सॉफ्ट लैंडिंग भारत को उन देशों के क्लब में सम्मानपूर्ण प्रवेश देगी जिसके अभी सिर्फ तीन सदस्य हैं- अमेरिका, रूस और चीन। भारत ऐसा करने वाला चौथा देश होगा। लेकिन इससे बड़ी बात यह है कि यह मिशन इसरो के आगामी अंतरिक्ष अभियानों का रास्ता साफ करेगा। सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य एल इसी साल लॉन्च किया जाना है। पृथ्वी के वातावरण और उसकी सतह के अध्ययन के लिए अमेरिका के साथ एक जॉइंट मिशन 2024 में तय है और अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन गगनयान 2025 में छोड़ा जाना है। ध्यान रहे, इसी साल 21 जून को भारत ने अमेरिका की अगुआई वाले संयुक्त चंद्र अभियानों से जुड़े आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे जहां भारत को स्पेस टेक्नॉलजी में अमेरिकी महारत का फायदा मिलेगा, वहीं इसरो के कॉस्ट इफेक्टिव लॉन्च फैसिलिटी का भी बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा। यही नहीं, समझौते में शामिल अन्य देशों - फ्रांस, जापान और ऑस्ट्रेलिया- के साथ भी करीबी सहयोग का मौका मिलेगा। इस बीच देश में स्पेस एक्सप्लोरेशन का जो इकोसिस्टम विकसित हुआ है, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गौर करने की बात है कि चार साल पहले यानी चंद्रयान-2 लॉन्च किए जाते समय देश में स्पेस सेक्टर की मात्र 10 स्टार्टअप कंपनियां थीं। अब इनकी संख्या बढ़कर 140 हो गई है। इसरो ने सुविचारित ढंग से स्पेस सेक्टर में प्राइवेट कंपनियों के लिए गुंजाइश बनाई है जिसका एक फायदा यह भी है कि वह अब अपनी ऊर्जा स्पेस साइंस से जुड़े कोर एरिया में केंद्रित कर सकेगा। जाहिर है यह नया क्षेत्र भारत के सामने खुल रहा है और उसे इसमें बहुत आगे जाना है।


चंद्रयान-2 के बाद चंद्रयान-3 को रवाना करने में चार साल लगे, जिसे बहुत कम नहीं कहा जा सकता, लेकिन इस बीच कोरोना महामारी से उपजी चुनौतियां भी हमारे रास्ते में आईं थीं। बहरहाल, हमारे संकल्प के सबूत के तौर पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष में जा चुका है। निश्चित रूप से इस मिशन की कामयाबी काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह एक लंबे सिलसिले की बस शुरुआत है। चांद पर इसकी सफल सॉफ्ट लैंडिंग भारत को उन देशों के क्लब में सम्मानपूर्ण प्रवेश देगी जिसके अभी सिर्फ तीन सदस्य हैं- अमेरिका, रूस और चीन। भारत ऐसा करने वाला चौथा देश होगा। लेकिन इससे बड़ी बात यह है कि यह मिशन इसरो के आगामी अंतरिक्ष अभियानों का रास्ता साफ करेगा। सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य एल इसी साल लॉन्च किया जाना है। पृथ्वी के वातावरण और उसकी सतह के अध्ययन के लिए अमेरिका के साथ एक जॉइंट मिशन 2024 में तय है और अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन गगनयान 2025 में छोड़ा जाना है। ध्यान रहे, इसी साल 21 जून को भारत ने अमेरिका की अगुआई वाले संयुक्त चंद्र अभियानों से जुड़े आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किया है। चंद्रयान-2 के बाद चंद्रयान-3 को रवाना करने में चार साल लगे, जिसे बहुत कम नहीं कहा जा सकता, लेकिन इस बीच कोरोना महामारी से उपजी चुनौतियां भी हमारे रास्ते में आईं थीं। बहरहाल, हमारे संकल्प के सबूत के तौर पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष में जा चुका है। निश्चित रूप से इस मिशन की कामयाबी काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह एक लंबे सिलसिले की बस शुरुआत है।


## कुछ अलग

# सेवा विस्तार पर सवाल

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को दिए एक महत्वपूर्ण फैसले में केंद्र सरकार की ओर से प्रवर्तन निदेशालय के मौजूदा डायरेक्टर को दिया गया सेवा विस्तार अवैध करार दिया। ED के डायरेक्टर को मिले सेवा विस्तार पर पहले से ही राजनीतिक विवाद चल रहा था, लेकिन कोर्ट का यह आदेश कुछ अन्य वजहों से भी अहम माना जा रहा है। पहली बात है, फैसला देते हुए बरती गई बारीकी और न्यायिक संतुलन। यह मामला जटिल इसलिए भी था कि इसमें सिर्फ ED प्रमुख को दिए गए सेवा विस्तार पर ही विचार नहीं करना था बल्कि इससे सरकार के अधिकार का मामला भी जुड़ा था। केंद्र ने साल 2021 में सेंट्रल विजिलेंस कमिशन एक्ट और दिल्ली स्पेशल पुलिस इस्टैब्लिशमेंट एक्ट में संशोधन के जरिए सीबीआई और ED के प्रमुखों को पांच साल की अवधि पूरी होने तक एक्सटेंशन देने का अधिकार हासिल कर लिया था। इसे भी चुनौती दी गई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सीमाओं का ध्यान रखते हुए इस मामले में दखल देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि विधायिका का कोई कार्य या फैसला न्यायिक समीक्षा की जद में तभी आता है जब या तो इससे मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहे हों या यह स्पष्ट तौर पर पक्षपातपूर्ण लगे। चूंकि मौजूदा मामले में इस तरह की कोई बात नहीं है, इसलिए इस संशोधन पर एतराज करने की कोई जरूरत अदालत ने महसूस नहीं की। ED प्रमुख को दिए जाने वाले एक्सटेंशन का मामला इससे अलग इसलिए था क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही एक मामले में कह चुका था कि उन्हें नवंबर 2022 के बाद एक्सटेंशन नहीं दिया जाना चाहिए। ऐसे में यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हो जाता है, जिसका अधिकार सरकार को नहीं है। दरअसल, मौजूदा ED प्रमुख को जिस तरह से सेवा विस्तार दिया जा रहा था, उस पर सवाल पहले से ही उठ रहे थे। कोर्ट में सुनवाई के दौरान भी यह बात कही गई कि ED जैसी महत्वपूर्ण जांच एजेंसी का स्वतंत्र होना ही नहीं, उसका स्वतंत्र दिखना भी जरूरी है। यह बात इस तथ्य की रोशनी में ज्यादा अहम हो जाती है कि हाल के दिनों में ED की कार्रवाई के दायरे में विपक्षी दलों और नेताओं से जुड़े मामले बड़ी संख्या में आए हैं। विपक्षी दलों की ओर से इन कार्रवाइयों को पक्षपातपूर्ण भी बताया जा रहा है। हालांकि कार्रवाई के औचित्य पर फैसला ऐसे आरोपों के आधार पर नहीं हो सकता। वह तो कानूनी प्रक्रिया की तार्किक परिणति से ही तय होता है। लेकिन जांच एजेंसियों की छवि हर संदेह से परे होनी चाहिए। इस संदर्भ में केंद्रीय गृहमंत्री का वह बयान महत्वपूर्ण है जो उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद दिया। उन्होंने सही कहा कि जांच एजेंसी का प्रमुख नहीं बल्कि उसका काम महत्वपूर्ण है। उम्मीद की जाए कि आगे सरकार का फैसला इन्हीं शब्दों और भावनाओं से निर्देशित होगा।


कोर्ट ने कहा कि विधायिका का कोई कार्य या फैसला न्यायिक समीक्षा की जद में तभी आता है जब या तो इससे मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहे हों या यह स्पष्ट तौर पर पक्षपातपूर्ण लगे। चूंकि मौजूदा मामले में इस तरह की कोई बात नहीं है, इसलिए इस संशोधन पर एतराज करने की कोई जरूरत अदालत ने महसूस नहीं की। ED प्रमुख को दिए जाने वाले एक्सटेंशन का मामला इससे अलग इसलिए था क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही एक मामले में कह चुका था कि उन्हें नवंबर 2022 के बाद एक्सटेंशन नहीं दिया जाना चाहिए। ऐसे में यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हो जाता है, जिसका अधिकार सरकार को नहीं है।


## आज भाजपा में दूसरे दलों से आए नेताओं का बोलबाला हो रहा है

# भाजपा राजनीतिक रूप से तो मजबूत हुई है मगर चारित्रिक रूप से कमजोर हो गयी

**रमेश सर्राफ**


देश में कम्युनिस्ट पार्टियों के बाद अनुशासन के मामले में सख्त मानी जाने वाली भाजपा का अनुशासन अब तार-तार हो गया है। भाजपा में वफादारी की बात करना अब बेमानी हो गया है। सत्ता के लालच में पार्टी के नेता कब कौन-सा कदम उठा ले किसी को पता नहीं है। 2014 के बाद तो भाजपा पूरी तरह बदल गयी है। इस समय की भाजपा सत्ता की इतनी भूखी हो गई है कि सत्ता मिलते देख वह अपने जन्मजात दुश्मनों को भी गले लगाने से परहेज नहीं कर रही है। जब 1980 में जनता पार्टी से अलग होकर भाजपा का गठन किया गया था। उस समय राजनीतिक रूप से तो भाजपा कमजोर थी मगर चारित्रिक रूप से बहुत मजबूत थी। भाजपा के अनुशासन व संगठन को लेकर सभी राजनीतिक दलों में चर्चाएं होती थीं। अपने वफादार कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा हर समय संघर्ष करने को तैयार रहती थी।


**कभी** चाल, चरित्र, चेहरे की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब पूरी तरह से बदल गई है। सत्ता के लालच ने भाजपा का चरित्र ही बदल कर रख दिया है। देश में कम्युनिस्ट पार्टियों के बाद अनुशासन के मामले में सख्त मानी जाने वाली भाजपा का अनुशासन अब तार-तार हो गया है। भाजपा में वफादारी की बात करना अब बेमानी हो गया है। सत्ता के लालच में पार्टी के नेता कब कौन-सा कदम उठा ले किसी को पता नहीं है। 2014 के बाद तो भाजपा पूरी तरह बदल गयी है। इस समय की भाजपा सत्ता की इतनी भूखी हो गई है कि सत्ता मिलते देख वह अपने जन्मजात दुश्मनों को भी गले लगाने से परहेज नहीं कर रही है। जब 1980 में जनता पार्टी से अलग होकर भाजपा का गठन किया गया था। उस समय राजनीतिक रूप से तो भाजपा कमजोर थी मगर चारित्रिक रूप से बहुत मजबूत थी। भाजपा के अनुशासन व संगठन को लेकर सभी राजनीतिक दलों में चर्चाएं होती थीं। अपने वफादार कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा हर समय संघर्ष करने को तैयार रहती थी। पार्टी नेताओं के एक इशारे पर पार्टी कैडर मरने मारने पर उतारू हो जाता था। पार्टी के कार्यकर्ता भूखे रहकर महीनों तक चुनाव में पार्टी के लिए मेहनत करते थे। मगर अब नजारा पूरी तरह से बदल गया है। आज भाजपा का कार्यकर्ता सुविधा भोगी हो गया है। सबको सत्ता का लालच आ गया है। पार्टी का हर कार्यकर्ता पांच सितारा जिंदगी में जीना चाहता है। भाजपा का छुटभैया नेता भी आज बड़ी-बड़ी लग्जरी गाड़ियों में घूम रहा है। एक समय पाई पाई के लिए मोहताज रहने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के पास अचानक ही लग्जरी लाइफस्टाइल बिताने के लिए इतना धन कहां से आया इस बात से पार्टी के बड़े नेताओं को कोई मतलब नहीं रहता है। सत्ता पाने की होड़ में पार्टी आलाकमान उस बात से भी आंख मूंद लेती है जिससे पार्टी की छवि खराब हो रही है। पार्टी की स्थापना करने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, नानाजी देशमुख, विजय राजे सिंधिया, भैरोंसिंह शेखावत, कुशाभाऊ ठाकरे, सुंदर सिंह भंडारी, कल्याण सिंह, मुरली



मनोहर जोशी, शांता कुमार, सुंदरलाल पटवा, श्यामाचरण सकलेचा, मदन लाल खुराना, जगदीश प्रसाद माथुर, विजय कुमार मल्होत्रा, जाना कृष्णमूर्ति, एम वेंकैया नायडू, सूरजभान जैसे बहुत से नेताओं ने पार्टी को बनाने में अपना सब कुछ खपा दिया था। पार्टी में इन वरिष्ठ नेताओं का जब तक दबदबा रहा तब तक पार्टी सत्ता पाने की दौड़ में शामिल नहीं हुई थी। अटल, आडवाणी युग में भाजपा ने अपने को जमीनी स्तर पर बहुत मजबूत किया था। जिसका ही नतीजा है कि आज भाजपा देश में शासन कर रही है। एक समय था जब अटल बिहारी वाजपेयी ने सिद्धांतों से समझौता नहीं कर के प्रधानमंत्री का पद गंवा दिया था। उस दौर में पार्टी के लिए सत्ता से बड़े सिद्धांत होते थे। मगर अब सब कुछ बदल गया है। आज के समय में सत्ता हासिल करना ही पार्टी का मुख्य उद्देश्य बन गया है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने और अमित शाह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने उसके बाद से पार्टी में पुराने नेताओं, पुराने कार्यकर्ताओं को धीरे-धीरे पीछे धकेला जाने लगा। उनके स्थान पर फाइव स्टार कल्चर के नए-नए लोगों को आगे बढ़ाए जाने जाने लगा। भाजपा के बारे में माना जाता था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का पार्टी पर पूरा नियंत्रण रहता है। संघ की इजाजत के बिना पार्टी में पत्ता भी नहीं हिल सकता है। मगर मौजूदा परिस्थितियों में लगता है कि संघ का पार्टी पर से नियंत्रण समाप्त हो गया है। संघ के पदाधिकारी भी आज मौन रहकर पार्टी के सत्ता लोलुप स्वरूप को देख रहे हैं। पार्टी की नीतियों में हस्तक्षेप करने की संघ में भी हिम्मत नहीं रह गई है। इसीलिए भाजपा के बड़े नेता मन मुताबिक फैसले लेकर काम कर रहे हैं। आज भाजपा में दूसरे दलों से आए नेताओं का बोलबाला हो रहा है। पार्टी के शासन वाले बहुत से राज्यों में दूसरे दलों से आए नेताओं को मुख्यमंत्री, मंत्री बनाया गया है। ऐसे ही संगठन में दूसरी पार्टी से आए नेता प्रमुख पदों पर बैठे हुए हैं। हाल ही में पंजाब भाजपा के अध्यक्ष बनाए गए सुनील जाखड़ तो कुछ माह पूर्व ही भाजपा में शामिल हुए थे। कांग्रेस पार्टी में तवज्जो नहीं मिलने के चलते सुनील जाखड़ भाजपा में आ गए थे। पूर्व में वह पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसी तरह असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होकर राज कर रहे हैं। उन प्रदेशों में जो पार्टी कैडर के कार्यकर्ता थे उनका आज पता ठिकाना भी नहीं है कि वो लोग कहां गुमनामी में खो गए हैं। भाजपा के मौजूदा नेतृत्व ने जब 2015 में जम्मू-कश्मीर में जम्मू कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के मुफ्ती मोहम्मद सईद फिर उनकी बेटी महबूबा मुफ्ती के साथ मिलकर सरकार बना ली थी उसी दिन से भाजपा के सभी सिद्धांत समाप्त हो गए थे। सत्ता के लिए मुफ्ती मोहम्मद सईद व महबूबा मुफ्ती जैसे भारत विरोधी विचारधारा के कट्टरपंथी नेताओं के साथ सरकार बनाना भाजपा द्वारा अपने सभी सिद्धांतों को तिलांजलि देने के समान था। इसके साथ ही भाजपा जहां चुनाव नहीं जीत सकती वहां जोड़-तोड़ कर सरकार बनाना शुरू कर दिया। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर इसके पहले शिकार हुए। उसके बाद 2018 में कर्नाटक व मध्य प्रदेश में विधानसभा का चुनाव हार जाने के बाद भाजपा ने वहां दल बदल करवाकर अपनी सरकार बना ली थी। उसी का नतीजा है कि पिछले दिनों संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को कर्नाटक में करारी हार झेलनी पड़ी थी। इसी तरह महाराष्ट्र में भी भाजपा ने पहले शिवसेना में और अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में तोड़फोड़ करवा कर अपनी सरकार बनायी है। हालांकि भाजपा के नेताओं को भी पता लग गया है कि जोड़-तोड़ कर बनाई सरकार को मतदाता स्वीकार नहीं करते हैं। मतदाताओं को जब भी कर्नाटक की तरह मौका मिलता है वह बुरी तरह हरवा देते हैं। इसी साल के अंत में मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव होने हैं। मौजूदा परिस्थितियों से वहां भाजपा कि स्थिति सही नहीं लग रही है। इसी तरह महाराष्ट्र में भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में भाजपा सहित कई दलों की सरकार चल रही है। मगर सरकार में शामिल दलों की आपसी खींचतान के चलते महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में बहुत से पद खाली पड़े हैं। भाजपा आलाकमान ने यदि अपनी नीति नहीं बदली तो आने वाले समय में पार्टी के वफादार लोग पार्टी से दूर होते चले जाएंगे। फिर भाजपा में सिर्फ दलबदलू व मौकापरस्त लोगों का जमावड़ा रह जाएगा। जिनके बल पर भाजपा लंबे समय तक नहीं चल पाएगी।

# लगता है कुंआरों की पेंशन अब दूसरे राज्यों में भी शुरू होगी


एसडीएम मैडम वाले मामले में लोग जिस तरह से पढ़ाई कर रही पत्नी को टारगेट करके ट्रोल कर रहे हैं, उसे देखकर तो मैंने घर वालों को भी यह बात साफ साफ बता दी है। आप भी जरूर कुछ लिखिए इस पर। उसका संदेश पढ़ा और फिर मेरी नजर उसी दौरान हरियाणा सरकार के एक फैसले पर पड़ी। यहां कुआरों को हर महीने 2750 रुपये देने का एलान हुआ है। पैंतालीस से साठ साल के ऐसे प्रौढ़ जिनकी सालाना आय एक लाख अस्सी हजार रुपये से कम है, इसके अलावा विधुरों के लिए भी पेंशन की घोषणा की गई है। अब आप लोगों को लग रहा होगा कि प्रज्ञा के फैसले और हरियाणा में कुंआरों की पेंशन का क्या लेना-देना है? इसे समझने के लिए थोड़ा गहराई में जाना होगा।


**औरत** अपना आप बचाए तब भी मुजरिम होती है

**औरत अपना आप गंवाए तब भी मुजरिम होती है**

प्रज्ञा से करीब तीन साल पहले एक गांव में मुलाकात हुई थी। तब शायद वह सातवीं क्लास में थी, अभी दसवीं पास कर चुकी है। दो दिन पहले वॉट्सऐप पर उसका मेसेज आया- सर, मैंने तय किया है कि घरवाले कितना भी दबाव डालें, मैं तब तक शादी नहीं करूंगी, जब तक पढ़ लिखकर खुद अपने पैरों पर न खड़ी हो जाऊं। एसडीएम मैडम वाले मामले में लोग जिस तरह से पढ़ाई कर रही पत्नी को टारगेट करके ट्रोल कर रहे हैं, उसे देखकर तो मैंने घर वालों को भी यह बात साफ साफ बता दी है। आप भी जरूर कुछ लिखिए इस पर। उसका संदेश पढ़ा और फिर मेरी नजर उसी दौरान हरियाणा सरकार के एक फैसले पर पड़ी। यहां कुआरों को हर महीने 2750 रुपये देने का एलान हुआ है। पैंतालीस से साठ साल के ऐसे प्रौढ़ जिनकी सालाना आय एक लाख अस्सी हजार रुपये से कम है, इसके अलावा विधुरों के लिए भी पेंशन की घोषणा की गई है। अब आप लोगों को लग रहा होगा कि प्रज्ञा के फैसले और हरियाणा में कुंआरों की पेंशन का क्या लेना-देना है? इसे समझने के लिए थोड़ा गहराई में जाना होगा। सोचिए कि देश में हरियाणा ही ऐसा राज्य क्यों है,



जहां कुंआरों को पेंशन देनी पड़ेगी। वह इसलिए कि तमाम कोशिशों के बावजूद सेक्स रेशियो की हालत बाकी देश के मुकाबले अभी भी हरियाणा में बहुत अच्छी नहीं है। आज भी यहां कम से कम पांच जिले ऐसे हैं, जहां लड़कियों की संख्या लड़कों के मुकाबले बहुत कम है। हजार पर नौ से भी नीचे। जाहिर है यहां कुंआरे ज्यादा होंगे। अभी ही उम्मीद की जा रही है कि लाख से ऊपर लाभार्थी तो तत्काल तैयार बैठे हैं। उत्तर प्रदेश की एक एसडीएम के निजी रिश्तों को लेकर गंगा यमुना के दोआबे में जिस तरह का उबाल आया है, उसे देखकर लगता है कि काऊ बेल्ट के कई राज्यों में आगे कुंआरों की पेंशन का ऐलान करना पड़ सकता है। एसडीएम का किस्सा यह है कि उनकी शादी एक सफाई कर्मचारी से हुई। उस वक्त एसडीएम नहीं थीं, बल्कि पढ़ाई कर रही थीं। बाद में उनके बच्चे हुए और वह अपनी मेहनत से एसडीएम बन गईं। इस दौरान पति से रिश्ते खराब हुए और उनकी किसी दूसरे अफसर मित्र से निजी बातचीत के अंश मीडिया में लीक कर दिए गए। यह सुनते ही पुरुष समाज भड़क उठा। बिहार में तो तमाम विडियो और अलबम रिलीज हो गए कि शादी के बाद लड़कियों को पढ़ाया तो समझो ससुराल वालों का बंटाधार। इस माहौल में कुछ लोगों ने तो वाकई अपनी पत्नियों की पढ़ाई छुड़वा दी कि कहीं वह भी पढ़-लिखकर पति को छोड़ न दे। इस होहल्ले और शोरगुल से लगता है कि इससे शादी करने के बाद महिलाओं का तो वाकई बहुत नुकसान हो गया। पर इसका अनदेखा पहलू यह है कि महिलाओं की पढ़ाई की इस ट्रोलिंग से युवा पुरुषों का ही नुकसान होने वाला है। अब प्रज्ञा के उदाहरण से इसे समझ सकते हैं। यह एक मौन क्रांति है, जिसका असर आने वाले वक्त में दिखेगा। जिन बच्चियों के मां-बाप समझ रखते हैं, वह अब बेटियों की जल्दी शादी पर जोर नहीं देंगे। ऐसे में उस कैटिगरी के समाज का सबसे ज्यादा नुकसान होने वाला है, जो अपने लड़कों की जल्दी शादी करने को समझदारी मानता है। ऐसे लड़के जो जवानी के दौरान पढ़ाई-लिखाई और खुद की तरक्की पर मेहनत करने के बजाय आवारागर्दी करते हैं और यह दावा करते हैं कि उन्होंने अपनी पत्नी को पढ़ाया या पढ़ा रहे हैं, अब परेशान होंगे। लड़कियां तय कर रही हैं कि उन्हें तब तक शादी ही नहीं करनी, जब तक वह खुद अपने पैरों पर खड़ी न हो जाएं। उन्हें अब अपना स्वाभिमान प्यारा लग रहा है और वह आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं। दाम्पत्य में एक बराबरी का रिश्ता रखकर साझी जिम्मेदारी उठाना चाहती हैं कि जिसमें कोई किसी पर बोझ न हो। तो अब समझने की बारी उस समाज की है कि जो देसी अलबम और विडियो देखकर नाच रहा है या हंस रहा है। गांव, कस्बों और छोटे शहरों की लड़कियों में यह ट्रेंड जैसे-जैसे बढ़ेगा, वैसे-वैसे कम उम्र में शादियों का चलन कम होता जाएगा। जब पढ़-लिखकर और कुछ बनकर एक युवती विवाह करने का फैसला करेगी, तब वह यह देखेगी कि लड़का कितना काबिल है। लड़कियां ऐसा भी मानने लगी हैं कि शादी इतनी जरूरी भी नहीं। अब यह लड़कों के सोचने-समझने का वक्त है कि वह किसी एक एसडीएम या सफाईकर्मी की जिंदगी के निजी झगड़ों पर ही विमर्श करते रहेंगे या फिर वह समझेंगे जो परतों के नीचे छिपा है और उन्हें दिख नहीं रहा।

## देश दुनीया से

# अलगाववादी आंदोलन और कूटनीतिक चुनौतियां

**समावेशी** विचार और लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले भारत में खालिस्तान आंदोलन की कोई संभावना नहीं है। मगर कट्टरता, धार्मिक प्रदर्शन, सर्वोच्च धार्मिक संस्थाओं के क्रियाकलापों को नियंत्रित करने और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा अलगाववादी ताकतों को संरक्षण न मिले, इसे लेकर सजग रहने की जरूरत अवश्य है। खालिस्तान समर्थक विदेश में भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में भारत को कूटनीतिक स्तर पर कड़े कदम उठाने की जरूरत है। खालिस्तान आंदोलन की संभावनाएं करीब ढाई दशक पहले ही खत्म हो गई थीं, लेकिन भारत से बाहर इसे जिंदा रखने की धार्मिक और राजनीतिक कोशिशें जारी रही हैं। हाल के महीनों में खालिस्तान से जुड़े कट्टर अलगाववादियों और भारत के 'मोस्ट वांटेड' आतंकियों में से कुछ की मौत हुई है, इसे लेकर खालिस्तान समर्थक भारत पर आरोप लगा रहे हैं। दुनिया भर में भारत के खिलाफ प्रदर्शन और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा की अपील भी कर रहे हैं। कनाडा खालिस्तानी समर्थकों का गढ़ माना जाता है, वहीं ब्रिटेन, अमेरिका और आस्ट्रेलिया में भी खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया है। लंदन में खालिस्तानी समर्थकों के हाथों में पाकिस्तान और कश्मीर के समर्थन वाले पोस्टर देखे गए। इसी साल मार्च में ब्रिटेन की राजधानी लंदन में खालिस्तान समर्थकों की उग्र भीड़ ने भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया था। इस दौरान एक व्यक्ति ने भारतीय उच्चायोग पर लगे तिरंगे को उतार दिया था। वहीं आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर में भारतीय दूतावास को खालिस्तान समर्थकों के डर से बंद करना पड़ा था। विदेशों में दूतावास की सुरक्षा के लिए वैश्विक स्तर पर विएना समझौते को माना जाता है। वैश्विक स्तर पर यह राजनयिक संबंधों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संधि है। यह संधि राजनयिकों को मेजबान देश में बिना किसी जबर्दस्ती, उत्पीड़न या डर के काम करने में सक्षम बनाती है। कनाडा, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया जैसे देश भी इस संधि से बंधे हैं। भारत से इन देशों के साझा आर्थिक और रणनीतिक हित हैं। इन सबके बाद भी इन देशों में भारत-विरोधी गतिविधियों से कूटनीतिक चुनौतियां बढ़ गई हैं। कनाडा में भारतीय मूल के करीब दस लाख लोग रहते हैं, जिसमें पंजाबियों को अच्छी-खासी तादाद है, जो आर्थिक और राजनीतिक तौर पर बेहद सक्षम माने जाते हैं। इसका प्रभाव कनाडा के राजनीतिक हितों पर भी देखा गया है। कुछ कनाडाई सिख प्रवासी भारतीय आंदोलन के समर्थन के लिए कट्टरपंथियों को उकसाते हैं। बैसाखी और खालसा दिवस पर कनाडा के राजनेता भी खालिस्तान को समर्थन देते देखे गए हैं। इसके चलते भारत और कनाडा के संबंधों में ठहराव देखा गया है। भारत ने 2022 में कनाडा द्वारा खालिस्तानी अलगाववादी जनमत संग्रह की अनुमति देने पर आपत्ति जताई थी, साथ ही कनाडा में घृणा अपराधों के खिलाफ चेतावनी के साथ आगाह किया था। लोकतंत्र और बहुलवाद की भारत की साझी विरासत के प्रति कनाडा अपना समर्थन जताता रहा है। भारत कनाडा का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार देश है। कनाडा के पास यूरेनियम, प्राकृतिक गैस, तेल, कोयला, खनिज और जल विद्युत, खनन, नवीकरणीय ऊर्जा तथा परमाणु ऊर्जा में उन्नत प्रौद्योगिकियों के दुनिया के सबसे बड़े संसाधन हैं। उसकी चार सौ से अधिक कंपनियों की भारत में उपस्थिति है और एक हजार से अधिक कंपनियां सक्रिय रूप से भारतीय बाजार में कारोबार कर रही हैं।


खालिस्तान समर्थक विदेश में भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में भारत को कूटनीतिक स्तर पर कड़े कदम उठाने की जरूरत है। खालिस्तान आंदोलन की संभावनाएं करीब ढाई दशक पहले ही खत्म हो गई थीं, लेकिन भारत से बाहर इसे जिंदा रखने की धार्मिक और राजनीतिक कोशिशें जारी रही हैं। हाल के महीनों में खालिस्तान से जुड़े कट्टर अलगाववादियों और भारत के 'मोस्ट वांटेड' आतंकियों में से कुछ की मौत हुई है, इसे लेकर खालिस्तान समर्थक भारत पर आरोप लगा रहे हैं। दुनिया भर में भारत के खिलाफ प्रदर्शन और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा की अपील भी कर रहे हैं। कनाडा खालिस्तानी समर्थकों का गढ़ माना जाता है, वहीं ब्रिटेन, अमेरिका और आस्ट्रेलिया में भी खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया है।


## नागरिक बोध

# नागरिक संहिता का एक आसान रास्ता और चुनाव पूर्व वर्ष का सियासी परिदृश्य

**बात** बहुत चौंकाने वाली लगती है और पहली नजर में अविश्वसनीय भी, अगर कोई कहे कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का कानून बिना किसी ज्यादा विरोध के लाया और आसानी से लागू भी किया जा सकता है! लेकिन कैसे? मौजूदा हालात तो ये हैं कि पूर्वोत्तर के कई राज्यों समेत देश के कई हिस्सों के आदिवासी समूहों और मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों आदि धार्मिक समूहों के बड़े वर्गों ने इसे लेकर आपत्ति जताई है। पंद्रह से ज्यादा राजनीतिक दल अपना विरोध जता चुके हैं और भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं कि वह यूसीसी के बहाने 2024 के लोकसभा चुनावों में हिंदू वोटों का तीखा ध्रुवीकरण करा कर चुनावी ट्रंप कॉर्ड खेलना चाहती है। इसमें शक नहीं कि एक प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए यूसीसी बेहद जरूरी है। अगर हम राजनीति को एक तरफ रख दें और भाजपा रचनात्मक रवैया अपनाते हुए एक 'आउट ऑफ द बॉक्स आइडिया' पर विचार करने को तैयार हो, तो एक आसान रास्ता यह निकल सकता है कि इसे 'ऐच्छिक' कानून के रूप में लाया जाए। यानी जो इस कानून को अपनाना चाहे, वह इसे चुन ले और जो अपने पर्सनल लॉ या पुरानी परंपरागत व्यवस्था पर चलना चाहे, वह उसे चुन ले। प्रावधान यह हो कि जिसने भी यूसीसी का विकल्प चुन लिया, वह अपने




पुराने पर्सनल लॉ आदि पर वापस नहीं लौट सकता। पढ़कर बड़ा झटका लगा न आपको? लेकिन आगे की लाइनें पढ़िए और जरा ठंडे दिमाग से सोचिए। देश में इनकम टैक्स देनेवाले कुल चार प्रतिशत लोग हैं। सरकार इनकम टैक्स कानून के तहत छूट के कुछ प्रावधानों को खत्म करना चाहती थी, लेकिन यह भी नहीं चाहती थी कि इससे कोई नकारात्मक संदेश जाए। इसलिए उसने टैक्स का नया ढांचा तो दिया, साथ ही लोगों को यह विकल्प भी दिया कि वे छूट वाले पुराने और बिना छूट वाले नए टैक्स ढांचों में से किसी एक को चुन सकते हैं। सवाल यह है कि अगर केवल चार प्रतिशत करदाताओं के लिए एक 'ऐच्छिक' विकल्प दिया जा सकता है, तो फिर देश की समूची आबादी को प्रभावित करनेवाली नागरिक संहिता के मामले में ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता? आप कह सकते हैं कि ऐसा होने पर बहुत कम लोग ही यूसीसी को चुनेंगे? लेकिन ऐसा सोचना बिल्कुल गलत है। मेरा मानना है कि ऐसा होने पर पहले साल में ही शायद 50 प्रतिशत से भी ज्यादा लोग इसे चुन लेंगे और अगले पांच से दस साल में समूची आबादी इसे स्वतः मान लेने पर मजबूर हो सकती है। कैसे? आइए, देखते हैं। वर्ष 2017 में लोकनीति-सीएसडीएस ने एक सर्वे में पाया था कि देश में 40 फीसदी हिंदू, 24 फीसदी मुस्लिम, 38 फीसदी ईसाई और 30 फीसदी सिख यूसीसी लाए जाने के समर्थक हैं। यह संख्या अच्छी-खासी है। सर्वे यह भी बताता है कि 2004 के मुकाबले यूसीसी का समर्थन करनेवालों की संख्या 2017 आते-आते काफी बढ़ी है। तो छह साल बाद यानी 2023 तक यह संख्या और बढ़ी ही होगी, ऐसा मानना गलत नहीं होगा। दूसरी बात, 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को अकेले 37.4 फीसदी और एनडीए को करीब 45 फीसदी प्रतिशत वोट मिले थे। मोटा-मोटा मान लें कि ये 45 फीसदी वोटर यूसीसी का समर्थन करते ही होंगे। फिर यूसीसी का विरोध करने वाली पार्टियों के बहुत-से नेता, कार्यकर्ता और वोटर भी भीतर से इसके समर्थक हैं ही और इसके ऐच्छिक होने की स्थिति में वे भी इसे चुनेंगे ही। उधर, विभिन्न आदिवासी समूहों और धार्मिक समुदायों के पास विरोध की कोई गुंजाइश नहीं बचेगी, क्योंकि वे अपने पुराने कानूनों पर चलने को स्वतंत्र होंगे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर दिनांक 17 जुलाई 2023 को उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 15.06.2023 से दिनांक 12.07.2023 तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के मामलों में 38 वाहनों को जब्त कर 05 प्राथमिकी दर्ज गई है। तथा 10.5 लाख रुपए जुर्माना राशि की वसूली की गई। आगे उन्होंने बताया कि अवैध वाहनों के राजसात के बाद नीलामी से कुल 130.17 लाख रुपए राशि की राजस्व की प्राप्ति हुई है।बैठक में उपायुक्त ने जिला के वन प्रक्षेत्र, अंचल अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर जिला अनुमंडल पदाधिकारी , जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण, छापेमारी में तेजी लाते हुए संख्या में बढ़ोतरी कर इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई।इस दौरान उपायुक्त द्वारा सभी माइनिंग कंपनियों को निर्देशित किया गया कि हाई कोर्ट के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में कोई भी गाड़ी बिना नंबर के माइनिंग क्षेत्र अथवा परिवहन में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा अन्यथा यह माननीय उच्च कोर्ट के आदेश की अवमानना मानी जायेगी। उपायुक्त ने सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन के विरुद्ध किए गए कार्यों से संबंधित एक्शन टेकन रिपोर्ट ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर टास्क फोर्स के द्वारा की गई कार्रवाई की पूर्ण जानकारी लिया। उपायुक्त द्वारा संबन्धित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में एक भी वाहन से अवैध खनन नहीं होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए उन्होंने दोषियों को पकड़ते हुए तुरंत उन पर एफआईआर दर्ज करने एवं संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, कोल कंपनियों के अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क लूट काण्ड में तीन अपराधी गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** लावालौंग थाना क्षेत्र के टुनगुन गाँव के रतनाग जाने वाली मुख्य सड़क पर तीन अपराधी मिल कर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों से लुट पाट करने की सूचना पर लावालौंग पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक चतरा को सुचना मिली थी की कुछ लोग रतनाग मुख्य सड़क पर लूटपाट की घटना का अंजाम दे रहा है। इसकी सत्यापन के लिए एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी के नेतृत्व में थाना प्रभारी बमबम कुमार, रामाशीष शुक्ला, घनश्याम प्रसाद सिंह के अलावे सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचा। जहां ग्रामीणों ने तीन लुटेरों को पकड़ कर रखे हुए था। लुटेरों में अनिल भुइँया पिता रमेश भुइँया, अर्जुन गंझू पिता चिंतामन गंझू दोनों ग्राम कदले, थनु कुमार पिता करीमन भारती ग्राम नावाडीह, पंचायत बरैनी, तीनो थाना सदर चतरा हैं। लुटेरों के पास से लूटी गई एक मोबाइल , वहीं अपराधी का एक मोबाइल के अलावे घटना का अंजाम में शामिल एक मोटरसाइकिल, एक नकली पिस्टल बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधीयों को काण्ड संख्या 39/23 धारा 392 भादवी के तहत जेल भेज दिया गया है।

## कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के जाला ग्राम में रविवार की रात्रि शिखा देवी 35 वर्ष पति राजेंद्र भगत ग्राम जाला कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिखा देवी का किसी बात को लेकर अपने पति राजेंद्र भगत के साथ विवाद हो गया था और गुस्से में आकर घर में रखे कीटनाशक दवा को खा लिया। जिससे वह अचेत हो गई परिजनों द्वारा अचेत अवस्था में सिखा देवी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

## सर्प दंश से दो लोग अचेत

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के बचरा ग्राम में सोमवार को जहरीला सांप काटने के कारण सहदेव यादव 55 वर्ष पिता स्वर्गीय दुखन यादव ग्राम बचरा थाना बारियातू अचेत हो गया। परिजनों द्वारा अचेतअवस्था में सहदेव यादव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकिसक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिकी इलाज की गई है। वहीं दूसरी घटना कल्याणपुर ग्राम निवासी राजेश गंझु 30 वर्ष पिता स्वर्गीय छेदी गंझू ग्राम कल्याणपुर थाना टंडवा अपनी बहन के घर डूमर टोला भगीया आया हुआ था और घर में रखे सामान को निकाल रहा था इसी बीच जहरीला सांप ने उसके हाथ में काट लिया जिससे वह अचेत हो गया। परिजनों द्वारा अचेत अवस्थामें राजेंद्र गंझु को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई।

## जंगली हाथियों ने गांव में दिया दस्तक, फसल को रौंदा



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के टूटीलाव गांव में जंगली हाथियों ने दस्तक दिया है और गांव में कई लोगों के फसल को बर्बाद कर दिया है। जिसे लेकर भुक्तभोगी गयानाथ पाण्डेय ने कहा की रविवार की रात्रि लगभग 10:00 बजे केंदुवा गांव की ओर से दो जंगली हाथी आए और मेरे खेत में लगे 5 कट्ठा मक्का की फसल 10 आम का पेड़ 5 अनार का पेड़ 2 अमरूद और दो केले के पेड़ को छतिग्रस्त कर दिया। साथ हीं घर के प्रांगण में लगे भिंडी और बोदी को भी नष्ट कर दिया। जिसे लेकर भुक्तभोगी ने सिमरिया अंचलाधिकारी को आवेदन देकर मुवावाजे की मांग किया है।

# प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का दो दिवसीय किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का दो दिवसीय आयोजन किया गया है। जिसकी शुरुआत सोमवार को हुई यह कार्यक्रम शिक्षक दीपक कुमार एवं सत्यम कुमार के निगरानी में करवाई जा रही है। फुटबॉल मैच में रेफरी अखिलेश कुमार, बंटी कुमार हैं। इनके साथ दे रहे कमलेश कुमार सुमित कुमार भी हैं। इस खेल प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम उम्र के बालक एवं 17 वर्ष से कम उम्र की बालिका भाग लेंगे। प्रखंड में संचालित 6 विद्यालयों से छात्र छात्राओं ने खेल में भाग लिया है। बताते चलें कि उच्च विद्यालय द्वारी उच्च विद्यालय पिण्डारकोण, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहरा, मध्य विद्यालय गिद्धौर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बारीसाखी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेक्सा के बच्चे खेल में भाग लिए हैं। प्रथम दिन खेल प्रतियोगिता में बारिसाखी विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गिद्धौर के बच्चियों के बीच फुटबॉल मैच खेला गया। जिसमें कस्तूरबा विद्यालय के बच्चियां दो शुन्य से विजेता हुए ।दूसरी तरफ गिद्धौर और दुआरी के बीच सेमीफाइनल खेला जा रहा था। मौके पर शिक्षक सीताराम रविदास प्रेमचंद दास वीरेंद्र तिर्की जितेंद्र गुप्ता मोहम्मद फहद राकेश कुमार जागेश्वर साहू सुनीता कुमारी विनय मुंडा उपस्थित थे।

## नकली शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री के साथ युवक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बारी साखी टोला मायाडीह गाँव में संजय कुमार यादव पिता रोहित यादव एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा नकली शराब बनाने को लेकर एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नकली शराब बनाने को लेकर एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि नकली शराब बनाने को लेकर पुलिस अधीक्षक चतरा को लगातार सुचना मिल रही थी। जिसकी सत्यापन को लेकर गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। जहां गठित टीम द्वारा बारी साखी टोला मायाडीह में चार घरों पर छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में नकली शराब बनाने में प्रयुक्त समान व नकली शराब तैयार किया हुआ बरामद किया गया। बरामद प्रयुक्त समान में नकली शराब 12 बोतल, स्प्रिट 20 लीटर, इम्प्रियर ब्लू का रेपर 751 पीस, विभिन्न कंपनियों का खाली शराब का बोतल 1159 पीस, बोतल ढक्कन सेट 311 पीस, झारखण्ड सरकार का लोगो का स्टिकर 50 पीस बरामद किया गया। छापेमारी में पुअनि विजय गुप्ता, आ वकील कुमार, सुनील साव, मनोज कुमार शामिल थे। गिरफ्तार अभियुक्त को काण्ड संख्या 51/23 धारा 272, 273, 284, 34 भादवी एवं 47 ए के उत्पाद अधिनियम एवं ट्रेड मार्क एक्ट 1999 की धारा 103/104 के तहत जेल भेज दिया गया है। बाकी अपराधियों को धरपकड़ जारी है।

## पत्रकार पर हमला करने वाले भोला सिंह पर थाना में है दर्जनों मामले दर्ज



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्रकार अशोक के हमलावार सिमरिया विधायक प्रतिनिधि सह बानासाडी पंचायत समिति सदस्य भोला सिंह पर सिमरिया थाना में दर्जनों प्राथमिकी दर्ज है। जिसमें कई प्राथमिकी में कई बार जेल भी जा चुका है। जहां जवाहर विश्वकर्मा द्वारा प्राथमिकी दर्ज के कांड संख्या 113/06, अरविंद सिंह द्वारा काण्ड संख्या 156/08, देवनन्दन सिंह द्वारा काण्ड संख्या 10/09, मोकिम अंसारी द्वारा काण्ड संख्या 119/17, सुशीला साहनी के द्वारा काण्ड संख्या 115/19, सुनीता देवी द्वारा काण्ड संख्या 161/19, प्रकाश ठाकुर द्वारा काण्ड संख्या 24/22, 231/21/22 और पत्रकार अशोक कुमार के द्वारा कांड संख्या 115/23 का मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावे अन्य कई काण्ड संख्या के भी अभियुक्त है। जिसमें अभी तक इसकी गिरफ्तारी नहीं की गयी है। गौरतलब है की घटना के 4 दिन बीत जाने के बाद भी पत्रकार के हमलावर भोला सिंह को गिरफ्तार नही किया गया है। जिसे लेकर चहुओर निंदा की जा रही है। वहीं एक दुशरे के पास उलटे धमकी दिए शान से घूमता नजर आ रहा है जो शर्मनाक है। गौर तलब है कि जिस व्यक्ति पर दर्जनों मामले दर्ज हो वः व्यक्ति किस चरित्र का होगा यह समझा जा सकता है। फिर भी कुछ लोग इसे इतने मामले दर्ज रहने के बाद भी चरित्रवान एवं सुशिल समझ रहे हैं।

## अखिल झारखंड बिरसा मुंडा कामगार यूनियन की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्तिथ पवन होटल के गली में भोला सिंह के आवास में बिरसा मुंडा कामगार यूनियन की एक दिवसीय बैठक दिलेश्वर यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में इन बिंदुओं में बात किया गया। तुबैद कॉल एरिया में ष्व्राहृ के सभी आवश्यक सुविधा मुहैया प्रदान करना तथा तुबैद कॉल एरिया में उचित मुवावजा देना। इस दौरान रवि डे ने कहा कि डीवीसी को मांग पत्र सौंपेंगे और अगर सौपे गए मांग पत्र के अनुसार उचित व्यवस्था नहीं करता हैं। तो हमलोंगो के द्वारा जोरदार प्रदर्शन करेंगे। मौके पर शीला देवी, मोहम्मद कलाम अंसारी, मोहम्मद वकाश, मोहम्मद फरीद अंसारी, जागा उरांव, लाल बिहारी यादव, विजय साव, रामशरण यादव, शैलेश कुमार, मनोज कुमार यादव, मोहर यादव इत्यादि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** गारू प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में मुख्यमंत्री सारथी योजना का उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोपो, गारू जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, सरयू जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, धांगर टोला पंचायत मुखिया प्रभा देवी, चोरहा पंचायत की मुखिया अंकिता देवी व बाढेसाड़ पंचायत के मुखिया सुभाष सिंह ने संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान सभी अतिथियों ने फीता काटकर मुख्यमंत्री सारथी योजना का उद्घाटन किया। मौके पर संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री सारथी योजना मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आम लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की है। ज्ञात हो कि उग्रवाद प्रभावित गारू क्षेत्र में 500 बेरोजगार युवक एवं युवतियों को चयनित कर मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत जोड़कर कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार की दिशा में उन्मुखीकरण करना है।

## अशफाक अहमद मुन्ना मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जेनरल खलीफा बने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को बरवाडीह जामा मस्जिद के सदर हाजी मोहम्मद नासिर खान की सदारत में मोहर्रम इंतजामियां कमेटी के खलीफा का चुनाव के लिए बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद लोगों ने सर्वसम्मति से जनरल खलीफा का ओहदा अशफाक अहमद मुन्ना के नाम मुहर लगाई। जनरल खलीफा का तआईद रिजवान खान वहीं नायब खलीफा मोहम्मद अख्तर खान इनके तआईद जनाब गुलाम सरवर ने किया। वहीं खलीफ ए मेम्बर के रूप में जनाब गुलाम असगर, मोहम्मद साजन, मुन्ना खां, मोहम्मद अजहर, शकील अंसारी, फ़ैज़ खलीफा, फिदा हुसैन, साबिर हुसैन फिरोज सिद्दीक़ी शामिल हैं। वहीं चुनाव बाद मोहर्रम इंतजामिया कमेटी की ओर से मोहर्रम जुलूस निकालने के लिए वक्त मओकर्र किया गया जिसमें छोटकी चौकी 9 बजे सुबह, बड़की चौकी दसवीं पहलआम 10 बजे सुबह और शाम 7 बजे निकालने का निर्णय लिया गया।

## सावन की दूसरी सोमवारी पर मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना, जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सावन की दूसरी सोमवारी पर चतरा जिले के सुप्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर परिसर में पूजा अर्चना व जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। श्रद्धालु अहले सुबह से ही कतारबद्ध होकर मंदिर परिसर में जलाभिषेक करने के लिए आ रहे हैं। मंदिर के पुजारियों की माने तो यहां पर सहस्त्र शिवलिंग स्थापित है जिस पर जलाभिषेक करने से 1008 शिवलिंग पर जलाभिषेक हो जाता है। गौरतलब है कि मां भद्रकाली मंदिर परिसर तीन धर्मों का संगम स्थल है। इसी का परिणाम है कि चतरा समेत आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु पूजा अर्चना और जलाभिषेक करने के लिए मंदिर परिसर में पहुंच रहे हैं। मंदिर के पुजारियों का कहना है कि जलाभिषेक का यह सिलसिला पूरे दिन चलेगा।

## खड़ी ट्रक से चोरों ने बैटरी व जैक किया चोरी



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ मुख्यालय अंतर्गत ब्लॉक के समीप रविवार की रात चोरों ने खड़े ट्रक से चोरी की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ट्रक नंबर जेएच 19 ए 3411 बालूमाथ ब्लॉक मोरसेरवा धार्मिक स्थल के बगल में खड़ी थी जहां से चोरों ने बाई तरफ का दरवाजा तोड़कर बैट्री व जक की चोरी कर लिया। वही ट्रक मालिक राजू पासवान ने बताया कि प्रतिदिन की तरह गाड़ी घर के बगल में खड़ी थी। सुबह जब देखा तो ट्रक के बाई तरफ का दरवाजा टूटा था और गाड़ी से बैटरी और जक गायब थी साथ ही सारा सामान बिखरा हुआ था। ट्रक मालिक ने बालूमाथ थानां में आवेदन देकर कार्यवाही की माग की है।

# राजकीय सम्मान के साथ एसएसबी जवान शिव कुमार यादव का किया गया अंतिम संस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र के मीरपुर पंचायत के ग्राम आमीन में रविवार को जमीनी विवाद में एसएसबी जवान शिव कुमार यादव की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद आज सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ पंच तत्व में विलीन कर दिया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मृत जवान के गांव के ही घरी नदी श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया है। इस मौके पर एसएसबी कंपनी52 के सहायक कमांडेंट आयुष मिश्रा, पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार पांडे,थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी ने एसएसबी जवान शिव कुमार यादव के अंतिम संस्कार में शामिल होकर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। जवानों के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्रीय गान के साथ सलामी दिया गया । मृतक के शव पर फूलों का माला देकर सम्मान पूर्वक नम आंखों से विदाई दी गई। मृतक जवान के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इस घटना के बाद पुलिस के द्वारा लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। ताकि कीसी भी तरह की घटना की पुनरावृति न हो इसके लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। एसएसबी शिव कुमार यादव की अंतिम संस्कार में यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लातेहार निवासी बल्ली यादव, जिला अध्यक्ष अर्जुन यादव, राजद प्रदेश सचिव सह लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अरुण कुमार यादव,राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव,हंटरगंज प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव मौजूद थे और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इस घटना का पुर जोर निंदा किया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष बल्ली यादव के द्वारा मृतक के पुत्री को दस हजार रुपये नगद आर्थिक मदद दिया गया है। **मृत जवान शिव कुमार यादव के घरवालों से मिली जिप अध्यक्षा ममता कुमारी :** जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी मृत एसएसबी जवान शिव कुमार यादव के पुत्र एवं पुत्री से मिल कर ढाढस बंधाते हुए गहरा दुख व्यक्त किया है । साथ ही परिजनों को दुःख की घड़ी में हिम्मत और सब्र से काम लेने की सलाह देते हुए नजर आई । वही मौके पर पुलिस प्रशासन को शांति बनाए रखने के लिए निर्देशत भी किया है। जिप अध्यक्षा श्रीमती कुमारी ने कहा कि यह घटना दुखद और शर्मनाक है।थोड़े सी जमीन के लिए एक देश के नौजवान और बहादुर सिपाही की जान मुफ्त में चली गई है जो काफी चिंता का विषय है और दुर्भाग्य है।सीओ मिथलेश कुमार अगर सचेत रहते तो देश के एक बाहुदुर एवं नवजवान की जान नही जाती।

## महंगाई की मार, थाली के बाद अब बाजार से भी गायब हुआ टमाटर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** थाली के बाद अब बाजार से भी गायब हुवा टमाटर वही सब्जी में तड़का लगाना अब महंगा हो गया है।दरअसल लोग टमाटर खरीदने कुन्दा हॉट बाजार पहुंचे तो सब्जी वाले कि मंडी में टमाटर दिखाई ही नहीं दिया।वहीं सब्जी में तड़का लगाने के लिए अधिकतर परिवारों में टमाटर का प्रयोग किया जाता है।पिछले कई हफ्तों में टमाटर के दाम में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।उधर,गृहिणियों का कहना है कि बाजार में सब्जियों के दाम बढ़ने से घर की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है।टमाटर तो मानो रसोई की पहुंच से दूर ही हो गया है। वही पिछले हफ्ते यानी सोमवार को बाजार में टमाटर की उपलब्धता थी लेकिन इस सोमवार को सब्जियों की मंडी से टमाटर गायब दिखा वही ग्रामीण क्षेत्र में टमाटर के दाम 120 से130 रुपए किग्रा.तक पहुंच गए हैं। जिससे लोगों का बजट बिगड़ गया है। सलाद के तौर पर टमाटर थाली से गायब हो रहा है।क्योंकि महंगा होने के कारण लोग सब्जी बनाने की जरूरत भर के लिए 250 ग्राम से 500 ग्राम ही खरीदने के लिए मजबूर हो गए हैं।वो भी मिलना मुनासीब सा हो गया है। वहीं लोगों ने यह भी बताया की आम अवाम के लिए महंगाई की मार इस कदर बढ़ गई है की थाली तो छोड़िए बाजार से ही टमाटर गायब हो गई है।

## सालों से जर्जर है किचन, क्लास रूम में बनता है भोजन



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर में स्थित राजकीय उत्क्रमित विद्यालय राज डंडा में स्कूल के किचन समेत क्लास रूम भी है जर्जर। माध्यम भोजन बनता है क्लास रूम में इसको पड़ताल को लेकर प्रभात मंत्र के पत्रकार ने प्रधनधपिका अरुणा टोप्पो से बात चीत में बताइए कि स्कूल भवन एवम् किचन सालो खराब हो हुआ है । टूट कर गिर गया हम लिखित आवेदन मुखिया प्रमिला मिंज को कई बार दिय पर कोई प्रभाव नहीं हुआ ।कई बार अधिकारी को भी दिय तो भी कोई नहीं है सुनने वाला हो जाएगा सब जगह से बोला जाता है। क्लास रूम में बच्चे बैठने से भी डरते है सरकार की तरफ से बहुत योजना आती है पर स्कूल भवन के लिए सब अधूरा है।

## संक्षिप्त खबरें

### जो दूसरों पर अंगुली उठाते है, याद रहे चार अंगुलियां उनकी ओर होती है : गुरु प्रसाद साव

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हज़ारीबाग लोकसभा सीट भाजपा की परंपरागत सीट रही है। यहाँ के आममतदाताओ का भाजपा के प्रति विशेष लगाव रहता है । यहाँ के मतदाता अन्य दलों को पसंद नही करते ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की माँग है,कि किसी अन्य दल को यह सीट ना दी जाय। इस मुद्दे पर विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा पश्चिमी मंडल महामंत्री गुरु प्रसाद साव ने कहा कि हज़ारीबाग साँसद तथा भाजपा विधायकों के द्वारा हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास के अनेको कार्य किये गए है ।प्रधानमंत्री के नौ साल एवं पूर्व के रघुवर दास के कार्यकाल में धरातल पर उतारी गई,जहाँ तक माण्डू विधानसभा क्षेत्र की बात है,माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने माण्डू विधानसभा में इतिहास रचते हुए आजादी के बाद पहली बार माण्डू में कमल खिलाने के काम किया। माण्डू विधायक अपने क्षेत्रों की जनसमस्याओं पर पैनी नजर रखते हुए उसका निदान करते है,शिक्षा के क्षेत्र में भी इनका अमूल्य योगदान रहा जिसके तहत टेकलाल महतो डिग्री,आईटीआई कॉलेज,विष्णुगढ़ + उच्च विद्यालय का नवनिर्माण,परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का नवनिर्माण,गोविंदपुर उच्च विद्यालय में भवन निर्माण एवं चारदीवारी का निर्माण समेत शिक्षा के क्षेत्र के कार्य किये गए। चिकित्सा के क्षेत्र में विष्णुगढ़ सीएचसी की मरम्मती, रंगरोगन, पथ एवं मास्क लाइट। बनासो से बुड्गड्डा तक सड़क की स्वीकृति,अलपिटो में पावर सब स्टेशन,उरगी नावाडीह में पावर ग्रिड,समेत पीसीसी पथ,डैम, तालाब,की कई विकास की योजनायें की गई है,जिनकी फेहरिस्त काफी लंबी है। प्रवासी मजदूर की घरवापसी समेत कई मुद्दों में भी इनकी सक्रियता रही है। स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति को लेकर सड़क से सदन तक इनके द्वारा उठाये गए है। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमों जिलाउपाध्यक्ष हिरामन महतो,मंडल उपाध्यक्ष महादेव मंडल,पिंकी देवी,मंत्री राजेश सोनी,महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी,उपाध्यक्ष सीमा देवी,महामंत्री गायत्री देवी,मीडिया प्रभारी सीमा डिम्पल,डेजी सिन्हा,अनु0जाति मोर्चा महामंत्री दीपक कुमार रजक,भाजयुमो मंत्री कन्हाई यादव समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की ।

### नशे के मकड़जाल में विष्णुगढ़ के युवा

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ में नशीली पदार्थो का युवा बिना किसी भय के नशा कर रहे,और इसकी गिरफ्त में गिरफ्तार होते जा रहे है । नशे के कारोबारी ने कुछ युवाओं को ढाल बनाकर पूरे प्रखंड को अपने मकड़जाल में फंसा लिया है। बड़ी बात यह है कि विष्णुगढ़ में इन दिनों गांजा और शराब की लत से कई युवा बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। नशे की लत से जहाँ आर्थिक नुकसान होता है,वहीँ युवा पीढ़ी मानसिक विकार से ग्रसित होती जा रही है। नशेड़ियों ने गांव के मुख्य मुख्य स्थानों पर जमुनिया डैम, विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज के आसपास, हॉस्पिटल चौक शमशान घाट,सतगढ़वा पुल, मां सिंहवाहिनी मंदिर, विष्णुगढ़ बकसपुरा नदी स्थित श्मशान घाट विष्णुगढ़ पुराना पंचायत भवन में अपनाअड्डा बना रखा है। बता दें कि विगत कुछ वर्षो में गांजा और शराब का नशा करने वालों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। नशे की लत इस कदर बढ़ी है,कि सुबह उठते ही उन्हें इसकी तलब हो जाती है। फिर किसी भी सूरत में उन्हें ये चाहिए तभी उनका शरीर काम करता है।जानकार सूत्र बताते हैं कि युवाओं ने नशा के कई नए -नए तरकीब निकाली हैं।अपने हाथो के नश में नशा का इंजेक्शन, व्हाइटनर, कोरेक्स, सुलेशन, यहां तक कि पानी की बोतल में पानी भरकर नई तकनीकी से गांजे का सेवन कर रहे हैं। चिंता की बात ये है कि इस तरह की घटनाओं से अभिभावकों की चिंताएं दिन-रात बढ़ती ही जा रही है।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय मनुआ में हुआ शोकसभा का आयोजन

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित उच्च विद्यालय (यूएचएस) मनुआ मांडू रामगढ़ में रामगढ़ के पूर्व उपविकस आयुक्त नरेंद्र कुमार सिन्हा के आकस्मिक निधन पर विद्यालय में शोक व्यक्त किया गया। साथ ही उनके द्वारा विद्यालय के विकास के प्रति उत्साहवर्धन के लिए उनके योगदान को याद किया गया । विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने असेंबली में उनकी आत्मा की शान्ति प्रदान हेतू दो मिनट का मौन धारण किया गया और ईश्वर से उनके परिवार को दुखद घड़ी में धैर्य धारण की शक्ति के लिए प्रार्थना की गई।

### अवैध खनन के विरुद्ध अंचल अधिकारी पतरातू द्वारा चलाया गया जांच अभियान

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम सोमवार को अंचल अधिकारी पतरातु श्री शिव शंकर पांडे द्वारा पुलिसकर्मियों के साथ पतरातू प्रखंड अंतर्गत टोकीसूद एवं टेरपा छेत्र में अवैध बालू के स्टॉक के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान टोकीसूद व टेरपा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 20 हाईवा वाहन अवैध बालू का स्टॉक जब्त कर प्रखंड कार्यालय पतरातू के परिसर में रखा गया जिसके उपरांत बालू के निस्तारण हेतु नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न, दिये गये कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही अड़चनों को समन्वय बनाकर दूर करने के उद्देश्य से अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त नैन्सी सहाय ने स्वीकृत योजनाओं को सही समय पर धरातल पर उतारने एवं अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुचाने के लिए कर्त्तव्यबोध के साथ सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर कर कार्य करें। मौके पर जिला स्तर से डीएमएफटी के द्वारा स्वीकृत योजनाओं के समीक्षा के क्रम में भूमि विवाद अथवा स्थानीय मामले को लेकर कोई भी योजनाएं बीच में न रूके इसके लिए संबंधित अंचलाधिकारियों को भूमि विवादों को निबटारे में गंभीर होकर सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यकारी एजेंसियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में भूमि संबंधित मामलों के लिए राजस्व शाखा एवं अंचलाधिकारियों से समन्वय कर योजनाओं को यथाशीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी मद से स्वास्थ्य केन्द्रों,स्कूलों का सुदृढ़िकरण,आगंनबाड़ी केन्द्रों का जीर्णोद्धार व मॉडलीकरण आदि महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं जिसका क्रियान्वयन विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के माध्यम से कराया जा रहा है। जिसमें जिला परिषद को आंवटित कार्य के क्रियान्व्यन में समन्वय के अभाव के कारण हुई देरी पर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाई। साथ ही अंचलाधिकारियों के साथ कॉर्डिनेट कर अड़चनों को दूर करते हुए कार्यो में गति लाने का निर्देश दिया। बैठक में मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में पोटो हो खेल मैदान निर्माण योजना के तहत खेल मैदान के भूमि चिन्हितीकरण में रूचि नहीं लेने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने खासी नाराजगी जताई। उन्होंने अंचलाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा जमीन नहीं ढूंढ पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर-अंदर खेल मैदान के लिए भूमि चिन्हितीकरण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश सभी अंचलाधिकारियों को दिया। इसके अलावे बिरसा सिंचाई कूप योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना जैसे राज्य सरकार की फ्लैग्शीप योजनाओं के लिए लाभूक एवं योजना स्थल का चयन कर योजनाओं को समय पर प्रारंभ करने का निर्देश दिया।




## कोयलांचल अरगड्डा-सिरका में दूसरी सोमवारी पर महादेव के भक्तों ने लगाए जयकारे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा-सिरका, जीएम ऑफिस समेत गांव टोंगी, चपरी, कंजगी, बुमरी, हेसला, मनुआ, फुलसराय के शिवालयों में दूसरी सोमवारी पर भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह से देर संध्या तक नीलकंठ के जयकारे से माहौल भक्तिमय बन उठा। महादेव के भक्तों ने भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए शिवलिंग पर दूध, दही, शक्कर, मधु, बेलपत्र, धतूरा पुष्प की माला, भांग, जल चढ़ाकर अपने जीवन की खुशहाली की कामना की। मंदिर समितियों ने दूसरी सोमवारी को लेकर तैयारी कर रखी थी।



## जल्द होगी आरबीएसएस जिला कमिटी की घोषणा : धनंजय कुमार पुटूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुराना सदर अस्पताल के निकट स्थित आरबीएसएस के प्रधान कार्यालय में रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र राम, संचालन अमित पटेल व धन्यवाद ज्ञापन कैलाश महतो ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष सह रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस उपस्थित हुए। बैठक में धनंजय कुमार पुटूस ने उपस्थित सदस्यों से संगठन द्वारा पूर्व में किये गए कार्यो की रिपोर्ट ले समीक्षा कर एवं संगठन के विस्तार हेतु जिला कमिटी के विस्तार पर चर्चा की।धनंजय कुमार पुटूस ने बताया की आरबीएसएस के कार्यकर्ता सामाजिक कार्यो में सक्रिय होकर कार्य कर रहे हैं जिस कारण संगठन के प्रति लोगो में विश्वसनीयता तेजी से बढ़ रही है, इसी को देखते हुए जल्द ही पूरे जिले में पंचायत स्तर तक कमेटी का विस्तार करने की योजना है। जल्द हीं जिला कमिटी का विस्तार कर साफ छवि के शिक्षित लोगों को संगठन से जोड़ा जाएगा तथा सभी को साथ लेकर रामगढ़ जिला की बेहतरी के लिए कार्य किया जाएगा। बैठक में पूनम टोप्पो, अजय राम,अमित पटेल,रमा मिश्रा, गोलू पांडे,मल्लिका दत्ता,अमित गुप्ता,मनीषा कौंडल, सुमित वर्मा,रणधीर गिरी,गोलू पांडे, दीपक कुमार,शिव करमाली,सिकंदर सोनी आदि उपस्थित हुए।



## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार रामगढ़ जिला के कंडेर पंचायत में टी0बी0 मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला के दौरान कंडेर पंचायत की उप मुखिया ललिता देवी ने कहा की इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत के स्तर पर लोगो के साथ-साथ पंचायत के मुखिया, उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों आदि को भी टी0बी0 के प्रति जागरूक करना है। साथ ही मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा टी0बी0 मरीजों की सही समय पर पहचान करना एवं उनके इलाज के लिए उत्प्रेरक बनना भी इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है।कार्यशाला के दौरान पिरामल स्वस्थ्य के विशाल कुमार एवं जूही सिंह के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि उनके क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति में टी0बी0 के लक्षण दिखाई देने पर हेल्थ एन्ड वेलनेस सेन्टर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और साहिया के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने हेतु रेफ़रल सिल्प् व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



## नेशनल एंटी करप्शन ऑपरेशन कमिटी की बैठक का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नेशनल एंटी करप्शन ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया की स्थानीय इकाई की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी अभिहित अधिकारी, पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए थे। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय जिला अध्यक्ष, मनोज कुमार दास ने करते हुए संगठन के उद्देश्य पर विस्तृत रूप से चर्चा की और कहा कि संगठन का मूल कार्य भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करना और अत्याचार से पीड़ित लोगों की सेवा कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उनमें जागरूकता लानी है और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित भी करवानी है। इस बैठक के आयोजन में स्थानीय सचिव अभिषेक कुमार ने समाज के पीड़ित एवं वंचित लोगों को अच्छी सेवा व सरकारी लाभ संगठन के माध्यम से देने का संकल्प लिया और साथ मिलकर भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने पर जोर दिया। इसी संगठन के महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी अधिवक्ता मोनालिसा लकरा ने कहा कि संगठन संचालन का अपना एक मानक है जिसके तहत् ही समाज के लोगों को सेवा मुहैया करानी चाहिए अर्थात् पीड़ित के बिना सहमति के नहीं। इसी प्रकार बैठक के संचालन के दौरान अन्य सदस्यों यथा हंसराज लोहरा, दिनेश कुमार सिंह , अनवर के साथ अन्य ने भी संगठन के सामाजिक उद्देश्य पर प्रकाश डाला। बैठक में राकेश ठाकुर, सुबोध कुमार, धनंजय कुमार गुप्ता (जिला कल्याण प्रकोष्ठ प्रभारी), रविंद्र कुमार, अजीत कुमार,अधिवक्ता अजय कुमार पांडे, हिमांशु मिश्रा, डॉ.गौतम कुमार गुप्ता, अभिमन्यु कुमार सिंह समेत कई अन्य ने भाग लिया।



## सांसद जयंत सिन्हा ने हजारीबाग में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ की टिफिन पर चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने 16 जुलाई को हज़ारीबाग के डेमोटांड स्थित अपने आवास पर हज़ारीबाग व रामगढ़ के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ टिफ़िन पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न संगठनात्मक व विकास कार्यों पर संवाद हुआ।हम सभी अवगत हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के ऐतिहासिक 9 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसके उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा देश भर में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। हज़ारीबाग लोकसभा में भी विराट स्तर पर महा जनसम्पर्क अभियान चलाया गया, जिसमें जयंत सिन्हा के नेतृत्व में हज़ारों कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस अभियान के तहत हज़ारीबाग संसदीय क्षेत्र के कोने-कोने में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। विकास तीर्थ, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स मीट, लाभार्थी सम्मेलन, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ टिफ़िन पर भोजन व परिचर्चा, डोर टू डोर जनसम्पर्क, विशाल जनसभा, योग दिवस, संयुक्त मोर्चा सम्मलेन व व्यापारी सम्मलेन समेत विभिन्न कार्यक्रम क्षेत्र भर में आयोजित किये गए। जयंत सिन्हा ने हज़ारीबाग व रामगढ़ में कई दिनों तक डोर टू डोर जनसम्पर्क किया। उन्होंने लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियों व विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। मोदी जी के नेतृत्व में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक विकासशील योजनाओं का लाभ पहुँच रहा है। हज़ारीबाग लोकसभा के सुदूरवर्ती इलाकों तक लोग बुनियादी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। हज़ारीबाग व रामगढ़ में श्री जयंत सिन्हा जी व भाजपा कार्यकर्ताओं को जनता का भरपूर स्नेह व आशीर्वाद मिला। लोग मोदी सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों से बेहद खुश व संतुष्ट हैं।

जयंत सिन्हा ने जनसम्पर्क अभियान के दौरान हज़ारों लोगों को सीधा मोदी के साथ जोड़ा। भाजपा द्वारा चलाये गए कार्यक्रम के तहत उन्होंने क्षेत्रवासियों से 9090902024 पर मिस्ड कॉल करवाई और उन्हें जनसम्पर्क से जनसमर्थन अभियान का हिस्सा बनाया। जनता द्वारा भाजपा को दिया जा रहा स्नेह 2024 का परिणाम बता रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में पुनः मोदी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ विजयी होने जा रही है।



## आजसू किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष का आकस्मिक निधन पार्टी में शोक की लहर

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष कांडतरी निवासी तारकेश्वर महतो का आकस्मिक निधन हो गया है। तारकेश्वर महतो का इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में हो रहा था जहां उन्हें का ब्रेन हेमरेज हो जाने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना मिलने पर आजसू पार्टी एवं प्रखंड शोक की लहर दौड़ पड़ी। मौत की खबर सुनते ही आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव विधानसभा प्रत्याशी रौशन चौधरी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे और हमारे पार्टी के लिए एक अच्छी है मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि तारकेश्वर महतो हम लोगों को छोड़कर चले गए। उनका पार्टी के प्रति समर्पण और इमानदारी को पार्टी कभी नहीं भूलेगा। शोक व्यक्त करने वालों में उप प्रमुख वचन देव कुमार, कोलेश्वर गंझू, पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, चेपा कला मुखिया अनिकेत नायक, तुलेश्वर राम, कामेश्वर महतो, दिनेश महतो, संदीप ठाकुर, शशि महतो, उपेंद्र महतो तनुज साव,अर्जुन महतो, प्रभाकर कुमार, मनोज दांगी, फिरोज खान ,सुरेश महतो ,नागेश्वर तुरी ,सुरेश गिरी ,शंकर मिश्रा ,विनोद महतो ,तुलेश्वर महतो, संतोष सिन्हा इत्यादि लोग हैं।

## सवारी गाड़ी एवं मालवाहक वाहन के टक्कर में दर्जनों कांवरिये घायल, चार की स्थिति गंभीर

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोरहर थाना क्षेत्र के गोरहर पुल के समीप सवारी वाहन एवं मालवाहक वाहन संख्या RJ 14 GJ 7650 में तडके दोपहर करीब दो बजे जीटी रोड पर जोरदार टक्कर होने से 18 कांवरिये घायल हो गए।जिसमें से चार कांवड़ियें गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना की सूचना मिलते ही गोरहर पुलिस मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा उपचार के लिए ले जाया गया।चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल चार कांवड़ियों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया है।जबकि अन्य आंशिक रूप से घायल कांवड़ियों को इलाज करवाने के बाद सभी को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचानें का प्रयास किया जा रहा था।सभी कांवरिये देवघर बाबा धाम से वापस लौटने के क्रम में सडक़ दुर्घटना हुई।सभी घायल इचाक हजारीबाग के रहने वाले हैं।

## बुढवा महादेव में हुआ पूजन सामग्री का वितरण व जागरण कार्यक्रम का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सृजित फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा पवित्र श्रावण मास की दुसरी सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढवा महादेव स्थित शिवमंदिर में पूजन समाग्री का वितरण एवं भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूजन समाग्री कार्यक्रम सुबह छः बजे शुरूआत हुई। जिसमें श्रद्धालुओं को दुध, फुल, अगरबत्ती, माचिस एवं बेलपत्र का वितरण किया गया। भक्तगण पूजन सामग्री प्राप्त कर भगवान भोले शंकर का आराधना तथा पूजा अर्चन किया। इस दौरान ट्रस्ट द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मशहूर हजारीबाग कलाकारों के द्वारा भगवान भोले शंकर के भक्ति गीत गाकर भक्तजनों को आनंदित किया और भक्तिमय में सब लोग को शामिल करने का भरपूर प्रयास किया। जागरण कार्यक्रम में हजारीबाग के मशहूर कलाकार अखिलेश कुमार वर्मा सविता देवी मानसी कुमारी एवं सुरेश कुमार ने भक्ति गीत संगीत से समा बांध दिया व भक्तजनों का जमकर तालीयां बटौरी व सफलतापूर्वक जागरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं मंच संचालन भैया असीम ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि श्रावण मास में इस प्रकार का कार्यक्रम का होना काफी अच्छी पहल है। इससे क्षेत्र में भक्तिमय का महौल बनेगा। शिव व पार्वती की कृपा तमाम भक्तों पर बनेगी। कांग्रेस नेता मनोज नारायण भगत अपने संबोधन में कहा कि ट्रस्ट अपनी दायित्व का बेखुबी से निर्वहन कर रही है। धार्मिक कार्य में इस प्रकार का रूचि रखना बेहद सुखद है। समाजसेवी कमलेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान का यह काफी अच्छा पहल है।

## ग्रामीणों की मांग पर पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि मो. क्युम व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन दास ने सड़क का कराई मरम्मत्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत में डपोक से गरजामु पुलिया तक सड़क का हाल बेहाल है। सड़क खराब रहने के कारण इस बरसात में ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता था। खराब सड़क के कारण दुर्घटनाएं भी होती थी। इस समस्या को डपोक पंचायत के ग्रामीणों ने पूर्व जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो. कैयूम अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा की इस रोड को कम से कम मोरम भरा कर आने जाने लायक बनाया जाय। जिसके बाद पूर्व जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो. क्यूम व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन दास ने त्वरित कार्य करते हुवे पूरे डपोक के नवयुवक के सहभागिता से 125 ट्रीप मोरम भराकर रोड़ का कार्य पूर्ण किया गया। वहीं ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन व जन प्रतिनिधि से मांग किया की पड़रिया से मलकोको होते हुवे ओरपता, खुर्द जावड़, डपोक, डुमरियाडीह, गरजामू, बैजलाडीह गुंडियो तक पीडब्ल्यूडी से जल्द रोड़ बनाया जाय, अन्यथा बाध्य होकर आगामी 2024 को होने वाले चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य उमेश दास, उप मुखिया बलराज यादव, संजय पांडे, सुरेंदर यादव, विकाश पांडे, ब्रमदेव यादव, अजय पांडे, सुनील कुमार, प्रकाश यादव, जागेश्वर साव, अजय यादव, सीता राम यादव, किसुन पांडे, रंजित पांडे, पप्पू पासवान, संजय पासवान, सीताराम पासवान, विकाश नायक, संतोष यादव, हसमत अंसारी, गुलाम अजहर, निजाम अंसारी आदि मौजूद थे।



## सावन की दूसरी सोमवारी पर बुढ़वा महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बुढ़वा महादेव मंदिर में सावन के दूसरी सोमवारी के अवसर पर हजारों शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जल चढ़ाएं। जलाभिषेक करने के लिए अहले सुबह से ही शिव भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। श्रद्धालु जल चढ़ाने के लिए शाम तक आते रहे। शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए झारखंड के अलग-अलग जिले के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ राज्य से शिव भक्त आए हुए थे।

वहीं शिव भक्तों को ध्यान में रखते हुए बुढ़वा महादेव सेवा समिति कर्णपुरा क्षेत्र के द्वारा खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। सेवा समिति के द्वारा ग्रामीणों से समिति को सहयोग करने की अपील की गई है। साथ ही बुढ़वा महादेव परिसर को स्वच्छ रखना सब की जिम्मेवारी बताई गई।

बुढ़वा महादेव परिसर के जंगल को बचाने के लिए वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति कांडतरी, खैरातरी एवं पड़रिया के सदस्यों के द्वारा दिन भर जंगल की रखवाली की गई। जंगल को क्षति पहुंचाने वाले लोगों को सख्त हिदायत दी गई। वन प्रबंधन समिति के द्वारा वन को बचाने के लिए सहयोग मांगी गई। मौके पर मुख्य रूप से उप प्रमुख बचनदेव कुमार, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, बुढ़वा महादेव सेवा समिति कर्णपुरा क्षेत्र के अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव झमन प्रसाद, कोषाध्यक्ष बालेश्वर महतो, उपाध्यक्ष सरजू महतो, बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, सिरमा पंचायत के उप मुखिया मनोज कुमार, सुबेंद्र कुमार, राथो कुमार, शिवम कुमार, टीकू महतो, कीनू राम के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## आईडीबीआई बैंक ने 375 दिनों के अमृत महोत्सव एफडी की घोषणा की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईडीबीआई बैंक ने 15 अगस्त 2023 तक वैध 7.60त्न प्रति वर्ष की अधिकतम दर प्रस्तावित करते हुए 375 दिनों के लिए अमृत महोत्सव एफडी के एक विशेष समूह की पेशकश की है. इसके अलावा, प्रतिदेय विकल्प के तहत मौजूदा 444 दिनों के लिए अमृत महोत्सव एफडी÷ 7.65त्न प्रति वर्ष की अधिकतम दर प्रदान करता है और गैर-प्रतिदेय विकल्प के तहत 7.75त्न प्रति वर्ष की अधिकतम दर प्रदान करता है।

## फुटपाथ दुकानदार संघ ने की कांग्रेस जिलाध्यक्ष से मुलाकात

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के प्रतिनिधि मंडल एवं गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र यादव से मुलाकात कर वेंडिंग जोन के संबंध में चर्चा की।इस दौरान फुटपाथ दुकानदार संघ के सभी सदस्य उपस्थित थे जिनमे राजेश कुमार गुप्ता रविंद्र महतो इम्तियाज संतोष कुमार गुप्ता सलीम विजय कुमार गुप्ता प्रदीप साहू कुंती देवी रमेश अरोड़ा शहादत अंसारी कर्मी तिर्की गीता देवी संतोष साहू विजय राम जय मंगल पांडे मोहम्मद शमीम पप्पू रजक समेत कई अन्य मौजूद थे।




## प्रधानमंत्री ने आरिफा प्रवीण को दी शुभकामनाएं

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विवेकानंद सेंट्रल स्कूल कक्षा दसवीं की छात्रा आरिफा परवीन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में हिस्सा लेने और इसी विषय पर अपने विचार को साझा करने के लिए धन्यवाद दिया है। आरिफा प्रवीण को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा है कि आप जैसे युवा साथियों के विचारों को जानना समझना हमेशा उत्साहजनक होता है। आज की युवा पीढ़ी की उर्जा, आत्मविश्वास और क्षमताओं को देखकर मुझे अत्यंत गर्व होता है। इस युवा शक्ति से हमारे देश की आशाएं और आकांक्षाएं जुड़ी हुई हैं। प्रधानमंत्री ने आरिफा से कहा है कि आप जीवन की हर परीक्षा में सफलता प्राप्त करें। प्रधानमंत्री मोदी ने आरिफा की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। पत्र मिलने के बाद विवेकानंद सेंट्रल स्कूल की प्रिंसिपल मौसमी माईटी ने आरिफा को सम्मानित किया है। आरिफा परवीन परीक्षा पे चर्चा में भाग लेकर वेबसाइट पर अपना फीडबैक अपलोड किया था जिसे काफी सराहा गया। आरिफा ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने छात्र जीवन से ही कैरियर बनाने पर ध्यान देना चाहिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र पाकर आरिफा व रिश्तेदार व मुहल्ले वासी काफी खुश हैं। शहर के खिरगांव खान रोड की रहने वाली आरीफा के पिता गुलाम अहमद रजा हजारीबाग नगर निगम के कर्मी हैं। दादी सरकारी शिक्षिका थी जो सेवानिवृत्त हैं। आरिफा के चाचा डॉ मोहम्मद चांद नेजामी आरक्षी स्कूल में सरकारी शिक्षक हैं।आरिफा प्रवीण को मोहिबबान ए उर्दू झारखंड के तमाम सदस्यों ने अपनी तरफ से मोबारकबाद देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## सदर थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित जैन पेट्रोल पंप में हुई चोरी

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित जैन पैट्रोल पंप सप्लाई कंपनी में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है । बता दें की सोमवार सुबह जब पेट्रोल पंप कर्मी पंप को खोलने गये तो देखा कि ऑफिस के ग्रिल को किसी ने क्षतिग्रस्त किया है और अंदर घुसकर सारा सामान लेकर चंपत हो गए हैं । वहां तत्काल सदर थाने को सूचित किया जिसके बाद पुलिस की टीम पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की पंप कर्मी ने बताया कि रॉड के माध्यम से ग्रिल को चौड़ा किया गया और किसी ने घुसकर अंदर से रखे सभी सामानों को पैसे सहित ले उड़े ।




### व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा

**आवश्यक सूचना**

दिनांक 17.07.2023

व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा में चतुर्थवर्गीय पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या– 01/2023 के आलोक में साक्षात्कार दिनांक 24.07.2023 (सोमवार) से प्रारम्भ हो रहा है। साक्षात्कार के संबंध में विस्तृत जानकारी व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा के official website पर upload कर दी जायेगी।

आदेशनुसार
प्रभारी न्यायाधीश,
व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा

PR.NO.302566 Simdega(23-24):D

### उप विकास आयुक्त–सह– जिला कार्यक्रम समन्वयक का कार्यालय, गुमला (मनरेगा कोषांग)

e-mail→mgnregagumla@gmail.com

**इच्छा की अभिव्यक्ति का आमत्रंण**

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक (N) 1218 दिनांक 13.10.2014 एवं सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक (N) 2558 दिनांक 13.09.2017 के अनुपालन में मनरेगा अंतर्गत गुमला जिले के सभी बारह (12) विभिन्न प्रखण्डों के 159 पंचायतों में कार्यान्वित योजनाओं में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों की आपूर्ति करने के लिए सुयोग्य आपूर्तिकर्त्ताओं/प्रतिष्ठानों का सूचीकरण (Empanelment) किया जाना है।

इच्छुक प्रतिष्ठान/आपूर्तिकर्त्ताओं से विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 26.07.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। आवेदन विकास भवन, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला में कार्यालय अवधि में जमा किया जा सकेगा।

इच्छुक प्रतिष्ठान एवं आपूर्तिकर्त्ता आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी दिनांक 26.07.2023 तक प्रत्येक कार्य दिवस में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय अथवा गुमला जिला के website: www.gumla.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं।

उप विकास आयुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,गुमला

PR302555 (Rural Development)23-24*D


## कोलियरी सिरका सीसीएल कर्मी के दो माह ईलाज के बाद हुआ निधन, परिजनों ने नौकरी, मुआवजा को लेकर किया मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल सिरका परियोजना कार्यालय ऑफिस गेट के समक्ष वाटर टैंकर कर्मी (कैटेगरी वन) स्वर्गीय सुख नारायण बेदिया उम्र करीब 56 वर्ष के शव के साथ सोमवार को परिजनों, कामगारों, श्रमिक नेताओं ने नौकरी मुआवजा को लेकर प्रदर्शन किया। जिसके कारण सुबह से 6 बजे से दोपहर 1~30 बजे तक कोलयरी सिरका ओबी उत्पादन करीब 7~30 घंटे बंद रहा। प्रबंधन के सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा व पर्सनल विभाग स्मीती पन्ना, अंबष्टा साहब, सुप्रिया लक्ष्मी के द्वारा मृतक के परिजन पुत्र आनंद बेदिया को प्रोविजनल जोइनिंग लेटर देने के बाद मामला शांत हुआ।मौके पर श्रमिक नेता सुशील कुमार सिन्हा, मुस्तफा खान, प्रशांत बेलथरिया, रामजी सिंह, नागेश्वर महतो, सुखदेव महतो, लक्ष्मी चरण महतो, रैविमो के जगनारायण बेदिया, आजसू नेता अमरलाल महतो, अर्जुन बेदिया, शांता कुमार, बेदिया समाज के प्रतिनिधि शंकर बेदिया, पूर्व नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, पार्षद 16 गणेश पासवान, कमलेश एमडी शाहिद, भुट्टो मांझी, अजय कुमार, निवाश मंडल, किसान, कमलेश, सुनीता समेत कई कामगार शामिल थे।



**परिजनो ने बताया**

इस संबंध में मृतक के पुत्र आनंद बेदिया, भतीजे रमेश बेदिया ने एक साथ बताया कि सीसीएल कर्मी स्वर्गीय सुख नारायण बेदिया के द्वारा 16 मई 2022 को करीब 11~30 कोलियरी के हांलपैक डंफर वाटर टैंकर में ऊपर चढ़कर पानी भरने का कार्य किया जा रहा था, जहां असुरक्षा के कारण वे नीचे करीब 15 से 17 फीट नीचे गिर पड़े, जिससे उनके रीड के हड्डी टुटा और पंजरी में काफी चोट आई, उपचार के लिए नईसराय अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए सैम फोर्ट रांची अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब 2 महीनों के इलाज से घायल सीसीएल कर्मी स्वर्गीय सुख नारायण बेदिया की तबीयत में सुधार नहीं होता देख कुछ दिनों पूर्व मेडिका में भर्ती करवाया गया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। बीते 16 जुलाई 23 को सिरका कामगार स्वर्गीय सुख नारायण बेदिया का निधन हो गया। कहां की उपचार में हम लोगों का तकरीबन ढाई लाख खर्च हुआ। जबकि प्रबंधन ने कैशलेस का भुगतान किया।

## रामगढ़ में डिस्ट्रिक्ट ट्रेंड एंड इंडस्ट्रीज ट्रस्ट का किया गया गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ में बढ़ते उद्योग व्यवसाय की जरूरत को देखते हुए एक नई व्यापारिक संस्था के निर्माण के मद्देनजर रामगढ़ डिस्ट्रिक्ट ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज ट्रस्ट की नींव रखी गई है।जिसके लिए 15 सदस्यों की कार्यकारिणी समिति बनाई गई है।कार्यकारिणी समिति में अमित कुमार सिन्हा, जितेंद्र प्रसाद , विजय मेवाड़ , नंदकिशोर प्रासाद,चार्टर्ड एकाउंटेंट अजीत जायसवाल , डॉ शरद जैन , मनोज मंडल , राजेश प्रसाद , सर्वेश सिंह , बिमल बुधिया , परमदीप सिंह कालरा , श्जानूश् , अनमोल कुमार सिंह , बिनोद कुमार साव , मनोज कुमार मंडल व संजय कुमार दांगी शामिल हैं । सोमवार को होटल शिवम इन मे प्रेस से वार्ता करते हुए ट्रस्ट के सदस्यों ने दी। प्रेस वार्ता में सदस्यों ने बताया की इस नई व्यापारिक संस्था की प्रतिबद्धता उद्योग- व्यवसाय के हितों की रक्षा के साथ विकास की नई संभावनाओं की तलाश भी रहेगी । मौके पर ट्रस्ट के सदस्य अमित कुमार सिन्हा ने बताया की संस्था के गठन का मुख्य उद्देश्य जिला के व्यवसायियों के मान सम्मान की रक्षा और जिले में उद्योग और व्यवसाय के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध करवाना है।वहीं नंदकिशोर प्रसाद गुप्ता ने कहा की हम लोगों ने यह महसूस किया की जिले में व्यवासियों के मान सम्मान की रक्षा और व्यवसाय हित में कार्य के लिए इस तरह की संस्था का गठन होना चाहिए। इसके फलस्वरूप संस्था का गठन किया गया है।

## हजारीबाग यूथ विंग ने किया सावन की दूसरी सोमवारी को दूध व बेलपत्र का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर के समक्ष में हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा सावन महीने के दुसरी सोमवारी के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच दूध का वितरण किया गया साथ मे बेलपत्र का भी वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम पिछले दो वर्षो से सावन के महीने में किया जा रहा है।श्रद्धालुओं के बीच बाबा का जयकारा लगता रहा । सभी श्रद्धालुगण बम बम भोले, नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयकारों के बीच दूध, बेलपत्र प्राप्त कर रहे थे। वहीं तमाम श्रद्धालु पूजा अर्चना के बाद अपनी विभिन्न प्रकार की तस्वीरें खींचने में अति उत्साहित नजर आ रहे थे। वही वितरण कार्यक्रम के दौरान हम सबों का हौसला अफजाई करने के लिए शहर के कई समाजसेवी बंधु स्टॉल पर पहुंचकर सदस्यों का हौसला अफजाई किया इसी क्रम में समाजसेवी मनोज नारायण भगत ने कहा कि सामाजिक सेवा में एक मिसाल पेश कर रहा है हजारीबाग यूथ विंग जो पिछले कई वर्षो से शहर वासियों को अपनी सेवा निस्वार्थ भाव से दे रहा है टीम के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।वही मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने सावन की दूसरी सोमवारी की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा समस्त शिव भक्तों पर बनी रहे। हमारी टीम सामाजिक कार्य के साथ-साथ धार्मिक कार्यों में भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करती है।

## योगदा सत्संग कॉलेज के अयोग्य प्राचार्य को पद से हटाने के लिए एनएसयूआई का विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को योगदा सत्संग कॉलेज धुर्वा के प्राचार्य डॉ श्याम पांडे को पद से हटाए जाने की मांग सहित अन्य मांगों के साथ झारखंड एनएसयूआई द्वारा रांची विश्वविद्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया गया। जेपीएससी द्वारा एक माह पूर्व अयोग्य घोषित किए जाने के बावजूद डॉ श्याम पांडे अभी तक अपने पद पर बने हुए हैं। इनके कार्यकाल में कॉलेज के छात्रों के हित के विरुद्ध लिए गए निर्णयों को लेकर झारखंड एनएसयूआई द्वारा पूर्व और वर्तमान कुलपति को बहुतों बार ज्ञापन दिया गया परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन मौन बना रहा। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रोहित पांडेय और जिला अध्यक्ष अमन अहमद के नेतृत्व में एनएसयूआई के प्रतिनिधि मंडल ने विश्वविद्यालय में आज घंटो धरना दिया।कुलपति, कुलसचिव इत्यादि परिसर में उपलब्ध नहीं थें।बाद में प्रतिनिधिमंडल ने डीएसडब्ल्यू एस के साहू का घेराव किया जिनसे अक्रोशित छात्रों की तीखी नोक झोंक भी हुई। साहू ने प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी की विश्वविद्यालय ने योगदा कॉलेज के सचिव को प्राचार्य को पद से तत्काल प्रभाव से हटाने संबंधी निर्देश पीछे सप्ताह 11 तारीख को जारी कर दिया है एनएसयूआई के छात्रों का आरोप है की विश्वविद्यालय के कुलपति और अन्य अधिकारियों की मिलीभगत से उक्त प्राचार्य अभी तक पद पर बने हुए है। एनएसयूआई से जुड़े छात्र ने इस मामले पर विश्वविद्यालय और कॉलेज में तालाबंदी करने की तैयारी में हैं। एनएसयूआई के अन्य मांगों में रांची विश्वविद्यालय से संबद्ध अल्पसंख्यक महाविद्यालयों में चांसलर्स पोर्टल के माध्यम से नामांकन, इंटरमीडिएट में नामांकन के लिए रांची विश्वविद्यालय के अधीन सभी महाविद्यालयों में एकरूपता और अन्य मांगे शामिल हैं। इस कार्यक्रम में एनएसयूआई की तरफ से राष्ट्रीय संयोजक अमरजीत सिंह, पूर्व जिला सचिव, आशिक अंसारी, आयुष अग्रवाल, तालिब हुसैन, हसनैन अहमद, मेहरबान अंसारी, प्रिंस राज आदि छात्र शामिल रहें ।

## कैंसर जागरूकता व नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिशन बदलाव झारखंड स्वास्थ्य मिशन,रांची एवम पी. एस. एम हेल्थ केयर फाउंडेशन के सौजन्य से कैंसर जागरूकता अभियान एवम निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सालहन लैंप्स लिमिटेड, पुरुलिया रोड, गोंदली पोखर में किया गया। इस जांच शिविर में 120 लोगो का निःशुल्क ब्लड प्रेशर,शुगर जांच, जेनरल रोग जांच,हियरिंग जांच,नेत्र जांच, दांत जांच, स्त्री एवम प्रसूति रोग जांच, किया गया एवम लोगो को कैंसर से बचने से संबंधित जनकारी दी गई।अधिवक्ता भास्कर कुमार महतो ने कहा की इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निशुल्क रक्तदान शिविर एवम स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा ताकि कोई भी इस स्वास्थ्य लाभ से वंचित ना रहे। इस कार्यक्रम को सफल आयोजन में मिशन बदलाव के सदस्य मनीष नायक,अधिवक्ता भास्कर कुमार,अनिल कुमार,भुषण भगत,राज, शशि मुंडा, कृष्णा पाहन- टाटी पूर्वी मुखिया,राजकमल भुट्ट कुमार,लैंप्स प्रबंधक रामजीत चौधरी,लैंप्स अध्यक्ष रोहित करमाली,नवीन किशोर नायक और रंजीत लोहरा एवम झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी, सचिव अश्वनी का सहयोग रहा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कैंसर रोग विशेषज्ञ डाश प्रवीर सिंह मुंडा बुटी मोड़ स्थित इंद्रा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डाश उषा पांडे, डाश पीश कुमार, स्पीच एंड हियरिंग सेंटर के अनीस कुमार,अंकित कुमार,संदीप कुमार,आदि थे ।


### कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

**–:आम सूचना:–**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 ज्योतिश चन्द्र भट्टाचार्य, पिता सतीश चन्द्र भट्टाचार्य
↓
स्व0 सुभाश भट्टाचार्य, पत्नी समिता भट्टाचार्य
↓
सोनू सुशित

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 302561 District(23-24)#D

### कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

**–:आम सूचना:–**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

लोकी साव
↓
- स्व0 सीताराम
  - रतन गुप्ता साव
  - किरण देवी
  - स्व0 जतन गुप्ता → पुनम देवी (पत्नी)
  - स्व0 अरविन्द गुप्ता → रेखा देवी (पत्नी)
  - पूर्णिमा साव
  - स्व0 बिरेन्द्र गुप्ता → पार्वती देवी (पत्नी)
  - पप्पु
- स्व0 धनेश्वर साव
  - रंजीत गुप्ता
  - राजेश गुप्ता
  - बिनोद गुप्ता
  - सुनिल कुमार

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR302560 (District)23-24*D

### कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि विभागीय राज्यादेश संख्या – 12 दिनांक 06.07.2023 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्वार योजना अन्तर्गत जिला के विभिन्न जलाशय में वर्ष 2022–23 तक अधिष्ठापित पुराने केजों में पंगेशियस, GIFT तिलापिया एवं अन्य उपयुक्त मत्स्य बीज का संचयन का कार्य किया जाना है। अतएव इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता से मुहर बंद लिफाफा में इच्छा की अभिव्यक्ति का आवेदन दिनांक 28.07.2023 समय मध्याहन् 12:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना होगा।

**आवश्यक शर्त्ते**

1. आपूर्तिकर्त्ता को अपने निजी खर्च पर स्वस्थ एवं जीवित अवस्था में अच्छे गुणवत्ता व आकार वाले पंगेशियस, GIFT तिलापिया एवं अन्य उपयुक्त बीज को केज स्थल तक पहुँचा कर आपूर्ति करना होगा।
2. पंगेशियस, मोनोसेक्स तिलापिया एवं अन्य उपयुक्त बीज का सरकारी दर 1.50/– रु0 प्रति पीस है (परिवहन सहित)।
4. चयनोपरांत पंगेशियस, GIFT तिलापिया एवं अन्य उपयुक्त बीज का आपूर्ति नहीं किये जाने पर आपूतिकर्त्ता को काली सूची में डाल दिया जायेगा।
5. आपूर्तिकर्त्ता के इच्छा की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव को रद्द करने का अधिकार बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
6. विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न (2019–20 से 2021–22) कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. काली सूची में नाम दर्ज न होने का स्व–हस्ताक्षरित घोषणा पत्र।
8. अग्रधन के रूप में राशि 20000/–रू0 मात्र जो जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा के पदनाम से भुगतेय होगा बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो।
9. सरकारी क्षेत्र में बीज आपूर्ति करने का विगत तीन वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र।
10. आपूर्तिकर्त्ता का GST निबंधन अनिवार्य है।

उप मत्स्य निदेशक,
कोडरमा

PR 302512 Fish(23-24)#D

### झारखण्ड सरकार
### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

(Email ID – eedwsd.ranchiwest@gmail.com)

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या– DWSD/RW/RM-21/2023-24, दिनांक 17.07.2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2022–23 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पष्चिम, राँची के अन्तर्गत नामकुम एवं काँके प्रखण्ड के नलकूपों का साधारण मरम्मति हेतु वाहय् स्त्रोत से नलकूप मिस्त्री, अकुषल मजदूर की आपूर्ति एवं वाहन, डीजल, ड्राईवर आदि सहित नलकूप मरम्मति का कार्य (मरम्मति से सम्बन्धित Spare Parts विभाग के द्वारा निर्गत किया जायेगा)। | 349106.00 | 7000.00 | 750 | 2 माह |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2022–23 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पष्चिम, राँची के अन्तर्गत बेड़ो, ईटकी, नगड़ी, रातु एवं लापुंग प्रखण्ड के नलकूपों का साधारण मरम्मति हेतु वाहय् स्त्रोत से नलकूप मिस्त्री, अकुषल मजदूर की आपूर्ति एवं वाहन, डीजल, ड्राईवर आदि सहित नलकूप मरम्मति का कार्य (मरम्मति से सम्बन्धित Spare Parts विभाग के द्वारा निर्गत किया जायेगा)। | 444317.00 | 8900.00 | 750 | 2 माह |
| 3 | वित्तीय वर्ष 2022–23 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पष्चिम, राँची के अन्तर्गत माण्डर, खेलारी, बुढमू एवं चान्हों प्रखण्ड के नलकूपों का साधारण मरम्मति हेतु वाहय् स्त्रोत से नलकूप मिस्त्री, अकुषल मजदूर की आपूर्ति एवं वाहन, डीजल, ड्राईवर आदि सहित नलकूप मरम्मति का कार्य (मरम्मति से सम्बन्धित Spare Parts विभाग के द्वारा निर्गत किया जायेगा)। | 406233.00 | 8200.00 | 750 | 2 माह |

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 20/07/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 25/07/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
4. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 26/07/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26/07/2023 / 05.00 बजे अपराहन में।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :–कार्यपालक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-2491247
9. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
10. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती ळें
11. आवश्यकता के अनुसार आवंटित प्रखण्ड के अलावे दुसरे प्रखण्ड में भी कार्य लिया जा सकता है।
12. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR 302530 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## मृतक सीआइएसएफ कांस्टेबल की मां ने लगाई न्याय की गुहार

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जेलगोड़ा सीआइएसएफ कांस्टेबल जय सिंह आत्महत्या प्रकरण में मृतक की माँ ने जोड़ापोखर थाना में लिखित शिकायत की है। उसके आधार पर पुलिस ने दो मोबाइल फोन का कॉल डिटेल निकालने के लिए विभाग को पत्र लिखा है। मृतक की माँ मिता सिंह मेदनापुर (पश्चिम बंगाल) की रहने वाली है जिसने जोड़ापोखर थाना में लिखित शिकायत की है। उसका पुत्र जय सिंह सुंदरनगर के रहने वाले बीसीसीएल कर्मी शैलेन्द्र के मकान में भाड़ेदार था। शिकायत में कहा कि मेरा पुत्र जय सिंह, उम्र 30 वर्ष, पिता श्यामल सिंह जो वर्तमान बीसीसीएल जेलगोरा यूनिट में कोन्स्टेबल के पद पर पदस्थापित था। सुष्मिता सिंह के साथ उसकी शादी हुई थी। पुत्रबधू आये दिन ताना देकर प्रताड़ित करती थी। प्रताड़ना से तंग आकर मेरा पुत्र जय सिंह ने 20 मई 2023 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। थाना प्रभारी बिनोद उरांव ने कहा कि मृतक की माँ से लिखित शिकायत मिली है, जांच किया जा रहा है।

## 92 यूनिट रक्तदान करने वाले रविप्रीत सिंह सलूजा को मायुम कोयलांचल शाखा ने किया सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को झारखंड प्रांत स्थापना दिवस के उपलक्ष में हो रहे 8 दिवसीय जनसेवा कार्यक्रम के तृतीय दिन झारखंड प्रांत के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल के सम्मान में रक्तदान कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम को पाटलिपुत्र मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के श्रीनिवासन ब्लड बैंक में किया गया। सोमवार के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष रविप्रीत सिंह सलूजा को रक्तदान के क्षेत्र में बहुत ही उत्कृष्ट कार्य कर अब तक अपना 92 यूनिट रक्तदान कर के रक्तदान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसके लिए धनबाद कोयलांचल शाखा द्वारा रवि प्रीत सिंह सलूजा को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और रक्तवीर सम्मान के स्मृति चिन्ह देकर इनको सम्मानित किया गया। सोमवार के कार्यक्रम में प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी भी उपस्थित थे।शिविर में 09 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। शिविर को सफल बनाने में प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी, रक्तदान शिविर के संयोजक दीपक अग्रवाल, अंकित शंघाई, अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव शिव शंकर चौधरी, कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, निधि शर्मा, राधा सांवरिया, राज किशोर खंडेलवाल, विष्णु भीमसरिया, प्रिंस कथुरिया, राहुल मजरिया, संजय पटवारी समेत युवा मंच के कई सदस्य उपस्थित थे।

## मारवाड़ी महिला समिति द्वारा सावन मेला का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्रसेन भवन हीरापुर में मारवाड़ी महिला समिति सरायढेला शाखा द्वारा आयोजित सावन मेला का उद्घाटन डॉक्टर विभूति नाथ ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में राखी, डेकोरेशन, कुर्ती, होम डेकोर, गिफ्ट हैंपर्स, फूडिंग आइटम्स गेम्स आदि के स्टाल लगाए गए थे। मेले में सलोनी गोयल द्वारा लगाए गए ढाबा कैफे में केक और स्वादिष्ट व्यंजनों का लोगों ने काफी तारीफ की। इस एक दिवसीय सावन मेले में अध्यक्ष कृष्णा सुल्तानिया, सचिव सुमन मित्तल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, उपाध्यक्ष रंजू गोयल, आशा सिंघल, संध्या सिंघल, वीणा भर्तियां, नीलिमा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, उर्मिला रेखा गोयल एवं अन्य सदस्याओं का आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान था।

## विकासशील इंसान पार्टी की बैठक आयोजित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विकासशील इंसान पार्टी के द्वारा गांधी सेवा सदन में बैजनाथ केवट एवं संचालक चंद्र मोहन चंद्रवंशी के द्वारा बैठक की गई। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी चंदन साहनी ने प्रदेश के हर जिले में विकासशील इंसान पार्टी के संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। प्रदेश के हर जिले में बैठक कर जिला एवं प्रखंड तथा नगर, ग्राम स्तर पर कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा बनाने पर बल दिया। कहा की 25 जुलाई को वीरांगना फूलन देवी की शहादत दिवस पर सन ऑफ मल्लाह के द्वारा निकाली जा रही संकल्प रथ यात्रा बिहार, उत्तर प्रदेश के साथ झारखंड के हर जिले में पहुंचेगी। रथ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सबका स्वागत करें। मौके पर विकासशील इंसान पार्टी के प्रदेश प्रभारी चंदन साहनी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार चौधरी, प्रदेश सचिव मनोज कुमार निषाद, जिला अध्यक्ष वैदनाथ केवट, रति लाल निषाद, अमित सिंह, ईश्वर प्रसाद अनिल केवट, सत्येंद्र केवट सहित अन्य मौजूद थे।

## झारखंड राज्य गतका चैम्पियनशिप में धनबाद बना चैम्पियन

### बेस्ट फाईटर बने धनबाद के अंशु कुमार और बोकारो की जेबा नाज

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुराना बाजार शंभू धर्मशाला में प्रथम झारखंड राज्य गतका चैंपियनशिप का उद्घाटन विधायक राज सिन्हा ने किया। चैंपियनशिप में अलग अलग वर्गों में 18 जिलों से लगभग 360 की संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। 122 अंकों के साथ धनबाद प्रथम, 73 अंकों के साथ बोकारो द्वित्य व 23 अंको के साथ पलामु तृतीय स्थान पर रहा। चैम्पियनशिप मे स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही शानदार प्रदर्शन के लिए राजकमल सरस्वती विधा मंदिर, धनबाद के छात्र अंशु कुमार, बोकारो एम.जी.एम स्कूल की छात्रा जेबा नाज को बेस्ट फाईटर अवार्ड से सम्मानित किया गया।धनबाद में पहली बार हो रहे इस चैंपियनशिप में गतका खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। इस रोचक प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य और पूर्व चेयरमैन जगन्नाथ शाही मौजूद थे। साथ ही झारखंड राज्य गतका संघ के अध्यक्ष केशव हडोदिया, सचिव विधा, कोषाध्यक्ष दिनेश मंडल के साथ केयरिंग इंडिया पीपुल्स फाउंडेशन के सचिव संजय उपस्थित थे।

## कैश क्रेडिट लिंकेज कैंप में 1.98 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी प्रखंड में सोमवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तत्वाधान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सखी मंडलों के लिए कैश क्रेडिट लिंकेज कैंप का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया संग्रामडीह द्वारा सांसद भवन दुर्गाडीह में तथा मनियाडीह शाखा द्वारा पंचायत भवन मनियाडीह में किया गया।इसमें बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक बिरेन्द्र कुमार पांडेय, जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्री अरजुन साव सहित बैंक सखी व संकुल संगठन के पदाधिकारीगण तथा समूह की दीदियां उपस्थित

# स्क्रैप लूट मामले में माल सहित एक आरोपी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनसार थाना क्षेत्र में चालक को दबंग्ई के बल पर बंधक बना कर स्क्रेप से भरे ट्रक को लूट ली गई थी। घटना के शिकायत दर्ज होने के बाद धनसार पुलिस ने ड्राइवर के निशानदेही पर कार्यवाही करते हुए लूटे हुए माल को शमशेर नगर के लोहा गोदाम से बरामद कर लिया। वहीं बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के वासेपुर शमशेर नगर निवासी मोजम खान के लोहा गोदाम से पुलिस को माल बरामदगी में काफी मशक्कत भी करनी पड़ी।ज्ञातव्य है कि दो दिन पूर्व झरिया से लोहा का स्क्रैप लोड कर बरवाअड्डा ले जाने के क्रम में मोजम खान के द्वारा ड्राइवर को बंधक बना कर ट्रक को कब्जे में लेकर अपने गोदाम में खाली करवा लिया गया था। फिर ड्राइवर को मेमको मोड़ के सामने ले जाकर छोड़ दिया गया था। स्क्रेप के मालिक सचिन सिंह ने धनसार थाना में लिखित शिकायत की थी पुलिस के जांच में मोजम खान के गोदाम में स्क्रेप भी बरामद किया गया। वही माल को बरामद करने के लिए पुलिस को आठ घण्टे तक मशक्कत करनी पड़ी। गोदाम का ताला नहीं खोले जाने के कारण जिला प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कि गई। तब जा कर गैस कटर की मदद से गोदाम का ताला काट कर पुलिस ने माल को जप्त किया।

## बामसेफ का आज रणधीर वर्मा चौंक में धरना का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** राष्ट्रीय आदीवासी एकता परिषद के द्वारा चार चरण मे होने वाले आन्दोलन को लेकर जिसमे मुख्य रूप से 18 जुलाई को रणधीर वर्मा चौक धनबाद मे आयोजित धरना को सफल बनाने के लिए विवाह मंडप पुटकी मे बामसेफ की एक बैठक किया गया । जिसका अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय बाउरी ने किया । तथा संचालन आरएमएम के जिला प्रभारी हाजी मो0 मोहीबुद्दीन अन्सारी ने किया द्व बैठक मे राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के जिला स्तर, प्रखण्ड स्तर, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर संगठन का विस्तार करने पर बल दिया गया । मौके पर राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के जिला प्रभारी हाजी मो0 मोहीबुद्दीन आलम, जिला अध्यक्ष अब्दुल हमीद अन्सारी, राजेश कुमार राव, नितु दास, ओम प्रकाश राम, देवेन्द्र दास, शम्भु बौध, कामेश्वर दास, कल्याण कुमार, अमर दयाल दास, मो0 अली जौहर अन्सारी, आदी मौजुद थे ।

## छात्रों एवं शिक्षको के साथ बाल विवाह एवं बाल यौन शौषण पर सेमिनार संपन्न

### शंकर रवानी ने दी बेड टच एवं गुड टच की जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** खेलने की उम्र है, बाल विवाह जुर्म है, चुप्पी तोड़ो हिंसा रोको के नारों के साथ आज झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुमारडीह में बाल विवाह एवं बाल यौन हिंसा के खिलाफ सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता हाथुडीह पंचायत की मुखिया संगीता घोषाल एवं संचालन परियोजना समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक राम कुनु प्रसाद ने किया। सेमिनार के मध्यम से झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि बाल विवाह के नाम से बच्चियों के साथ शारीरिक एवं मानसिक शोषण होता है,बाल विवाह एवं यौनिक हिंसा पर रोक लगाने के लिए छात्रों को आगे आने की आवश्यकता है,रवानी ने गुड टच एवं बेड टच की जानकारी विस्तार से दिया,उन्होंने बाल विवाह अधिनियम की जानकारी देते हुए छात्रों से अपील किया की बाल विवाह की जानकारी होने पर तुरन्त इसकी शिकायत 1098 में करे।अंत में हाथुडीह पंचायत की मुखिया संगीता घोषाल, पूर्व मुखिया संपद घोषाल एवं तेतूलिया पंचायत के पूर्व मुखिया आदर कुमार गयाली ने उपस्थित सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राओं का शपथ कराया।

### मेधावी छात्रों को वाणी मंदिर क्लब ने किया सम्मानित

## शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिये प्रयास जारी : अभिजीत घोष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** वाणी मंदिर क्लब कालीमंडा के सौजन्य से शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत द्वारा आयोजित मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन समारोह संपन्न हुआ। क्लब परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के दसवीं व बारहवीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले कुल 23 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत तथा उनके माता पिता/अभिभावकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सम्मान के लिए चयनित आईसीएसई, सीबीएसई तथा जैक के विद्यार्थियों को परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर चुना गया। कार्यक्रम का आरंभ डॉक्टर मनोरंजन सिंह ने किया।संयोजक अभिजीत घोष ने बताया कि पंचायत में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के क्रम में कई प्रयास किए जा रहे हैं इनमें मेधावी प्रोत्साहन समारोह एक है। इसी क्रम में पंचायत में स्थित सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में वाटर फिल्टर लगाए गए हैं ताकि बच्चों को स्वच्छ पानी मिल सके। आर्थिक दृष्टि से कमजोर बच्चों को आर्थिक सहायता भी दी जा रही है जिससे उनकी पढ़ाई बाधित नहीं हो। डॉ प्रेम तथा डॉ स्मृति कोना द्वारा काली मंदिर परिसर में वाटर गीजर लगाया गया ताकि सभी को ठंडा व स्वच्छ जल प्राप्त हो सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में बापी बनर्जी, प्रो दीपक सिंह, विश्वनाथ दास, संजीव मजूमदार, सपन गुहा ठाकुरता, संजय यादव, मुखिया अनामिका देवी, दोयल घोष, प्रभाकर विश्वकर्मा, छोटन यादव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## फतेहपुर में दूसरी सोमवारी को निकाली गई भव्य जल यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पूर्वी टुंडी :** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत फतेहपुर गांव में सावन की दूसरी सोमवारी को निकाला गया भव्य जल यात्रा। जल यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों महिला पुरुष व बच्चे हर उम्र के भक्त केसरिया पोशाक में मस्त मगन दिख दिखे। वह डीजे में बज रहे शिव के गीतों पर नाचते गाते हुए फतेहपुर मोड़ से होते हुए हलकट्टा शिव मंदिर पहुंचे। शायर तालाब में जल उठा कर भगवान शिव का जलाभिषेक की। धार्मिक झंडा तथा केसरिया पोशाक से पूरा कतार मनमोहक लग रहा था। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में फतेहपुर तथा हलकट्टा के समाजसेवी का पूरा योगदान रहा। जिनमें दिनेश रजक, अजीत मिश्रा,बिनोद कुमार, कृष्णा सोरेन, रंजीत मिश्रा,उमेश राम, वीरेंद्र रजक,निताई धिवर, जगदीश रजक,संजय रजक, आदि थे ।

## एनएच-2 पर खड़ी हाईवा को बाइक ने मारी टक्कर, दो युवक की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-2 पर रविवार की देर रात को एक दर्दनाक घटना घटी। जिसमें बाइक की हाईवा से टक्कर हो गई। जिससे बाइक पर सवार दोनों युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई।बताया जाता है कि बरवा अड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरक्यारी नवडीहा निवासी मृत्युंजय रजवार तथा टुंडी निवासी संजय रजवार किसी काम से बरवा अड्डा गए थे। इसी दौरान बाइक की सड़क किनारे खड़ी हाईवा से टक्कर हो गयी जिससे बाइक पर सवार दोनों युवक की मौके पर मौत हो गई। दोनों युवक रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भिजवाया। जहां शवों के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया होगी।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में संविदा कर्मियों की सेवा अवधि विस्तार हेतु बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :**सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में धनबाद जिला में समेकित बाल संरक्षण योजना अंतर्गत संप्रेषण गृह, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं समेकित बाल विकास योजना के विभिन्न पदों के अनुसार संविदा कर्मियों की सेवा अवधि विस्तार हेतु बैठक का आयोजन किया गया।उपायुक्त संदीप सिंह एवं समिति के अन्य पदाधिकारियों द्वारा समेकित बाल संरक्षण योजना अंतर्गत संप्रेषण गृह के 06 पदों पर कार्यरत संविदा कर्मियों की सेवा विस्तार पर सहमति जताई गई। साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई के 04 पदों एवं समेकित बाल विकास योजना के 54 पदों पर कार्यरत कर्मियों के सेवा विस्तार पर स्वकृति समिति के द्वारा दी गई। ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में घायल हुए कर्मी को चिकित्सा भत्ता एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मुआवजा देने के प्रस्ताव को संबंधित विभाग को भेजने की सहमति समिति द्वारा दी गई।इस दौरान उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, स्थापना उप समाहर्ता सुशांत मुखर्जी, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलस्यान समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## लौह सामग्री लूटने आए अपराधियों की कोशिश नाकाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के सेल कंपनी के जीतपुर कोलियरी स्टोर में अपराधियों का एक दल ने धावा बोलकर लौह सामग्री लूट की घटना को अंजाम दिया। हालांकि ड्यूटी में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने लोहा चोरों का मुस्तैदी के साथ विरोध कर चोरों के मंसूबे को विफल कर दिया हैं। घटना के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने एक चोर को धार दबोचा था जिसके उपरांत पकड़ा गया चोर के अन्य साथियों ने पिस्टल का भय दिखा कर अपने साथी चोर को सुरक्षाकर्मियों के चंगुल से छुड़ाकर भागने में सफल हो गए है। घटना के बाद तथा कोलियरी क्षेत्रों में आए दिन दिनदहाड़े चोरों की बढ़ती आतंक के कारण सुरक्षाकर्मियों में दहशत व्याप्त हैं।बताया जाता है की कोलियरी में छुट्टी रहने के चलते सिर्फ आपातकालीन सेवा के कर्मी ही ड्यूटी में तैनात थे। जिसमें चार सुरक्षाकर्मी स्टोर की सुरक्षा में ड्यूटी में लगे थे। कोलियरी क्षेत्र में सुनसान देखकर लोहा चोरों के दल ने स्टोर में धावा बोलकर सुरक्षाकर्मियों को हथियारों का भय दिखाकर बंधक बना कर स्टोर से लौह सामग्री की चोरी कर बाहर जंगल में जमा करने लगे थे। इस दौरान राजेश नामक सुरक्षा कर्मी ने एक चोर को मौका पाकर पकड़ लिया। जिसे अन्य चोरों ने अपने साथी को छुड़ा कर चोरी किए लौह सामग्री को छोड़कर फरार हो गये। कोलियरी के सुरक्षा पदाधिकारी बीबी पाण्डेय ने कहा की चोर स्टोर में लौह सामग्री को चोरी कर रहे थे। सुरक्षाकर्मियों की मुस्तैदी के चलते चोरी होने से समान बच गया है।

## राशिद रजा अंसारी ने की भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार दिनांक 17 जुलाई 2023 को भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम के तहत धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी स्वयं सड़कों पर निकले और ऑटो ड्राइवर, वकील तथा शिक्षकगण के साथ भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम के संदेश को साझा किया और पर्चियां बांटी।अंसारी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी पदाधिकारियों को भीड़ में ना जाकर खुद से अकेले ही लोगों के घर घर जाना है और राहुल जी के संदेश को पहुंचाना है। उसी के तहत आज मैं स्वयं राहुल जी का संदेश भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम को लेकर निकला हुं। धनबाद जिला के सभी कांग्रेस जन भी स्वयं घर घर जाकर भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम करेंगे। आगे राशिद रजा अंसारी ने कहा कि राहुल जी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान देश को जो संदेश दिया है, उसे मीडिया नहीं दिखा रही है। जिसके कारण हम कांग्रेसजन घर घर जाकर यह कार्यक्रम कर रहे हैं और सभी कांग्रेस जन से भी आग्रह है कि इस कार्यक्रम को घर-घर तक पहुंचायें। शीघ्र ही सभी को पंपलेट उपलब्ध करा दी जाएगी।

### ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान कार्यक्रम के माध्यम से सिंदरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार के साथ मोहम्मद कामरान के आवास पर जाकर इस अभियान के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा हुई। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कि भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की सफलता के बाद भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की गई है ।

## काला हीरा का सातवां भव्य महोत्सव का आयोजन 21 से 24 तक

### 12 राज्यों से लगभग 1000 कलाकार प्रस्तुत करेंगे ड्रामा डांस एवं संगीत में अद्भुत जलवा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कोयलांचल भारत कोकिंग कोल नृत्य संगीत एवं नाट्य संघ के काला हीरा के सातवें ऑल इंडिया मल्टी लिंगुअल डांस ड्रामा एंड म्यूजिक कंपटीशन का शानदार चार दिवसीय आयोजन 21 जुलाई से 24 जुलाई को कम्युनिटी हॉल, कोयला नगर में होगा। काला हीरा के निर्देशक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि 21 जुलाई को कोयला नगर सामुदायिक भवन में सुबह 9ः00 बजे सीएमडी सुमिरन दत्ता काला हीरा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। इस काला हीरा के सातवें महोत्सव में ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल के महासचिव सतीश कुंदन शिरकत करेंगे और उनके साथ अखिल भारतीय थिएटर काउंसिल के राष्ट्रीय संयोजक अशोक मानव, राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत राष्ट्रीय नाट्य अकादमी, मुख्य संरक्षक अजय मलकानी, संरक्षक राजेंद्र बगड़िया, पूर्व डीएसपी अवधेश कुमार सिंह कार्यक्रम में शामिल होंगे। 22 जुलाई को 12 राज्य के कलाकारों की उपस्थिति में काउंसिल का स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

## किड्स थिएटर प्ले स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वासेपुर स्थित किड्स थिएटर प्ले स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में कम्युनिटी हेल्पर यानी सामुदायिक सहायक के विषय पर बच्चे अपने आपको विभिन्न रूप में प्रदर्शित किये। इस प्रतियोगिता में 3 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने पुलिस, डॉक्टर, टीचर, एयर होस्टेस आदि का वेश धारण कर अपने कला का प्रदर्शन किया। मंच पर दी गई अपनी प्रस्तुति से नन्हें बच्चो ने लोगो का दिल जीता और खूब वाह वाही भी लूटी। मौके पर मौजूद बच्चों के अभिभावक भी काफी प्रसन्न हुए।स्कूल प्रबंधन ने बताया की लोगो के बीच अथवा मंच पर बच्चों को कैसे बोलना है और स्वयं को कैसे प्रदर्शित करना है, ये बताना और बच्चों के मनोबल एवं आत्म विश्वाश को बढ़ाना ही इस प्रतियोगिता का मुख्य उददेश्य था। मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित असदुर रहमान ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आए बच्चों को पुरुष्कृत किया। साथ ही अतिथियों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया एवं शिक्षकों की भी काफी प्रशंशा की।

# सावन की दूसरी सोमवारी पर कुडू में हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

## प्रशिद्ध महादेव मंडा धाम सहित सभी शिवालयों में शिव भक्तों का लगा तांता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** सावन की दूसरी सोमवारी को कुडू प्रखंड क्षेत्र में आस्था का सैलाब फूट पड़ा। प्रशिद्ध महादेव मंडा धाम सलगी, टीको स्थित भोले बाबा मंदिर, बड़की चाँपि शिव मंदिर, टाटी शिव मंदिर,बड़की चाँपि दुर्गा मंदिर सहित प्रखंड के विभिन्न गांवो के मंदिरों और शिवालयों में महिला, पुरुष, बूढ़े, बच्चे, युवाओं ने भक्ति रस से भाव विभोर होकर भगवान भोले नाथ की पूजा बेलपत्र, गंगाजल, दूध, धतुरा, पुष्प आदि अर्पित कर अपने लिए मनोकामनाएं मांगी। और पुरे दिन पूजा-अर्चना एवं भजन कीर्तन में तल्लीन रहे। इस दौरान शिवालयों में सुबह से शाम तक घंटे की आवाज और श्रद्धालुओं के बोलबम के नारे स वातारण गूंजायमान होता रहा। इस मौके पर महादेव मण्डा धाम में कीर्तन, भजन का आयोजन किया गया साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद और फूलों की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। ईश् मौके पर सलगी एवं बड़की चाँपि सिमाना स्थित प्राचीन शिव धाम महादेव मण्डा में बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी ने बिधिवत पूजन करके अपने क्षेत्र एवं अपने परिवार की मंगलकामना की मांग भागवान से की।इस मौके पर पुरोहित कुनु नाथ बैध, मनोज दुबे, लाल बैजनाथ शाहदेव, मनोज साहू, मुकेश साहू, संजय चंद्र मुखर्जी, धीरेंद्र सिंह, मुकेश चंद्र यादव, कामेश यादव, संतोष पासी, सोनू वर्मा, प्रवीण गोयल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# झारखंड में भ्रष्टाचारियों की सरकार चल रही है : विलियम कुजुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड के बाघा पंचायत में आजसू द्वारा आयोजित जन पंचायत कार्यक्रम में लोहरदगा जिला आजसू पार्टी के महासचिव विलियम कुजूर ने कहा कि वर्तमान समय में झारखंड में भ्रष्टाचारियों की सरकार चल रही है और पूरा झारखंड भ्रष्टाचार के दलदल में डूबा हुआ है। झारखंड की जनता को इस दलदल से निकालना अत्यंत आवश्यक है और यह आजसू पार्टी के समर्थन में बनने वाली सरकार ही कर सकती है। बिलियम कुजूर ने कहा कि आज चाहे पंचायत में काम कराना हो या प्रखंड तथा जिला में काम कराना है बिना लेनदेन का कुछ भी कार्य होना मुश्किल है। चढ़ावा की संस्कृति दिन दूना रात चौगुना फल फूल रही है। झारखंडी पीस रहे हैं। ना सरकार को मतलब है ना प्रशासन के पदाधिकारियों को। जिला संगठन सचिव अरविंद पाठक ने कहा कि जहां भ्रष्टाचार ही संस्कार बन जाए वहां विकास के बदले विनाश हुआ करता है और इसका प्रत्यक्ष प्रमाण वर्तमान समय में झारखंड में देखने को मिल रहा है । अरविंद पाठक ने कहा कि इतिहास गवाह है छल बल की सरकार अधिक दिन नहीं टिकती और ऐसी सरकार की जनता दुर्गति करके ही छोड़ती है । आने वाले समय में वर्तमान झारखंड सरकार की ऐसी दुर्गति होगी कि इनका नाम लेने वाला कोई नहीं रहेगा । अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि जल जंगल और जमीन झारखंडियों का है यह नारा देकर वर्तमान सरकार सत्तासीन हुई थी।

# लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पावरगंज स्थित प्रभात मंत्र अखबार के ब्यूरो चीफ राजेश गुप्ता के बड़े भाई रतन गुप्ता एवं छोटे भाई राकेश गुप्ता की माताजी सुशीला देवी उम्र 87 वर्ष 12 जुलाई 2023 निधन हो गयी थी। इस निमित्त लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने पावरगंज स्थित आवास जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद से संभवत ने कहा कि इस दुख की घड़ी में भाजपा परिवार आपके साथ में है ईश्वर से पुण्य दिवंगत माता जी के लिए प्रार्थना करता हूँ। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, जिला मंत्री जगनंदन पौराणिक उपस्थित थे।

# पशुओं में बीमारी से बचाव को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पशुओं को बीमारी से बचाव एवं जगरुक्ता को लेकर एच डी एफ सी बैंक एवं बाएफ संस्था के संयुक्त पहल से मुर्की ग्राम में शिविर आयोजन कर पशुपालकों को लम्पी बीमारी का दिया गया जानकारी। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की पंचायत ग्राम में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर लम्पी बीमारी एवं मौसमी बीमारी के बारे में डॉ रोहित कुमार के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी पशु पालकों को दिया गया। यह कार्यक्रम एच डी एफ सी बैंक एवं बाएफ संस्था के तत्वधान में आयोजित किया गया था। आयोजित शिविर के माध्यम से मुर्की ग्राम के पशुपालक किसान वर्ग को लम्पी बीमारी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए विशेष ध्यान रखने की बात कही गई। साथ ही बरसात के मौसम में पशु में पाए जाने वाले बीमारी के बारे में भी जानकारी दिया गया । साथ ही पशु संबंधित विभिन्न बीमारियों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को जगरुक किया गया। वही शिविर के माध्यम से वैसे पशु का जांच किया गया जो बीमारी से ग्रसित था। और जांच के पश्चात संस्था द्वारा निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। डॉ0 रोहित कुमार ने कहा पशु पालक को बीमारी एवं बीमारी से बचाव की जानकारी किसान के लिए सार्थक साबित होगा। आयोजित शिविर में बाएफ संस्था के कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार ने पशुपालक किसान से अपील करते हुए कहा कि पशु का देख भाल करना तथा समय से चारा देना निहायत ही जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा संस्था की ओर से पशुपालक किसान को हर समय मदद किया जाएगा और बीच बीच में योजना का लाभ भी दिया जाएगा। बताते हुए पशुपालक को आत्मनिर्भर बनने एवं सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ उठाने की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ0 रोहित कुमार पशु संरक्षण कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार के अलावे ग्रामीण पशुपालक उपस्थित थे।

# प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच की बैठक परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमड़ेगा में सिलास डुंगडुंग की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में बीरू बिरकेरा ,पिंडाटांगर, आरानी, सुतराम, गरजा, जमादोहर, काटूकोना, फुलवाटाँगर, बेंदोजोर आदि राजस्व ग्राम सभा में लोग उपस्थित हुए। बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के अनूप लकड़ा ने अपने वक्तव्य में कहा कि अभी तक दावित सामुदायिक वन पट्टा नहीं देना सरकार और प्रशासन की निष्क्रियता को दर्शाता है।जब तक वन पट्टा नहीं मिलेगा तब तक ग्राम सभा के लोग चुप नहीं बैठेंगे और चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इस बैठक में समर्पण सुरिन ने कहा कि अब हमें सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना मांगना होगा। चूँकि संबंधित विभागों की लापरवाही के कारण अभी तक वन पट्टा नहीं दिया गया है। जबकि केंद सरकार कानून बनाकर दिया और सरकार ने सामुदायिक वन पट्टा एवं व्यक्ति गत वन पट्टा देने का आदेश जारी किया है। बैठक में खुशीराम कुमार, तेलेस्फोर तोपनो, अगुस्टीना सोरेंग ने भी अपने विचारों को रखा। इस बैठक में मुख्य रूप से अपलुस एक्का, क्लेमेंट तिग्गा, जेंडर केरकेट्टा, स्टेनिस्लास डुंगडुंग, जयप्रकाश सोरेंग, सैहुंन केरकेट्टा, सिलास डुंगडुंग, अंधेरियन डुंगडुंग, सुगढ़ लुगुन, दीपक सुरिन, जोशेफ किड़ो, फुलकेरिया कुल्लु, एमिलिया डुंगडुंग, ख्रिस्टदास किड़ो, जोनसन लुगुग, रॉयन डुंगडुंग, अजित डुंगडुंग, सेबेस्टियन किड़ो आदि लोग उपस्थित थे।

# वीर बुधु भगत फ्रेंड्स मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को समाहरणालय मैदान में आर्यस क्लब एवं नवयुवक सरना समिति के तत्वाधान में आयोजित वीर बुधु भगत फ्रेंड्स मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु एक आम बैठक रखी गई। जिसमें करचा टोली, स्टेशन टोली, रघुटोली, हरमू एवं नदिया के स्थानीय युवक उपस्थित थे। इस बार भी आदिवासी दिवस 9 अगस्त से लेकर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को समापन किया जाएगा। हरमू पंचायत के पहान द्वारा आदिवासी परंपरा के अनुसार डंडा खंडा कर ढोल नगाड़ों के बीच आदिवासी नित्य के साथ मैच का आगाज किया जाएगा। इस बार भी बालक वर्ग में 48 टीमों की प्रवेश लिया जाएगा। बालिका वर्ग में 8 टीमों को प्रवेश लिया जाएगा। वही बुजुर्ग 40 वर्षीय वर्ग में 8 टीमों का प्रवेश लिया जाएगा। इस बार पहले से और बेहतर करने का निर्णय लिए गए। जिसके लिए मैदान को बड़ा किया गया हैं। टूर्नामेंट संबंधित कोई भी जानकारी हेतु 8825329969, 8340199268 पर संपर्क कर सकते हैं। इस बैठक में मनोज सोन तिर्की, दयानंद लकड़ा, अभिनव सिद्धार्थ, कार्तिक कुजूर, बिनोद उरांव, गुड्डू गुप्ता, मनोज भगत, गोपी उरांव, सत्यम उरांव, दीपक कुजूर, शंकर भगत, संतोष केरकेट्टा, सुनील उरांव, दिवाकर उरांव, प्रमोद पंडा, कमलेश भगत, पंकज टोप्पो, सुभाष उरांव, बिनोद उरांव, संदीप उरांव, पिंटू उरांव, बाबूलाल उरांव, उपेंद्र उरांव, दिनेश उरांव, माथुर उरांव, शंकर कुजूर, विकाश, रोहित, बासु, दीपक,सुभम, अर्जुन, बैजनाथ, कुन्दन, बीरेंद्र आदि उपस्थित थे।

# सावन के दूसरे सोमवारी पर देवालयों में भक्तों की उमड़ी भीड़



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पवित्र माह सावन महीने का दूसरे सोमवारी और हरियाली अमावस्या के सहयोग होने से इस सोमवारी का विशेष महत्व हो गया। सावन माह दूसरे सोमवारी और हरियाली अमावस्या के दोहरे संयोग के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र शिव मंदिर और विभिन्न देवालयों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी वही प्रखंड मुख्यालय के अलावे बदला,सेरेंगहातु, चौकनी, अरु, झखरा, सेन्हा, बक्सीडीपा, चंदवा गढ़गाँवअन्य शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिये सुबह से ही भगवान महादेव शंकर के महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तों का मन्दिर में आना प्रारंभ हो गया था। उस दौरान मंदिर में दिनभर भक्तों का भीड दिखाई दिया। मौके पर भक्तों ने शांति पूर्वक हर्षोउल्लाश के साथ पूजा अर्चना किया वही भीड़ अधिक होने के कारण पूजा कराने के लिए आचार्य पंडित के द्वारा लोगों को बारी बारी से मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा था। वही प्रखंड क्षेत्र के अन्य शिव मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं भक्तों की भीड़ लगी रही। भगवान शंकर का पवित्र माह सावन के दूसरे सोमवारी और हरियाली अमावस्या का एक साथ संयोग जुटने पर श्रद्धालु भक्तों द्वारा विशेष रूप से उमंग व उत्साह के साथ महादेव भोलेशंकर का पूजा अर्चना किया गया। सभी जगह मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालु भक्तों का भीड़ से मेला सा दृश्य लग रहा था। वही श्रद्धालु भक्त विभिन्न नदी और जलाशय से जल ले कर बोल बम और हर हर महादेव का करते हुए मंदिर परिसर पंहुच श्रद्धा भक्ति और उल्लास के साथ पूजा अर्चना कर भगवान शंकर से अपने लिये और क्षेत्र के लिये अमन चैन एवं सुख शांति के लिये मङ्गल कामना किया गया।

# महिलाओं ने शंख नदी से जल लेकर देवस्थल में किया जलाभिषेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 17 जुलाई सावन के दूसरे सोमवार को बड़े ही धूमधाम के साथ लोहरदगा मुख्यालय के उपनगरीय क्षेत्र शांतिनगर किस्को मोड से भजन कीर्तन करते हुए महिलाओं का जत्था शंख नदी को रवाना हुआ। ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के उदघोष से गुंजायमान करते हुए शंख नदी से जल उठा कर पतराटोली किसको मोड़ होते हुए शांति नगर कचहरी मोड़ के मध्य अवस्थित देव स्थल मंदिर प्रांगण में शिव मंदिर स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक सामूहिक रूप से किया गया। इस मौके पर महिलाएं भक्ति भाव के साथ जल अर्पित किए और सबों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। जल यात्रा एवं जलाभिषेक कार्यक्रम में महिलाओं का जत्था में किस्को मोड़, शांति नगर, प्रखंड मुख्यालय, आदर्श नगर पतराटोली आदि की आदि क्षेत्र की महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। जल यात्रा एवं जलाभिषेक कार्यक्रम में ज्योति वर्मा, अनुराधा देवी, इंदु देवी, केसरी देवी, खुशी भारती, अंशु वर्मा, प्रिया कुमारी, संगीता भारती, संजू वर्मा, रामावती देवी, गीता शिखर, सीमा देवी, संगीता देवी, ममता देवी, दिनेश वर्मा समेत बढ़-चढ़कर महिलाएं दर्जनों की संख्या में उपस्थित हुए।

# अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने गरिमा केंद्र का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड राज्य को डायन कुप्रथा से मुक्त कराने हेतु, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गरिमा परियोजना के तहत पीड़ित महिलाओं के सहयोग,सुरक्षा एवं पुनर्वास के उद्देश्य से लोहरदगा जिला के पांच प्रखण्डों में आज गरिमा केंद्र का शुभारंभ किया गया। किस्को प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने गरिमा केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी ने कहा कि जनजातीय बहुल क्षेत्र में भी लोगों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना होगा। जो कुरीतियां हैं उन्हें पीछे छोड़ आगे बढ़ना होगा। डायन-बिसाही जैसी कुरीतियों को समाप्त करना होगा। आज जिला के पांच प्रखण्डों में गरिमा केंद्र का शुभारंभ हुआ है। इससे महिलाओं की सुरक्षा,किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं की रिपोर्टिंग व मॉनिटरिंग में तेजी आएगी। गरिमा केंद्र में जो भी मामले आएं उसकी रिपोर्टिंग के साथ-साथ उसका फॉलोअप भी किया जाए। अनुमण्डल पदाधिकारी ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए सरकार ने कई कार्यक्रम चलाये। लैंगिक भेदभाव को दूर करने के लिए कई कार्यक्रम चलाये जिससे लैंगिक भेदभाव दूर हुए।

# एमबी डीएवी विद्यालय में इमोजी डे पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के तत्वावधान में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत कक्षा तीसरी के बच्चों के मध्य वर्ल्ड इमोजी डे पर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। आपने सोशल मीडिया पर इसका प्रयोग अधिकतर देखा होगा। जिसमें आंखों से आंसू बहता हुआ, दिल, खुशी, हंसता हुआ, गुलाब, चांद, सोता हुआ, रोते हुए, अनेकों प्रकार के इमोजी का प्रचलन वर्तमान समय में है।यह इमोजी हजारों शब्दों को कहने की क्षमता रखते हैं।वर्ल्ड इमोजी डे की शुरुआत इमोजीपीडिया के संस्थापक जेरेमी बर्ग ने 17 जुलाई 2014 में किया था,तब से प्रत्येक 17 जुलाई को वर्ल्ड इमोजी दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं को कम शब्दों में व्यक्त करने की कला तथा इमोजी के सभी रूपों से व्यक्त करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें सभी बच्चों ने तरह-तरह के इमोजी बंद कर अपना उत्साह प्रकट किया।

# द्वादश ज्योतिर्लिंगों में महाकालेश्वर भगवान शिव को है सबसे प्रिय : मधुलिका रानी

**➲ श्रावण की दुसरी सोमवारी पर शिवभक्तों में उत्साह, महाकालेश्वर करे सबका कल्याण : विद्यार्थी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 17 जुलाई सोमवार को श्रावण मास के दुसरी सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों मे शिव जलाभिषेक को लेकर शिवभक्तो मे दिखाई दिया उत्साह। प्रखंड क्षेत्र के हनहट, सढाबे, कैरो, गजनी, नरौली, व गुड़ि पंचायत के विभिन्न गाँव के शिवालयों मे शिवभक्त श्रद्धालुओं का जलाभिषेक को लेकर अहले सुबह से ही दिनभर दिखाई पड़ा उत्साह। वही इस अवसर पर मध्यप्रदेश के उज्जैन से महाकालेश्वर मन्दिर की पुजा अर्चना कर लौटे कैरो शिवमन्दिर मे शिवजलाभिषेक के उपरांत प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी व प्रखंड 20 सुत्रि सद्स्य शरत कुमार विद्यार्थी ने पत्रकारों से कहा कि भगवान शिव की महिमा अपरंपार है, भगवान महाकालेश्वर समस्त प्रखंड वासियो के सभी जाति धर्म समुदाय के जीवन मे सुख, स्मृद्धि, बैभव लायें। उप-प्रमुख महोदया श्रीमति मधुलिका रानी ने कहा कि मध्यप्रदेश के धार्मिक राजधानी उज्जैन शहर के रुद्रसागर झील के किनारे अवस्थित महाकालेश्वर मन्दिर भगवान भोलेनाथ के 12 ज्योतिर्लिंगों मे एक सबसे महत्वपूर्ण ज्योतिर्लिंग है।यह तीर्थ भगवान शिव को अत्यंतप्रिय है,कहा जाता है कि जैसे आकाश मे तारकलिंग,पाताल मे हाटकेश्वर लिंग वैसे ही धरती पर महाकालेश्वर से बढ़कर कोई ज्योतिर्लिंग नही। उन्होंने कहा कि महाकालेश्वर की पुजा से आयु बढ़ती है साथ ही सारे संकट दूर हो जाते हैं,एवं अकालमृत्यु का भय समाप्त हो जाता है। महाकालेश्वर के जलाभिषेक का पश्चात यहाँ भस्म आरती सुप्रसिद्ध है। शिव के उक्त ज्योतिर्लिंग के पूजन से जीवन मे सुख, शांति, समृध्दि, बैभव की प्राप्ति होती है। उप-प्रमुख महोदया ने कहा कि महाकालेश्वर समस्त प्रखंड वासियो का करे कल्याण।

# केके भगत के सपनों को हम सब मिलकर करेंगे पूरा : निरु शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के उडूमुडू में आजसू पार्टी द्वारा आयोजित जन पंचायत कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी निरू शांति भगत ने कहा कि कमल किशोर भगत ने लोहरदगा क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए बहुत ऊंचे सपने देखे थे। उन सपनों को हम सभी मिलकर पूरा करने का काम करेंगे। निरू शांति भगत ने कहा कि कांग्रेस राजद के समर्थन में बनी हेमंत सरकार जनता के साथ छल प्रपंच करके सत्ता में आई है और जब से आई है संपूर्ण झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। भ्रष्टाचार में अंकुश लगाए बिना राज्य का विकास कभी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता त्रस्त है और झारखंड की सरकार एवं पदाधिकारी मस्त है । उन्हें जनता के सुख-दुख से कोई लेना देना नहीं है। 2024 में होने वाला विधानसभा चुनाव में जनता इसका मजा चखाएगी और आने वाले समय में एनडीए की सरकार बन कर झारखंड का सम्पूर्ण विकास का कार्य करेगी। निरू शांति भगत ने कहा कि कमल किशोर भगत के मन में जाति धर्म ऊंच-नीच और अमीर गरीब के प्रति कोई भेदभाव नहीं था। वे सबको एक समान इज्जत देते थे और सबको साथ लेकर काम करने में विश्वास रखते थे। अगर आपने मुझे मौका दिया तो आने वाले समय में मैं भी कमल किशोर भगत जी के बताए रास्ते पर चलकर आप सबों को साथ लेकर क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने का काम करूंगी। जिला उपाध्यक्ष एवं प्रखंड प्रभारी साजिद कलाल ने कहा कि कमल किशोर भगत व्यवहार के धनी व्यक्ति थे वे सबको साथ लेकर चलते थे और सबके सुख दुख का भागीदार बनते थे। 2009 और 2014 में जनता ने जिस तरह उन्हें प्यार और अपनापन दिया आने वाले समय में उनकी धर्मपत्नी निरू शांति भगत को भी उसी प्रकार का अपनापन और स्नेह देने का आप काम करें। जिला उपाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कहा कि कमल किशोर भगत हर दिल अजीज थे। अपने घर में कम और क्षेत्र में समय बिताना उन्हें अच्छा लगता था। बहुत कम समय में ही दिन रात मेहनत करके उन्होंने क्षेत्र में विकास की कई लंबी लकीरें खींची हैं जिसे मिटाया नहीं जा सकता।

# सिमडेगा जिला कांवरिया सेवा संघ ने की कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा ज़िला कांवरिया सेवा संघ की बैठक शनिवार को रोहिल्ला रेस्ट हाउस में मोती लाल अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हर वर्ष की तरह सावन माह की तीसरी सोमवारी को त्रिवेणी संगम वेदव्यास से विराट कावड़ यात्रा निकालने का निर्णय हुआ। जिले के सभी प्रखंडों से कांवरियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। सेवा संघ के द्वारा त्रिवेणी संगम वेदव्यास से लेकर सरना मंदिर तक पूरे रास्ते भर 3 दिनों तक कावड़िया को भोजन, पानी, विश्राम, दवा आदि सभी तरह की सुविधा देने के लिए व्यवस्था की जाएगी। बैठक में सैकड़ों की संख्या में कांवरिया सेवा संघ के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार है - 22 जुलाई दिन शनिवार - महावीर चौक से वेदव्यास के लिए प्रस्थान किया जाएगा, 23 जुलाई- रात्रि विश्राम पंडरीपानी में होगा एवम् 24 जुलाई दिन सोमवार को सरना मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा।

## चलते चलते एक नजर

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रमंडल संयोजक बने सहादत अंसारी



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सयोजक डॉ शाहिद अख्तर के दिशा निर्देश पर झारखंड प्रदेश के मंच के संयोजक हाजी एजाज़ ने श्री सहादत अंसारी निवासी हज़ारीबाग़ को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का प्रमंडल संयोजक नियुक्त किया है। छोटनागपुर प्रमंडल का ज़िम्मेदारी सहादत अंसारी को दिया गया है तथा श्री अंसारी को अपने प्रमंडल में आने वाले ज़िलो में मंच के ज़िला स्तरीय कमिटी का गठन कर के प्रदेश कार्यालय को सूचित करने का भी निर्देश दिया गया है। श्री अंसारी के नियुक्ति पर अधिवक्ता तनवीर अब्बास प्रो अश्फ़ाक नज़िश हसन फ़रहाना ख़ातून पी आर प्रसाद अधिवक्ता वारिस ख़ान इतियादि ने बधाई दी है तथा आशा व्यक्त की है के श्री अंसारी संगठन के उद्देश को आगे बढ़ाने एवम् संगठन की उस प्रमंडल में मज़बूत करेंगे।

### नवादा में कार और ऑटो में भीषण टक्कर ,12 गंभीर

**नवादा।**नवादा जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र के पचगावां फ्लाईओवर के समीप सोमवार को एक डिजायर कार ने सवारी से भरी ऑटो में पीछे से जोड़दार टक्कर मार दिया.इस दौरान ऑटो पर सवार एक दर्जन लोग घायल हो गए. वहीं स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां सदर अस्पताल में तैनात चिकित्सक द्वारा सभी घायलों का इलाज जारी है। वहीं 5 लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए पावापुरी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है.बताया जा रहा है कि नवादा के फतेहपुर से सवारी लेकर ऑटो आ रही, तभी नेमदारगंज थाना क्षेत्र के पचगावां फ्लाई ओवरब्रिज पर अनियंत्रित तेज रफ्तार डिजायर कार ने ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें ऑटो पर सवार एक दर्जन लोग जख्मी हो गए है.वहीं इस घटना के बाद अफरा- तफरी का माहौल कायम हो गया.घायलों में अकबरपुर और तैयार गांव के निवासी विजय प्रसाद, मुन्नी देवी, मुशहरा, जावेद, शौहर यादव, श्यामली देवी, मेघा कुमारी शामिल है, मौके पर पुलिस की टीम पहुचकर दोनों वाहन को कब्जे में ले लिया है और पुलिस सभी घायलों को इलाज करवा रही है। हालांकि 5 यात्री गंभीर रूप से घायल हैं।जिनकी स्थिति बहुत ही नाजुक बताई जा रही है।

### वंदेभारत ट्रेन के ठहराव पर सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केरल के मलप्पुरम जिले के तिरूर रेलवे स्टेशन पर वंदेभारत ट्रेन के स्टॉपेज की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सोमवार को ये आदेश दिया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि क्या कोर्ट अब ये भी तय करेगा कि कोई ट्रेन कहां रुकेगी। ये नीतिगत मसला है। ये तय करना कोर्ट का काम नहीं है। याचिका पीटी शीजीश ने दायर की थी। इसके पहले याचिकाकर्ता ने केरल हाई कोर्ट में भी याचिका दायर की थी। केरल हाई कोर्ट ने 2 मई को याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि ये रेलवे तय करता है कि किस ट्रेन का ठहराव कहां होगा।

# डेली मार्केट रोड पर मोटरसाइकिल लगाने से होती है जाम की समस्या

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र



**रांची।** डेली मार्केट थाना अंतर्गत टैक्सी स्टैंड के नजदीक एक नहीं बल्कि इलेक्ट्रॉनिक के 3 बड़े-बड़े मार्केट है मुख्य रूप से न्यू डेली मार्केट और इसके आसपास कई और मार्केट है जहां इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य सामानों की खरीद बिक्री रोजाना लाखों में होती है।यहां खरीदारी करने के लिए शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग आते हैं, लेकिन वह अपनी मोटरसाइकिल पार्किंग सड़क पर ही कर देते हैं।

जिससे अन्य वाहनों की आवागमन बाधित हो जाती है। इस मार्केट परिसर में वाहनों की पार्किंग की बेहतर व्यवस्था नहीं है और कुछ में तो पार्किंग की व्यवस्था है ही नहीं, जिस कारण से जो भी ग्राहक आते हैं वह अपनी मोटरसाइकिल मार्केट के बाहर रोड पर ही खड़ी कर देते हैं, जिस कारण से लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह ऐसा मार्ग है जो मेन रोड का मुख्य मार्ग पर वाहनों की संख्या कम हो इसलिए लोग डेली मार्केट होते हुए देख रोड, हिंदपीढ़ी होते हुए बड़ा तालाब, हरमू रोड निकालने के लिए इसी मार्ग का वैकल्पिक व्यवस्था ढूंढते हैं, लेकिन इस क्षेत्र में जिस तरह से अव्यवस्थित ढंग से मोटरसाइकिल लगाकर रखते हैं। एंबुलेंस,फायर ब्रिगेड तक निकलने की जगह नहीं बचती है, इस ओर ट्रैफिक पुलिस को जनहित में देखते हुए ध्यान देना चाहिए था।

## बैंकॉक में भारत और नेपाल के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बैठक



एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साऊद और भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के बीच सोमवार को बैंकॉक में बिम्सटेक सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के दौरान एक अलग बैठक हुई।भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्विटर के जरिए बैठक की जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि आपसी साझेदारी के लिए दोनों देशों के करीब रहने पर सहमति बनी है।नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि साऊद और जयशंकर के बीच बैठक में आपसी संबंधों और सहयोग पर चर्चा हुई।सोमवार को बिम्सटेक सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान ऊर्जा सहयोग, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे के विकास पर चर्चा की गई।

## दरोगा संध्या टोपनो के आरोपी ने किया सरेंडर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बीते 20 जुलाई 2022 को तुपुदाना थाना में पदस्थापित 2018 बैच की एसआई संध्या टोपनो की पशु लदे वाहन चालक ने जोरदार धक्का मार दिया जिसमें उसकी मौत हो गई थी।इस मामले मौके चालक सहित दो लोग की गिरफ्तारी हुई थी, दो लोग फरार चल रहे थे। जिसमें मामले में अभियुक्त महमूद कुरैशी को पुलिस गिरफ्तार करने में असफल रही और संध्या टोपनो का मृत्यु के एक साल पूरा होने से दो दिन पहले ही रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जिसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने महमूद के घर पर एक अप्रैल को इश्तेहार चिपकाया था, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। कहा जा रहा है कि महमूद ने पुलिस के दबाव में आकर कोर्ट में सरेंडर किया है। अब मामले में अभियुक्त महमूद कुरैशी से पुलिस मामले में पूछताछ करेगी।

### कैसा हुई थी घटना

बंता दें कि एसआई संध्या टोपनो हत्याकांड का यह मामला बीते 20 जुलाई 2022 का है। अहले सुबह करीब तीन बजे एसआई संध्या तोपनो तुपुदाना ओपी क्षेत्र के हुलहुंडू में वाहन चेकिंग कर रही थी, तभी उन्हें सूचना मिली थी कि गौ तस्कर पिकअप वैन से अवैध रूप से गोवंशीय पशु ले जा रहे हैं, एसआई संध्या टोपनो ने सामने से आ रही पिकअप वैन को जांच के लिए रोकना चाहा, लेकिन गौ तस्करों ने वैन रोकने के बजाय एसआई को ही कुचलते हुए वहां से निकल गए। इस घटना जख्मी संध्या को रिम्स में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई थी।इस मामले के बाद पुलिस ने मौके पर पशु और वाहन को जब्त कर लिया था।

# अजीत पवार समर्थक 30 विधायक मिले शरद पवार से

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से बगावत कर उपमुख्यमंत्री बने अजित पवार के समर्थक 30 विधायकों ने सोमवार को शरद पवार से मुलाकात की। इन विधायकों ने एक घंटे तक पवार से चर्चा करके महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बारे में विस्तार से बताया। इस मुलाकात के बाद राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल ने पत्रकारों को बताया कि हम लोगों ने कल शरद पवार से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया था। कल रविवार होने के कारण विधायक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में थे। आज विधानमंडल का सत्र शुरू होने के कारण सभी विधायक मुंबई में थे। इन विधायकों के कहने पर ही आज फिर हम बिना समय लिए यशवंतराव प्रतिष्ठान में आए और सभी विधायकों ने शरद पवार से मुलाकात करके उनके समक्ष अपनी बात रखी। प्रफुल्ल पटेल ने बताया कि सभी विधायकों ने राकांपा को एकजुट रखने का अनुरोध किया है। शरद पवार ने कल की तरह सभी विधायकों की बात सुनी, लेकिन कुछ कहा नहीं है। प्रफुल्ल पटेल के साथ रविवार को उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि झिरवल और 8 मंत्री शरद पवार से मिले थे। शरद पवार ने उन सबकी बात ध्यान से सुनी थी, लेकिन कुछ नहीं कहा था। आज भी शरद पवार ने इस संबंध में कुछ नहीं कहा है। इसलिए इस संबंध में राजनीतिक हलके में जोरदार चर्चा हो रही है।

# बच्चों का थैंक्यू मैम मेरा पुरस्कार : प्रथम महापौर

### गांधी उद्यान में लग रहा 17डी थिएटर, भूत बंगला, बुल राइडर एवं बंपर कार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर** : रविवार को प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने उनके द्वारा शिलान्यास किया गया व निगम द्वारा निर्मित मोहल्लों में बने दादा-दादी पार्क में लगे मल्टी प्ले स्टेशन का निरीक्षण किया। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं जब महापौर बनी थी, उस वक्त इस 100 वर्ष से भी पुराने शहर मेदिनीनगर में एक भी पार्क या घूमने का स्थान नहीं था और ना ही बच्चों के खेलने का समुचित व्यवस्था। उसी वक्त मैंने निर्णय लिया था कि शहर के अन्य कार्यो के साथ-साथ पार्क, ओपन जिम, माताओं,बहनों व बुजुर्गो को घूमने के लिए वाकिंग ट्रैक एवं बच्चों के लिए स्केटिंग जोन की समुचित व्यवस्था प्राथमिकता में करूंगी। कहा की आज मुझे खुशी है कि मेरी शानदार टीम 18/23 जिन्होंने मेरे हर निर्णय का बोर्ड में समर्थन किया। उनके प्रयास से निगम क्षेत्र में हम लोगों ने परिवार के साथ घूमने के लिए जहां शहर का बहुचर्चित कोयल रिवर फ्रंट को सजाया वही आज सैकड़ों लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। वही हम लोगों ने छोटे बच्चों के लिए गांधी उद्यान का निर्माण भी कराया। जहां हजारों बच्चों एवं महिलाओं की भीड़ हो रही है। इसी के साथ मोहल्ले में प्रतिदिन खेलने के लिए बच्चों को कुछ नहीं था। वही हम सबो ने प्रथम फेज में चैनपुर (सूर्य मंदिर),कोयल रिवर फ्रंट पार्क, रेडमा (रांची रोड), सिंचाई कॉलोनी, बाईपास एवं हमीदगंज सूर्य मंदिर परिसर में वर्ल्ड क्लास रंग-बिरंगे रबड़ फ्लोरिंग के साथ मल्टी प्ले स्टेशन लगवाई। जिसका आज बच्चे लुफ्त उठा रहे हैं। कल जब मैं दादा दादी पार्क में घूम रही थी उसी वक्त दो तीन बच्चों ने अचानक आकर जब मुझे ÷थैंक्यू मैम÷ कहा तो मुझे उनके चेहरे की खुशी और खिलखिलाहट देख मेरे द्वारा कराए जा रहे कार्यों की संतुष्टि हुई। उन भोले भाले बच्चों द्वारा बोला गया शब्द मेरे लिए किसी पुरस्कार से कम नहीं था। प्रथमा महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि जल्द ही शिवाजी मैदान में वाकिंग ट्रेक, लाइट, शौचालय, स्टेज, ग्रीन रूम बनकर तैयार होने वाला है। जहां माताएं बहने बुजुर्ग सुबह शाम सुरक्षित रूप से टहल सकेंगे। साथ ही गांधी उद्यान में बड़े शहरों की तर्ज पर अत्याधुनिक किड्स जोन का निर्माण भी चल रहा है। जिसमें अत्याधुनिक 70 डी थिएटर, भूत बंगला, बुल राइडर एवं बंपर कार रेस लगाया जा रहा है।

### पुंछ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**पुंछ :** जिले के सुरनकोट इलाके में सोमवार शाम को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। खबर है कि इस मुठभेड़ में दो से तीन आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हैं। इन आतंकियों को दबोचने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान चल रहा है। सोमवार को एक विशेष सूचना के आधार पर भारतीय सेना और पुलिस के एसओजी के जवानों ने सुरनकोट के पास सिंदाराह और मैदाना इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों पर आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबल भी जवाबी फायरिंग कर रहे हैं। माना जा रहा है कि इस मुठभेड़ में दो से तीन आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हैं। खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी थी।

## 22 से 26 जुलाई तक बल्लेबाज व गेंदबाजों के लिए फिटनेस कैंप आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन आगामी बीसीसीआई के डोमेस्टिक मैचों में भाग लेने वाली झारखंड सीनियर और अंडर-23 के टीमों की तैयारियां जोरों से शुरू कर दी है। इस तैयारी के क्रम में प्रथम चरण में खिलाड़ियों का फिटनेस कैसे ठीक हो इसके लिए 11 मई से 16 मई 2023 तक इंडिया टीम के पूर्व ट्रेनर रामजी श्रीनिवासन और उनकी टीम की देख रेख में फिटनेस कैम्प आयोजित हुआ था जिसमें श्रीनिवास और उनकी टीम द्वारा एक-एक खिलाड़ियों के फिटनेस का बारीकी से आंकलन किया गया और जो भी कमी खिलाड़ियों के फिटनेस में पाया गया उसे दूर करने के लिए आवश्यकतानुसार उनको सुझाव दिया गया।फिटनेस कैम्प के सफल आयोजन के पश्चात् तेज गेंदबाजों के लिए कैम्प आयोजन हुआ जो पूर्व अंतरराष्ट्रीय तेज गेंदबाज देवाशीष मोहंती के देख रेख में आयोजित हुआ। इस कैम्प में वैसे तेज गेंदबाजों को सामिल किया गया जो पहले चरण में आयोजित फिटनेस कैम्प में रामजी श्रीनिवासन द्वारा फीट घोषित किए गए थे। यह 7 दिवसीय कैम्प 2 जून से 9 जून तक चला इस कैम्प में भी मोहंती ने तेज गेंदबाजो के गेंदबाज़ी का बारीकी से आंकलन किये और आवश्यकतानुसार उन्हें उनके कर्मियों को दूर करने का टिप्स दिए ।अब तीसरे चरण का कैम्प 22 जुलाई से 26 जुलाई तक बल्लेबाज और गेंदबाजों दोनों के लिए आयोजित होने जा रहा है। जिसके लिए गेंदबाजों के लिए एक बार पुनः देवाशीष मोहंती को आमंत्रित किया गया। है और बल्लेबाजों के लिए पूर्व अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर क्रिकेटर और वर्तमान में कोलकता नाईट राइडर्स के कोच श्री अभिषेक नायर को बुलाया किया गया है। जो झारखंड के बल्लेबाजों के बल्लेबाजी में और कैसे सुधार किया जा सकता है उस पर काम करेंगे और बल्लेबाजों को अपने अनुभव का अधिक से अधिक लाभ देने का प्रयास करेंगे। उक्त जानकारी देवाशीष चक्रवर्ती सचिव / झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन ने दी।

# भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना रूस



एजेंसी

**नई दिल्ली।** रूस इतिहास में पहली बार भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। 2023 के पहले पांच महीनों (जनवरी-मई) में दोनों देशों के बीच व्यापार 27.1 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें भारतीय आयात का बड़ा योगदान है। व्यापार में यह पर्याप्त वृद्धि दोनों देशों के बीच मजबूत होते आर्थिक संबंधों को उजागर करती है। संयुक्त राज्य अमेरिका इस समय भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों पर आधारित गणना से पता चलता है कि 2023 के पहले पांच महीनों के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार 27.1 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि भारत ने रूसी वस्तुओं के आयात में वृद्धि की है, जिससे व्यापार 3.9 गुना बड़ कर 26.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इस उछाल ने भारत के दूसरे सबसे बड़े आयातक देश के रूप में रूस की स्थिति को मजबूत कर दिया है। इसके विपरीत रूस ने भी भारतीय उत्पादों के निर्यात में काफी बड़ोतरी की है, जिससे भारत से 2.6 गुना व्यापार बढ़कर 639 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। भारत और रूस के बीच व्यापार के बड़ते आंकड़े दोनों देशों के व्यापार संबंधों को प्रदर्शित करते हैं। द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि दोनों देशों के बीच आगे के आर्थिक सहयोग की संभावना को रेखांकित करती है। हालांकि, 2021 में रूस का मुख्य व्यापार भागीदार चीन था, क्योंकि दोनों देशों के बीच निर्यात और आयात का व्यापार लगभग 141 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था। तब तक चीन ने 41.1 अरब डॉलर के कारोबार के साथ भारत के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा था, लेकिन पूर्वी लद्दाख में गतिरोध शुरू होने के साथ साल-दर-साल इसमें 9.3त्न की कमी देखी गई।

### 1.44 लाख किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थ नष्ट किए गए : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मादक पदार्थ की तस्करी को राष्ट्रीय सुरक्षा से अलग करके नहीं देखा जा सकता है। इसलिए इसकी खरीद, बिक्री और तस्करी पर हमें पूर्ण प्रतिबंध लगाना होगा। इस अभियान में केन्द्र के साथ-साथ राज्य सरकारों सहित देश के हर नागरिक को अहम् भूमिका निभानी होगी।शाह ने सोमवार को अटल अक्षय ऊर्जा भवन में ड्रग्स तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्यों के एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के समन्वय से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने आज देश के विभिन्न हिस्सों में 1,44,000 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स को नष्ट किया है।

# 30 हजार से अधिक महिलाओं को मिला फूलो झानो आशीर्वाद अभियान का लाभ

### महिलाओं को 2,353 लाख रूपए से अधिक मिली ऋण की धनराशि

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** राज्य में हड़िया और शराब बिक्री एवं निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं के दिन बहुरने लगे हैं। मुख्यमंत्री के सार्थक प्रयास का प्रतिफल है कि 20 सितंबर 2020 को शुरू हुए इस योजना के जरिए हड़िया और शराब बिक्री एवं निर्माण कार्य से जुड़ी 30,013 महिलाओं ने सम्मानजनक आजीविका को अपने जीवन का आधार बनाया। आज ये महिलाएं समाज में बदलाव की कहानी गढ़ दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहीं हैं।

जागरूकता ने निभाया अहम किरदार, सरकार से मिला सहयोग

मुख्यमंत्री के निर्देश पर फूलो झानो आशीर्वाद अभियान का शुभारंभ हड़िया और शराब बिक्री एवं निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। अभियान का प्रथम चरण सितम्बर 2020 से प्रारम्भ हुआ। सर्वेक्षण के माध्यम से इस कार्य से जुड़ी महिलाओं की संख्या 15, 284 दर्ज की गई। इनके बीच जागरूकता अभियान चलाया गया, ताकि ये वैकल्पिक सम्मानजनक आजीविका गतिविधियों से जुड़ अपने जीवन को नई दिशा दे सकें। सरकार को इसमें सफलता मिली और 14, 243 महिलाओं को रोजगार के अन्य वैकल्पिक साधनों से जोड़ा गया। इस चरण में महिलाओं के बीच ब्याज मुक्त कुल 1,424.3 लाख ऋृण की सहयोग धनराशि उपलब्ध कराई गई। इसके बाद अभियान का दूसरा चरण 15 नवंबर 2021 से 28 दिसंबर 2021 तक संचालित किया गया। इसमें सर्वेक्षण के माध्यम से 9, 474 महिलाएं चिन्हित हुई। और 9, 291महिलाओं को वैकल्पिक सम्मानजनक आजीविका गतिविधियों से जोड़ने में सफलता मिली। इन्हें रोजगार के अन्य साधनों से जोड़ने के लिए 929.1 लाख ब्याज मुक्त धनराशि उपलब्ध कराई गई। इस तरह दो चरण में योजना के तहत 2,353.4 लाख की धनराशि महिलाओं को स्वरोजगार हेतु दिया गया। इसके बाद भी अभियान नहीं रुका हड़िया और शराब बिक्री एवं निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को चिन्हित करने का कार्य पूरे राज्य में चलता रहा। जिसका परिणाम है कि अबतक 30,013 महिलाओं को इस योजना से जोड़ बेहतर जीवन के अवसर प्रदान करने में राज्य सरकार को सफलता प्राप्त हुई है।